



# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 24 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल 09 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 183
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## आम चुनाव के लिए कांग्रेस की चौथी सूची;

# वाराणसी से अजय राय, राजगढ़ से दिग्विजय को टिकट

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की चौथी सूची जारी कर दी गई है। इसमें 45 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ लोकसभा सीट, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय वाराणसी से, इमरान मसूद सहारनपुर से, वीरेंद्र रावत हरिद्वार से और दानिश अली अमरोहा से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने राजस्थान की नागौर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के लिए छोड़ी है। सूची में मध्य प्रदेश की 12, उत्तर प्रदेश की नौ, तलिमनाडु की आठ, महाराष्ट्र की चार, राजस्थान की तीन, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड की दो-दो लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार और मिजोरम की एक-एक लोकसभा सीट के लिए भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी गई है।





### भोपाल, रीवा, शहडोल से ये हैं उम्मीदवार

रीवा से नीलम अभय मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा गया है। नीलम सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा की धर्मपत्नी हैं। शहडोल से फुंदेलाल सिंह मार्को प्रत्याशी होंगे, जो पुष्पराजगढ़ से विधायक हैं। वहीं होशंगाबाद से तेंदूखेड़ा के पूर्व विधायक संजय शर्मा को मैदान में उतारा है। भोपाल से अरुण श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है। वह भोपाल जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष हैं। उज्जैन के तराना से विधायक महेश परमार, मंदसौर से पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर और इंदौर से अक्षय बम को प्रत्याशी बनाया गया है।

### गुना में उलझा मामला

सूत्रों का कहना है कि गुना लोकसभा सीट को लेकर मामला उलझा हुआ है पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है जबकि स्थानीय स्तर पर उनके नाम को लेकर सहमति नहीं है जिसके चलते अभी इस सीट के प्रत्याशी को लेकर निर्णय नहीं हो पाया है। वहीं, मुरैना, ग्वालियर, दमोह, खंडवा और विदिशा के प्रत्याशियों को लेकर अभी मंथन किया जा रहा है।

### बालाघाट से सम्राट सरसवार, जबलपुर से दिनेश यादव पर भरोसा

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की 12 सीटों के प्रत्याशी शनिवार देर रात घोषित कर दिए। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एक बार फिर 33 वर्ष बाद राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, रतलाम लोकसभा सीट से कांतिलाल भूरिया को प्रत्याशी बनाया गया है। गुना लोकसभा सीट समेत छह सीटों के प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए नए चेहरों पर दांव लगाया है। बालाघाट से सम्राट सरसवार और जबलपुर से दिनेश यादव पर भरोसा जताया है। सागर से चंद्रभूषण सिंह गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। वह विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे। वह खुरई से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया था।



### विधायकों पर भी लगाया दांव

पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दो विधायकों पर दांव लगाया है। शहडोल से फुंदेलाल सिंह मार्को और तराना से महेश परमार अभी विधायक हैं। पहली सूची में फूल सिंह बरैया, सिद्धार्थ कुशवाहा और ओमकार सिंह मरकाम को टिकट दिया गया था।

## सीबीएसई ने 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द की, तीन विद्यालयों के ग्रेड कम किए

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के आरोप में 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी है, इस सूची में पांच दिल्ली के विद्यालय शामिल हैं। यह जानकारी बोर्ड के सचिव हिमांशु गुप्ता ने दी। सीबीएसई बोर्ड ने तीन विद्यालयों के ग्रेड का स्तर भी कम कर दिया है। बोर्ड के सचिव गुप्ता ने कहा, "यह पता लगाने के लिए कि क्या सीबीएसई स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं, देशभर के सीबीएसई विद्यालयों में किए गए एक औचक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ स्कूल डमी विद्यार्थियों और अयोग्य उम्मीदवारों को अपने स्कूल में दाखिले के लिए विभिन्न प्रकार के कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड को दुरुस्त नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, "गहन जांच के बाद 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द करने और तीन का ग्रेड कम करने का निर्णय लिया गया है। असंबद्ध किए गए विद्यालयों में दिल्ली के सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, नेशनल पब्लिक स्कूल, चांद राम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल, जबकि उत्तर प्रदेश के लॉयल पब्लिक स्कूल (बुलंदशहर), ट्रिनिटी वर्ल्ड स्कूल (गौतम बौद्ध नगर), क्रिसेंट कॉन्वेंट स्कूल (गाजीपुर) शामिल हैं। इसमें राजस्थान के सीकर स्थित प्रिंस यूसीएच माध्यमिक विद्यालय और जोधपुर स्थित ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर में द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल और विकॉन स्कूल, महाराष्ट्र में राहुल इंटरनेशनल स्कूल (ठाणे) और पायनियर पब्लिक स्कूल (पुणे), केरल में पीवीज पब्लिक स्कूल (मलप्पुरम) और मदर टेरेसा मेमोरियल सेंट्रल स्कूल (तिरुवनंतपुरम), असम के गुवाहाटी में साई आरएनएस अकादमी, मध्य प्रदेश में सरदार पटेल पब्लिक स्कूल (भोपाल), जम्मू-कश्मीर में करतार पब्लिक स्कूल (कठुआ) और उत्तराखंड में ज्ञान आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल (देहरादून) भी सूची में हैं। ग्रेड कम किए गए विद्यालयों में दिल्ली का विवेकानंद स्कूल, पंजाब के बठिंडा का श्री दशमेश सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल और असम के बारपेटा में श्रीराम अकादमी शामिल हैं।

इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले करोड़ों छात्र डमी स्कूलों में प्रवेश लेना पसंद करते हैं, ताकि वे पूरी तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकें। वे कक्षाओं में नहीं जाते हैं और सीधे बोर्ड परीक्षा में शामिल हो जाते हैं।

## खास खबर

### बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दो नक्सली ढेर

बीजापुर । बीजापुर में नक्सल प्रभावित पीडिया के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी इलाके में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाया गया है। इस एंटी नक्सल ऑपरेशन में बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के एसपी नजर बनाये हुए हैं। ऑपरेशन में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और कोबरा के जवान शामिल हैं। बीजापुर एसपी डॉक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि पीडिया के जंगलो में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। वहीं दूसरी ओर एंटी नक्सल ऑपरेशन में जाते हुए बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेज दिया गया है।

### बिना केवायसी वाले फास्टैग 1 अप्रैल से हो जाएंगे बंद

नई दिल्ली। अगर आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से केवायसी अपडेट नहीं कराई है तो जल्द ही करा लें। क्योंकि 31 मार्च के बाद बिना केवायसी वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा। एनएचआई ने फास्टैग कस्टमर्स से भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार फास्टैग के लिए केवायसी प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है, ताकि बिना किसी परेशानी के फास्टैग की सुविधा मिलती रहे। कस्टमर्स अब एक गाड़ी में सिर्फ एक फास्टैग यूज कर सकेंगे। एनएचआई के अनुसार फास्टैग यूजर्स को एक वाहन, एक फास्टैग नीति का पालन करना होगा और पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को अपने संबंधित बैंकों को वापस करना होगा। अब सिर्फ नए फास्टैग अकाउंट एक्टिव रहेंगे। एनएचआई ने फास्टैग से टोल वसूलने के लिए टोल प्लाजा के वेटिंग टाइम को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए एक वाहन, एक फास्टैग अभियान शुरू किया है। कहा जा रहा है कि एनएचआई ने यह पहल एक गाड़ी के लिए कई फास्टैग जारी करने और आरबीआई के नियमों का उल्लंघन कर केवायसी के बिना फास्टैग जारी किए जाने की हालिया रिपोर्टों के जवाब में की है।

### बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के 2 संदिग्धों की पहचान

बेंगलुरू। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने संदिग्ध की पहचान कर ली है। आरोपी का नाम मुसाविर हुसैन शाजिब है। वह कर्नाटक के तीर्थहल्ली जिले के शिवमोग्गा का रहने वाला है। जांच एजेंसी ने शाजिब के एक और साथी की पहचान की है। उसका नाम अब्दुल मतीन ताहा है। ताहा तमिलनाडु पुलिस इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के लिए वांटेड था और चेन्नई में मुख्य संदिग्ध के साथ रहा था।

### एअर इंडिया पर 80 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली । एअर इंडिया पर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन्स और फटीग मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित नियमों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है। डीजीसीए ने हाई लेवल की सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए नियमों के अनुपालन को लेकर जनवरी महीने में एअर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किया था। ऑडिट के दौरान डीजीसीए ने पाया कि कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए उड़ानें संचालित कीं।

## 2019 की आयकर तलाशी के कारण कांग्रेस के बैंक खाते बंद?

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका को खारिज करने की मुख्य वजह, आयकर विभाग द्वारा अप्रैल 2019 में कांग्रेस नेताओं के यहां तलाशी ली गई थी। तलाशी के दौरान जो दस्तावेज मिले थे। उसमें विधानसभा चुनाव 2018 और 2013 के दौरान बेहिसाबी लेनदेन का उल्लेख था। आयकर विभाग ने डायरी, एक्सेल शीट के माध्यम से चुनाव लड़ने वाले सांसदों और विधायकों को धन बांटने ओर शराब निर्माता और अन्य संस्थाओं द्वारा चंदा लेकर भुगतान करने का विवरण था।

आयकर विभाग ने 523 करोड रुपए के बेहिसाबी लेनदेन के पर्याप्त सबूत के आधार पर कार्रवाई की है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र कौरव ने, आयकर विभाग के री असेसमेंट के निर्णय को सही मानते हुए,याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह, विधायकों,सांसदों तथा एआईसीसी के मुख्यालय से जो लेनदेन हुए थे। उन सबका उल्लेख आयकर विभाग ने किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने 45 पेज में अपना फैसला दिया है। कांग्रेस द्वारा दायर की गई सभी तीन याचिकाओं को खारिज किया है।

## टीएमसी नेता महुआ के कई ठिकानों को सीबीआई ने खंगाला

कोलकाता। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का मामलें में फंसी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के यहां सीबीआई द्वारा छापेमारी की गई है। महुआ से जुड़ी कई जगहों पर रेड मारी गई।

बता दें कि लोकपाल ने सीबीआई को निर्देश दिया कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच की जाए। इसके साथ ही लोकपाल ने जांच एजेंसी को छह महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है। इससे पहले लोकपाल ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद पूरी जानकारी का सावधानी से मूल्यांकन करने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि महुआ के खिलाफ लगाए गए आरोप, जिनमें से अधिकांश में ठोस सबूत हैं, उनके पद को देखते हुए बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। सीबीआई कैश-फॉर-क्वेरी मामले में तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े कोलकाता में कई स्थानों पर तलाशी ले रही है। यह घटनाक्रम केंद्रीय एजेंसी द्वारा महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के कुछ दिनों बाद आया है।

सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शनिवार को कथित कैश-फॉर-क्वेरी मामले में कोलकाता सहित कई स्थानों पर पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमें शनिवार तड़के कोलकाता और अन्य शहरों में मोइत्रा के आवास पर पहुंचीं, तलाशी कार्यवाही की जानकारी दी और ऑपरेशन शुरू किया। दरअसल लोकपाल ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष प्राप्त करने के बाद सीबीआई को ये निर्देश जारी किए है। लोकसभा सांसद दुबे ने आरोप लगाया कि मोइत्रा ने उद्योगपति गौतम अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य पर हमला करने के लिए दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से कैश और गिफ्ट लिए और उसके बदले में सदन में सवाल पूछे थे। मोइत्रा को 'अनैतिक आचरण' के लिए दिसंबर में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। पूर्व सांसद ने अपने निष्कासन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और वह आगामी आम चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से टीएमसी उम्मीदवार के रूप में फिर से मैदान में होंगी।



## कांग्रेस के 6 बागी विधायक भाजपा में शामिल



शिमला । हिमाचल कांग्रेस के 6 बागी विधायकों ने शनिवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पार्टी मुख्यालय में इन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इन बागी विधायकों ने हिमाचल में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया था। जिससे कांग्रेस कैंडिडेट हार गए थे। इन विधायकों में सुजानपुर से राजेंद्र राणा, धर्मशाला से सुधीर शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और गगरेट से चैतन्य शर्मा शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 6 विधायकों के भाजपा में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस के वादे ठीक वैसे ही झूठे थे, जैसे राजस्थान व छत्तीसगढ़ में थे। इसका प्रमाण छह विधायकों का पार्टी छोड़ना है। भाजपा ने सभी बागी विधायकों को उपचुनाव में टिकट देने का भरोसा दिया है। बताया जा रहा है कि बागी विधायक अब सुप्रीम कोर्ट में अपनी सदस्यता बचाने को दी गई याचिका भी वापस ले लेंगे।

### पंजाब में जहरीली शराब से 20 की मौत

सुनाम । पंजाब में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या अब 20 हो गई है। पुलिस अब तक 2 एफआईआर दर्ज करने के साथ एक महिला सहित 8 लोगों को पकड़ चुकी है। वहीं मामले की जांच के लिए एडीजीपी कानून व्यवस्था गुरिंदर ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन कर दिया गया है। इसमें डीआईजी पटियाला रेंज हरचरण भुल्लर , एसएसपी संगरूर सरताज सिंह चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे जांच की निगरानी करेंगे।

संगरूर के सिविल सर्जन डॉ. कृपाल सिंह ने कहा कि बुधवार से अब तक हमारे पास 40 मरीज आए हैं। 40 में से 20 मरीजों की जान चली गई है। बाकी 20 में से 11 को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। 6 को संगरूर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन मरीज डॉक्टर से परामर्श किए बिना चले गए। शनिवार को पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा ने पीड़ित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति सरकारी ठेके से शराब खरीद कर मरता है तो उसके लिए सरकार जिम्मेदार है। अगर सस्ती शराब किसी अन्य से खरीदता है तो उसके लिए सरकार कैसे जिम्मेदार हो सकती है।

वहं पुलिस की तरफ से शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। मृतकों का इस दौरान विसरा लिया जाएगा। जिसके बाद इन सभी की मौत का सही कारण पता चल जाएगा। कुल आठ लोग गिरफ्तार पुलिस ने मामले में चीमा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है।

## आप के एक और नेता पर शिकंजा, विधायक गुलाब सिंह के ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के कई नेता जेल में हैं। यहां तक की पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी गिरफ्तार हो चुके हैं। इनके साथ ही आम आदमी पार्टी के नेता और मटियाला विधायक गुलाब सिंह यादव भी ईडी के शिकंजे में आ गए हैं। उनके कई ठिकानों में पर छापेमारी की गई। ईडी की टीम शनिवार सुबह मटियाला से आप विधायक गुलाब यादव के ठिकानों पर रेड करने के लिए पहुंची है। पार्टी ने कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि लगातार ईडी की कार्रवाई से साफ है कि जांच एजेंसी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है, जिससे कि कोई भी नेता केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज न उठा सके। दो दिन पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया और अब हमारे विधायकों को टारगेट किया जा रहा है। गुलाब सिंह गुजरात में आम आदमी पार्टी के प्रभारी रह चुके हैं। 2016 में उन्हें फिरौती के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल यह कार्रवाई किस मामले में हो रही है इसका पता नहीं चल पाया है। दो बार के विधायक गुलाब सिंह यादव को नगर निगम चुनाव में टिकट बेचने के आरोप में अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ा था। पिछले साल नवंबर 2022 में एक वीडियो सामने आया था जिसमें कार्यकर्ता कथित तौर पर आप विधायक की पिटाई करते दिखे थे। दरअसल, आप विधायक गुलाब श्याम विहार इलाके में एमसीडी चुनाव को लेकर एक बैठक कर रहे थे।

## लोहे का बना है, आपका भाई आपका बेटा

### केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, सीएम का वीडियो मैसेज को पढ़कर सुनाया

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों ईडी की गिरफ्त में हैं। उन्हें गिरफ्तार करने को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता समेत अन्य सहयोगी दल भी केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आज शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीएम के द्वारा जेल से भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुनीता ने कहा, कि मेरे प्यारे देशवासियों, मुझे गिरफ्तार कर लिया गया है। अब मैं अंदर रहूं या बाहर, हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश को समर्पित है। मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए ही है। उन्होंने आगे कहा- इस पृथ्वी पर मेरा जीवन ही संघर्ष हेतु हुआ है। इसीलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचंभित नहीं करती। पिछले जन्म में अवश्य ही मैंने पुण्य किए रहे होंगे, जो मैं भारत जैसे महान देश में पैदा हुआ। हमें मिलकर भारत को फिर से महान बनाना है। देश के अंदर और बाहर ढेरों ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत को कमजोर कर रही हैं। सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने इसी के साथ कहा कि हमें सचेत रहना है और इन शक्तियों को पहचानना है और हराना भी है। भारत में ऐसी ढेर ताकतें हैं, जो देशभक्त हैं और भारत को आगे बढ़ाना चाहती हैं। इन ताकतों के साथ जुड़ना और इन्हें मजबूत करना है। संदेश पढ़ते हुए उन्होंने आगे कहा, कि दिल्ली की मेरी मां-बहनें सोच रही होंगी कि केजरीवाल तो अंदर चले गए पता नहीं 1000 रूपए मिलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसी सलाखें नहीं बनी हैं जो आपके भाई और बेटे को कैद करके रख सकें। आगे पढ़ते हुए उन्होंने कहा, कि मैं जल्द ही बाहर आऊंगा और अपना वादा भी पूरा करूंगा। उन्होंने कहा, क्या आज तक ऐसा हुआ है कि केजरीवाल ने कोई वादा किया हो और वो पूरा नहीं हुआ हो।

### चुनावी बॉन्ड को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा-

## राजनीतिक दलों को अपना कामकाज चलाने के लिए पैसे की जरूरत होती है

### कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को फंड देती हैं, भारत में ऐसी व्यवस्था नहीं है

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड को लेकर भारत की सबसे बड़ी अदालत अपनी नाराजगी जता चुकी है और उसने इसको लेकर कई बार एसबीआई का फटकार भी लगाई और उनसे इसका पूरे लेने देने का ब्यौरा मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया है। अब चुनावी बॉन्ड को लेकर बीजेपी के कद्दावर नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा कि बिना पैसे के राजनीतिक पार्टी चलाना संभव नहीं है। चुनावी बॉन्ड योजना लाने के पीछे हमारी मंशा अच्छी थी।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने बयान में कहा कि हमने राजनीतिक दलों को वित्तीय तौर पर मजबूत रखना चाहा। चुनावी बांड शुरू करने के पीछे हमारा मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे पैसा मिले, लेकिन इसमें दाताओं के नाम का खुलासा नहीं किया जाता है, क्योंकि इससे सत्ता में रहने वाली पार्टी बदलती है तो समस्याएं उत्पन्न होती हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपना कामकाज चलाने के लिए पैसे की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि बिना पैसे के राजनीतिक पार्टी चलाना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2017 में अच्छे इरादे के साथ चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दे दिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर कोई और निर्देश देता है, तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठकर विचार-विमर्श करना चाहिए। उन्होंने गडकरी ने गांधीनगर में एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जब अरुण जेटली केंद्रीय वित्त मंत्री थे, मैं उस समय चुनावी बॉन्ड के संबंध में हुई बातचीत का हिस्सा था. कोई भी पार्टी संसाधनों के बिना नहीं चल सकती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को फंड देती हैं। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

## 35 समुद्री लुटेरों को लेकर मुंबई पहुंचा आईएनएस कोलकाता

कोलकाता,। आए दिन अरब सागर में समुद्री लुटरों द्वारा जहाजों को लुटने से कई देश परेशान थे। इसे लेकर भारतीय नौसेना एक अभियान चला और इस अभियान को नाम दिया ऑपरेशन संकल्प। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय नौसेना ने कई जहानों को लुटने से बचाया और लुटरों को भागने का मजबूर किया और कुछ लुटेरो को बंधक भी बनाया। भारतीय नौसेना के 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत की गई कार्यवाही में पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर मुंबई पहुंचा युद्धपोत आईएनएस कोलकाता। नौसेना ने इसकी जानकारी दी। उसने कहा कि यहां लाने के बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा प्रदान की जा सके। नौसेना ने कहा कि आईएनएस कोलकाता पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर शनिवार को मुंबई पहुंचा। समुद्री लुटेरों पर भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती-रोधी अधिनियम, 2022 के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नौसेना ने कहा कि विशिष्ट सूचना के आधार पर 15 मार्च को सुबह शुरू हुए 40 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों के जहाज 'एक्स-एमवी रुएन' को रोका।

# गांव में घुसकर जंगली भालू ने 03 और सुअर ने 04 लोगों पर किया प्राण घातक हमला



**कटंगी ( पद्मेश न्यूज )। कटंगी तहसील के ग्राम सावंगी में एक जंगली भालू यानी की रीछ गांव में घुस आया और 03 लोगों पर हमला कर दिया. भालू के हमले से घायल हुए तीनों ही लोगों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया. घटना शनिवार की सुबह 07 बजे के बाद की बताई जा रही है. वन परिक्षेत्र कटंगी सर्किल के तहत आने वाले सावंगी गांव में सुबह भालू ने जमकर आतंक मचाया. खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण के साथ दो अन्य ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दिया. घायल पोतनलाल बिसेन, उमेश उपरीकार, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा को कटंगी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है. घटना के बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची जिसने भालू की तलाश शुरू कर दी है. विभाग ने खेतों से भालू के पदचिन्ह चिन्हित किए है. वहीं दूसरी घटना महकेपार सर्किल के ग्राम देवरी की है. यहां पर वन्य प्राणी जंगली सुअर ने गांव के भीतर आकर 04 लोगों पर हमला कर दिया. जंगली सुअर के हमले से 60 वर्षीय महिला श्यामकला ठाकरे, सुरेन्द्र पिता झनकलाल और उदयलाल पिता बाबूलाल घायल हुए है. यह तीनों देवरी के निवासी है. उदयलाल को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया. वहीं गोरेघाट निवासी दीपक राउत पर भी जंगली सूअर ने हमला किया. दीपक अपने गांव से पौनारखारी काम पर जा रहा था. घटना के बाद चारों घायलों को उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महकेपार ले जाया गया था. बता दें कि अब हर साल गर्मी पड़ते ही वन्य प्राणियों का रिहायशी क्षेत्रों की ओर आना आम हो यहा है. सूत्रों की माने तो जंगल में पानी खत्म होने से वन्य प्राणी गांव की ओर चले आ रहे हैं और उनका लोगों से आमना-सामना होने या फिर पानी नहीं मिलने पर वो हिंसक हो जाते हैं।**

## वन्य प्राणियों की गांव में दस्तक खतरे का संकेत

वन्य प्राणियों का गांव में दस्तक देने की घटनाएं मानव जीवन पर खतरे का संदेश दे रही है. इस तरह की घटनाएं सामान्य जरूर दिखाई दे रही है. मगर, यह भविष्य में मानव और वन्य प्राणियों के बीच द्वंद की चुनौतियों की तरफ इशारा कर रही है. इसके साथ ही वनों से सटे ग्रामीण इलाकों के लोगों को सावधानी बरतने या फिर वन्य प्राणियों के साथ गुजर-बसर करने के लिए अभी से तैयार होने और सतर्क होने का सबक दे रही है. चूंकि जंगल में मिश्रित वन तेजी से घट रहे है और तेजी से सागौन के प्लांटेशन उनकी जगह ले रहे है. निश्चित तौर पर ऐसा करने से वन विभाग को मोटा राजस्व मिल रहा होगा. लेकिन मिश्रित वन घटने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है. जिसकी चिंता करते हुए कुछ साल पहले पठार संघर्ष समिति संयोजक ग्राम पंचायत आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने सागौन के पेड़ों को प्रकृति सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए मिश्रित वनों को तैयार करने पर जोर दिया था. दरअसल, सागौन के पेड़ों के जंगल में रहने से उसके आसपास घास उगना बंद हो जाती है. सागौन के पेड़ों के बड़े पत्ते ठंड के मौसम में ओस और धूप को जमीन तक नहीं आने देते और पतझड़ में पत्ते झड़ने पर इन पेड़ों के नीचे छाया भी नहीं होती. जिससे वन्य प्राणियों को इन पेड़ों से कोई फायदा नहीं पहुंच पाता. सागौन के प्लांटेशन से जंगल में शाकाहार वन्य प्राणियों को भोजन (घास) नहीं मिल पाता और शाकाहार वन्य प्राणी जंगल से भोजन की तलाश में निकलकर गांवों के करीब तक आते है. खासतौर से अभी जब रबी के सीजन में किसानों के खेतों में धान, गेहूं, अलसी, लखोरी और तुअर जैसी प्रमुख फसल लगी होती है तो इसे चट कर जाते है. क्योंकि वन्य प्राणियों को बरसात और ठंड के मौसम में तो जंगल के भीतर ही भोजन मिल जाता है परंतु गर्मी का मौसम आते ही इन पर भोजन का संकट मंडराने लगता है।

## इसलिए जरूरी है कि सोनेवानी का अभ्यारण बनना

जानकारों की मानें तो वन्य प्राणियों की आबादी तक आने की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है. जिसके लिए सोनेवानी को अभ्यारण बनाने की जरूरत है. जिसकी काफी लंबे समय से मांग की जा रही है. दरअसल, कान्हा और पेंच नेशनल पार्क के बीच कटंगी, वारासिवनी और लालबर्रा तहसील क्षेत्र का जंगल वन्य प्राणियों के लिए सेतु (कॉरिडोर) का काम करता है. इन तीनों ही तहसीलों के बीच का एक हिस्सा है सोनेवानी, जिसे अभ्यारण बनाने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है. अगर सोनेवानी को अभ्यारण्य बनाया जाता है तो निश्चित तौर पर वन्य प्राणियों को आबादी तक आने से रोका तो नहीं जा सकता परंतु सोनेवानी के अभ्यारण बनने से सुविधाओं में इजाफा होगा. मौजूदा वक्त में वन विभाग के पास आधुनिक संसाधनों की कमी से जूझ रहा है. डॉग स्क्वायड, पशु चिकित्सा विशेषज्ञ, रेस्क्यू टीम नही है. ऐसे में जब भी वन्य प्राणियों से जुड़ी कोई बड़ी घटना होती है तो वन विभाग को कान्हा से इन सुविधाओं को बुलवाना पड़ता है. है. दरअसल, मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला हुआ है. वहीं इस स्टेट में बालाघाट जिले को टाइगर डिस्ट्रिक्ट का दर्जा मिला हुआ है. इसमें भी सबसे खास बात यह है कि बालाघाट ओपन फारेस्ट है।

## मिश्रित वनों पर ध्यान दे सरकार

कहने को तो कटंगी क्षेत्र के करीब 25 हजार हेक्टेयर यानी की एक बड़े हिस्से में जंगल है. मगर, इस जंगल की एक कड़वी सच्चाई यह है कि इसमें मिश्रित पेड़ कम है. किसी समय में इंसान ने अपनी जरूरत के लिए जंगल से अलग-अलग पेड़ों की कटाई की लेकिन अब सरकार की सागौन प्लांटेशन की नीति मिश्रित वनों को कम कर रही है. इसके साथ ही बड़ती हुई मानव आबादी ने अब जंगलों के नजदीक बसाहट कर रही है. वन विकास निगम जिसके वरिष्ट अधिकारियों को जरूरत है वनों को सरकार की कमाई का जरिया ना बनाए बल्कि मिश्रित वनों को विकसित करने पर जोर दे. एक मशहूर गीत है पंछी, नदिया, पवन के झोंके कोई सरहद ना इन्हें रोके सरहदें इंसानों के लिए हैं बस इसी मशहूर गीत को याद करते हुए सरकार और जनमानस को काम करना होगा. पर्यावरण के प्रति लापरवाह नहीं बल्कि गंभीर होने की जरूरत है. अन्यथा मानव जीवन के लिए आने वाले दिन सुखमय नहीं बल्कि कष्ट कारी बनकर सामने आएंगे।

# नन्हें रोजेदार कर रहे अल्लाह की इबादत



कटंगी (पद्मेश न्यूज)। रमजान के इस पाक माह में नन्हे रोजेदार भूखे-प्यासे रह कर अल्लाह की इबादत करते हुए देखे जा रहे है. रमजान में बड़ों के साथ छोटे बच्चे भी रोजा रखकर खुदा की इबादत में पीछे नहीं है. यह मासूम रोजा रखकर पांच वक्त का नमाज अदा कर खुदा के आगे सजदा कर रहे हैं. सेहरी और इफ्तार भी समय पर कर रहे हैं. कटंगी शहरी क्षेत्र में दर्जनों ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने पहली बार रोजा रख नियम का पालन भी कर रहे हैं. इन्हीं बच्चों में 04 साल का मोईन और माहिरा मेमन भी शामिल है. ये भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं. इनके अभिभावक कहते हैं कि रहमत और बरकत का महीना माह-ए- रमजान में बच्चों को रोजा रखते देखना काफी खुशियों से भरा क्षण होता है।

# वार्ड क्रमांक 03 युवा चौपाल 400 पे चर्चा का हुआ आयोजन

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी मिशन 2024 लोकसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जो ?ने के लिए बूथ कनेक्ट युवा चौपाल 400 पे चर्चा कार्यक्रम चला रही है. जिसके तहत नव मतदाताओं को जागृत करने का काम किया जा रहा है. शनिवार को




नगर के वार्ड क्रमांक 03 में युवा चौपाल का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, आंनद कोछड़, पवन राणा, भाजयुमो ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांश राउत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चम्मुलाल उइके सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे. इस मौके पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि आपस के तमाम मतभेदों को भूलाकर इस चुनाव को लड़ना है. भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिला, किसान, गरीब सभी के कल्याण के लिए काम करती है. उन्होंने चौपाल लगाकर योजनाओं के बारे में बताया और एक बार फिर से केंद्र में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया।

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गत 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस तथा 22 मार्च 2024 को विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बच्चों व युवाओं को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं पर्यावरण सरंक्षण थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ शरणागत फारेस्ट रेंजर बिरसा परिक्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में निर्णायक समिति के द्वारा जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण सरंक्षण, जल प्रबंधन इत्यादि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी के प्रस्तुतीकरण, स्वच्छता एवं प्रदर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रकृति भ्रमण के लिये चयनित किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की महत्ता, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक प्रबंधन जैसे अति महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर छात्रा-छात्राओं को संबोधित कर प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी जय प्रकाश यादव(उमाशि), पूजा कुशरे(उमाशि),उम्मेद केलकर(उमाशि), ओजस्वी चौधरी, ज्योति राहंगडाले, अजय वैध, द्रोण पटले, धनेश पटले, राजेंद्र सहारे, लक्ष्मण धुर्वे एवं अन्य समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ।




# मोवाड़ से सालेटेकरी, कंजई से बहेला तक चारों दिशाओं में मतदान का संदेश लेकर निकलती है बसें

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आम लोकसभा निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए स्वीप प्लान



के तहत मतदाता जागरूकता ने जिले में जोर पकड़ा है। अब जिले की चारों दिशाओं में अन्य जिलों व राज्य की सीमाओं पर गाँवो तके बसे मतदान तारीख के साथ मतदान समय और मतदान के महत्व बताते हुए पहुँच रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान स्वीप गतिविधि में हर एक बस जो गांव- गांव खेड़ों तक व जिले की सीमाओं तक पहुँचती है। सभी बसों में फ्लेक्स बैनर चस्पा किये गए है। जिले में ऐसे 200 रूट पर बसें चल रही है जो लगभग सभी को तक पहुँच बना रही है।

# हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय महाविद्यालय लांजी द्वारा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं ईएलसी नोडल प्रो कांता वर्मा के सरंक्षण में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान,सेल्फी कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इसी क्रम में नव मतदाताओं को अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप कौरव द्वारा मतदाता प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। हस्ताक्षर अभियान के इस कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं ने डमी मतदान प्रक्रिया को भी सीखा।

# बचपन प्ले स्कूल में रंगोत्सव का हुआ आयोजन

## नन्हे मुन्ने बालक / बालिकाओं ने एक दूजे को रंग लगाकर मनाया उत्सव

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के बचपन प्ले स्कूल में होली उत्सव के अवसर पर २३ मार्च को रंगोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बचपन प्ले स्कूल एवं अकादमिक हाइट पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।जिसमें स्कूल मैदान में होली के गीत बजाकर चंदन के उकटन और गुलाल के विभिन्न रंगों से यह उत्सव मनाया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा एक दूसरे को रंग लगाकर यह उत्सव मनाया गया ।जहां पर कई बच्चे रंग लगाने से बचते नजर आए और उनके मित्र उनके पीछे दौड़ते रहे। हालांकि इस दौरान जमकर एक दूसरे के साथ बच्चों के द्वारा रंग खेला गया। वहीं होली के गीतों पर भी वह जमकर नृत्य करते नजर आयें। पद्मेश से चर्चा में बचपन प्ले स्कुल की प्राचार्य श्रीमती अमिता पारधी ने बताया कि होलिका दहन २४ मार्च को होना है । उस दिन रविवार होने के कारण एक दिन पहले रंग उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान होली दहन नहीं की गई है क्योंकि वह २४ मार्च को होगी ।हालांकि क्लास में बच्चों को होली उत्सव के संबंध में जानकारियां दी गई कि यह पर्व क्यों मनाया जाता है। इसके बाद बच्चों के द्वारा होली के गीतों पर नृत्य कर रंग खेल कर उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों के द्वारा जमकर आनंद लिया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



# सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 मार्च घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। सीएम राईज विद्यालय बालाघाट से प्राप्त जानकारी अनुसार केजी-01, केजी-02 एवं पहली कक्षा में प्रवेश के चयन फार्म 16 मार्च से 23 मार्च तक की अवधि निश्चित की गई थी। इस तिथि में संसोधन करते हुये अब प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। वहीं 30 मार्च सुबह 11 बजे चयन प्रक्रिया भी प्रारंभ की जायेगी।

# स्वीप गतिविधि अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन कर दिलाई गई मतदान की शपथ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं डीएस रणदा के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। जिसके अंतर्गत कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन जपं वारासिवनी के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन विकासखण्ड वारासिवनी ब्लॉक स्तर में एवं ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतो में किया गया जिसमें कृषक भाई, बहने, सचिव, जीआरएस, कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक विकास खंड प्रबंधक, स्वीप सहायक नोडल समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक पीएमवायजी, स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित हुए, जिसमें कृषक भाई बहनों को लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मत के अधिकार का उपयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई एवं राष्ट्र के इस महा पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग कर शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।




परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# बिना परमिशन लिए डीजे बजाकर हुड़दंग मचाने पर होगी कार्रवाई

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। होलिकात्सव के साथ ही आगामी समय में हिंदू नववर्ष, गुड़ी पाड़वा, चेट्रीचंड, ईद सहित अन्य त्योहार है। इन त्योहारों के दौरान लोग त्योहार आपसी भाईचारा का परिचय देकर मनाए और सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त रहे इस उद्देश्य से शनिवार को स्थानीय कंट्रोल रुम में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया और त्योहारो के दौरान कहा कोन से इंतजाम करने है व सुरक्षा कैसी रहेगी इस पर कोतवाली निरीक्षक प्रकाश वास्कले ने शांति समिति के पदाधिकारियो के साथ विचार-विमर्श किया हैं।**



### होली के दौरान डीजे की परमिशन जरुरी

बैठक में ये निर्णय लिया गया कि लोकसभा की आदर्श आचार संहिता को देखते हुए दो बाक्स की परमिशन लेने के बाद डीजे बजाए जाएंगे लेकिन इस दौरान अनावश्यक रुप से हुड़दंग न हो इसके भी ध्यान रखना होगा अन्यथा हुंड़दंगियों पर कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में बताया गया कि होली के दौरान बहुत अधिक शोर-शराबा न किया जाए वाहनों को चलाने के दौरान नियमों का पालन किया जाएगा क्योकि चौक-चौराहो पर पुलिस बल तैनात रहेगा और नियमित चेकिंग करेगा ऐसे में किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचने के लिए सभी नियमों का पालन करेंगे।

### रामनवमीं पर सजेगा नगर

बैठक में बताया गया कि आगामी 09 अप्रैल से हिंदू नववर्ष की शुरुआत हो रही है और इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसी कड़ी में रामनवमीं के अवसर पर पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा जिसके लिए तीन पहले से ही तैयारी प्रारंभ की जाएगी। वहीं चांद दिखने की स्थिति 10 अप्रैल को ईद का पर्व मनाया जाएगा और नहीं दिखने की स्थिति में 11 अप्रैल को पर्व मनाया जाएगा। पुलिस लाइन स्थित ईदगाह में नमाज पढ़ी जाएगी। साथ ही बैशाखी पर्व के साथ ही ईसाई समाज द्वारा रविवार को निकाली जाने वाली शांति रैली पर भी चर्चा की गई हैं।

### वैनगंगा नदी के घाटों में रहेंगे सुरक्षा के इंतजाम

होलिकात्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए और दौरान किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना घटित न हो इसके लिए वैनगंगा नदी के जागपुर घाट, गाखयुरी घाट, आमाघाट, शंकरघाट, बजरंग घाट समेत अन्य स्थानों पर पुलिस का बल तैनात किया जाएगा और नदी पहुंचने वालों पर नजर रखी जाएगी। बैठक के दौरान तहसीलदार, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा, नगर अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सुमित मंगलानी, अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर शेख सुभान मंसूरी,पूर्व सदर अनीश मेंमन सहित मुस्लिम समाज के अन्य पदाधिकारी, ईसाई समाज के पदाधिकारी सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने आपसी भाईचारा के साथ त्योहारों को मनाने की बात कहीं हैं।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में बैठक की। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे तथा अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को मजबूत करने के संबंध में अपनी बातें रखीं। वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को उनके क्षेत्र में मजबूत करने के लिए जो जिम्मेदारी व कार्य देगी, उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। इसी तरह पूर्व विधायक हिना कावरे ने कहा कि बालाघाट व सिवनी संसदीय क्षेत्र में माहौल कांग्रेस के पक्ष में है। वह विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके आई हैं, वहां पार्टी के पक्ष में माहौल नजर आया। नेताओं ने लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने और रणनीति बनाने की बात कही। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व बैहर विधायक संजय उइके, वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक हिना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, कांग्रेस नेत्री अंजू जायसवाल, रचना लिल्हारे, शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी, जीतू बर्वे सहित बड़ी संख्या में जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पुलिस ने आगामी पर्व को लेकर शहर में निकाला फ्लैग मार्च

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रविवार को होलिका दहन और सोमवार को धुरेड़ी पर्व के मौके पर बालाघाट पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च कोतवाली थाने से निकाला गया, जो सर्किट हाउस रोड, एमपीइबी कार्यालय रोड से होते हुए क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोतवाली पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में सीआरपीएफ और कोतवाली पुलिस का बल मौजूद रहा। जवानों ने कदम ताल करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सीआरपीएफ के असिस्टेंट



कमांडेंट नवीन सोलंकी, नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश वास्कले, यातायात थाना प्रभारी आकाश चौहान सहित बड़ी संख्या में पुलिस व सुरक्षा बल मौजूद रहा। गौरतलब है कि जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने और असामाजिक तत्वों को आगह करने के मकसद से पर्व से पहले फ्लैग मार्च निकाला गया। कोतवाली निरीक्षक प्रकाश वास्कले ने बताया कि शहर में सभी आपसी भाईचारे और प्रेमभाव से पर्व मनाएं, यही संदेश देने के लिए यह आयोजन किया गया है। साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देजनर शहर में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखना भी फ्लैग मार्च का उद्देश्य है।

# महाविद्यालय परसवाड़ा में मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं डीएस रणदा के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। इसी कड़ी में जपं परसवाड़ा में रितेश चौहान के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। वहीं चुनाव का पर्व देश का गर्व शत्-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विरोध और निस्वार्थ मतदान का संकल्प लिया गया। साथ ही रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा के छात्र-छात्राओं को मतदान में सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान करने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु समझाइए दी गई। साथ ही मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान में सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प लिया गया व जनमानस को संदेश दिया गया।

# शहादत दिवस पर पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने निकाली रैली

## जनसभा को संबोधित कर शहीद ए आजम को किया याद, विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देकर मोदी सरकार पर साधा जमकर निशाना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ देश के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने वाले भारत मां के वीर सपूत शहीद ए आज़म शहीद भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव जी जैसे महान क्रांतिकारी की शहादत दिवस पर शनिवार 23 मार्च को क्रांतिकारी नेता पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के नेतृत्व में राम मनोहर लोहिया चौक से शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय तक कंकर मुंजारे और उनके साथियों द्वारा एक रैली निकाली गई। इस रैली में शहीद भगत सिंह अमर रहे राजगुरु सुखदेव जी अमर रहे इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे लगाए गए एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माला अर्पण किया गया। इसके बाद रैली का समापन काली पुतली चौक पर किया गया। जहां पूर्व सांसद कंकर मुंजारे एवं साथियों द्वारा एक सभा ली गई। जहां प्रमुख वक्ताओं ने आजादी के परवानों को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला तो वही मौजूदा देश के हालातो पर भी उद्बोधन देते हुए केंद्र सरकार की जमकर निंदा की गई। इस दौरान पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे सामाजिक कार्यकर्ता इमरान खान, मोनू पटेल, राकेश तिवड़े, देवेंद्र पिछोडे, काशीराम मोहरे, रवि कुथे, राजू उइके, विनोद पांडव, श्याम सुलाखे, दयाल पिछोड़े अमित शर्मा शिवम राहंगडाले, पवन लिल्हारे राजेंद्र लिल्हारे हेमराज नागपुरे पवन लिल्हारे, अमित सुलाखे, और दीपेश रंनगीरे सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### जब तक शरीर में जान है तब तक शहीदों को याद करते रहेंगे

शहादत दिवस पर नगर के काली पुतली चौक में आयोजित इस सभा का मंच संचालन जुनैद खान द्वारा किया गया। जहा राजा लिल्हारे सहज लाल उपवंशी और पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने जनसभा को संबोधित किया वहीं पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने अपने संबोधन में बताया कि यह देश ,भगत सिंह सुभाष चंद्र बोस शहीद अशफाक उल्ला राजगुरु सुखदेव चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारी शहीदों की शहादत से आजाद हुआ है उन्होंने शहीदों की शहादत को याद करते हुए बताया कि हम हर साल 23 मार्च को शहादत दिवस और क्रांतिकारी समाजवादी नेता डॉ मनोहर लोहिया की जयंती पर इस कार्यक्रम को करते हैं और जब तक इस शरीर में जान है तब तक हम शहीदों को याद करते रहेंगे।

### मोदी की गारंटी झूठ बोलने की गारंटी है

आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने देश में हो रहे अत्याचार अन्याय के खिलाफ भी अपनी आवाज बुलंद की इस दौरान अपने संबोधन में श्री मुंजारे ने बताया कि जिस तरह से किसान अपनी मांग कर रहे हैं कि एमएसपी लागू किया जाए तो देश की सरकार उन्हें ऐसे रोक रही है जैसे वह चीन और पाकिस्तान से आए हैं इससे या साबित होता है कि यह सरकार किसान व जन विरोधी सरकार है। उन्होंने मोदी की गारंटी को लेकर भी कहा कि मोदी की गारंटी झूठ बोलने की गारंटी है ।धान और गेहूं का समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है जहां 450 रुपए में गैस मिलने वाली थी वहां भी जनता को नहीं दी जा रही है उन्होंने बताया कि इन 10 सालों में बेरोजगारी और महंगाई अपनी चरम सीमा पर है और निजीकरण इतना हावी हो गया है इस सरकार में हर चीज बेची जा रही है।

### इलेक्ट्रॉल बांड के जरिए फर्जी चंदा लेकर किया भृष्टाचार

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर शब्दों के कई प्रहार किए श्री मुंजारे ने पीएम मोदी के 56 इंच के सीने को लेकर कहा कि आज चीन ने हमारे भारत पर आकर हमारी जमीनों पर कब्जा कर लिया है और हमारे देश के प्रधानमंत्री हमारे देश के किसानों से ही लड़ रहे हैं लगता है मोदी जी के सीना 36 इंच का हो गया है मोदी जी के ना खाऊंगा ना खाने दूंगा पर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉल बांड में जैसे फर्जी तरीके से अवैध चंदा जमा किया है उसे यहां अब स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार कितनी भ्रष्ट सरकार है इसके अलावा उन्होंने अन्य गंभीर मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी।

# आजादी के परवानो को किया गया याद

## जिला अस्पताल में मनाया गया शाहिद दिवस, शहादत दिवस पर याद किए गए शहीदे आजम भगतसिंह

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। शनिवार 23 मार्च को जिला मुख्यालय सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बलिदान दिवस मनाया गया जहां विभिन्न कार्यक्रम किए गए ।बलिदान दिवस के अवसर पर नगर के भगत सिंह जिला चिकित्सालय में पूर्व मुख्य सेवादार और सिक्ख युथ फेडरेशन के नेतृत्व में सिक्ख समाज और बाबा फतेहसिंह जत्था सहित अन्य लोगो द्वारा शहीदे आजम सरदार भगत सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया ।जहां भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आजादी के परवानो को याद किया गया ।वहीं जयघोष के बाद मरीजों को फल वितरित किए गए ।आयोजित कार्यक्रम की शुरुवात गुरुद्वारे के पुजारी द्वार अरदास (मंत्रोच्चारण) के साथ की गई। जहां उपस्थित जनों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूलने वाले शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव और शहीद राजगुरू के अलावा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को याद किया गया। वहीं उपस्थितजनों ने शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



### 23 मार्च 1931 को दी गई थी फाँसी

आपको बताए कि आजादी के महान सपूत सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 23 मार्च 1931 की शाम लाहौर जेल में फांसी दे दी गई थी ।प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 23 मार्च को शहीद भगतसिंह जिला चिकित्सालय में स्थित शहीदे आजम भगतसिंह की प्रतिमा पर सिक्ख समाज और बाबा फतेहसिंह जत्था ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित की ।शहीदे आजम भगतसिंह के शहादत दिवस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके देश की आजादी में दिए गए योगदान को याद किया। इस दौरान डॉ. जसबीरसिंघ सौंधी, सरदार दर्शनसिंह ढिल्लों, गुरूद्धारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, महिला नेत्री लता एलकर, सांसद प्रत्याशी भारती पारधी, अभय सेठिया, आरएसएस संघ चालक वैभव कश्यप, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, गजेंद्र भारद्वाज, जैनेंद्र कटारे, जसकरणसिंघ सौंधी, जसमीतसिंघ नरडे, विक्रम सिंह, राहुल राठौर, हरप्रीतसिंघ खालसा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### असेंबली में बम फेककर विद्रोह का एलान किया- जसबीर सिंह सोंधी

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पीजी कालेज क्री ?ा अधिकारी जसबीर सिंह सोंधी ने बताया कि शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य क्रांतिकारियो के बलिदान से देश मे आजादी की चिंगारी जली थी। शहीद चन्द्रशेखर आजाद के साथ मिलकर भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। पहले लाहौर सैडस की हत्या और उसके बाद दिल्ली के केंद्रीय संसद सेंट्रल असेंबली में बम फेक कर ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध खुले विद्रोह ऐलान किया जहां बम फेंक कर भागने से उन्होंने मना कर दिया और हंसते-हंसते अपने आपको गिरफ्तार करवाया।

# हट्टा पुलिस ने 49 पशुओं को पशु तस्करो से कराया मुक्त

## महाराष्ट्र के कत्लखाना जाने से बचाये, तीन पशु तस्कर गिरफ्तार - भेजे गये जेल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। हट्टा पुलिस ने महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाने पहुंचाये जा रहे 49 पशुओं को पशु तस्करो से मुक्त करते हुए उन्हें कत्लखाना जाने से बचा लिए वही इन पशुओं को क्रूरतापूर्वक मारते पीटते हुए ले जाने वाले तीन पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों पशु तस्कर रसीद खान पिता मजीद खान 50 वर्ष सलमान खान पिता रसीद खान 29 वर्ष और सुहेल उर्फ सोहेल वराडे पिता रमेश वराडे 24 वर्ष तीनों ग्राम कटंगी थाना किरनापुर निवासी है। जिनके पास जब पशुओं की कीमत 490000 हजार रुपए बताई गई है। हट्टा पुलिस के मुताबिक 22 मार्च की शाम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम मानागढ़ नाले से कुछ व्यक्ति मवेशी पशुओं को लाठी डंडे से क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते नागपुर महाराष्ट्र के कत्लखाना हांकते हुए ले जा रहै है। इस सूचना पर हट्टा थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पन्द्रो अपनी टीम के साथ तस्दीक हेतु मानागढ़ नाला के पास पहुंचे वहा पर तीन व्यक्ति गोवंश मवेशियों के झुंड को पैदल पैदल दौड़ाते हुए लाठी से मारते पीटते हुए ग्राम मानागढ़ के रास्ते से ले जा रहे थे। तीनो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने भाग रहे तीनों व्यक्तियों को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़े। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम रसीद खान, सलमान खान और सुहैल उर्फ सोहेल वराडे ग्राम कटंगी थाना किरनापुर निवासी बताये जो 49 नग मवेशी को लकड़ी से मारते पीटते हांकते हुए क्रूरता पूर्वक ले जाते पकड़े गए ।जिनसे मवेशियों के खरीदी बिक्री के दस्तावेज मांगा गया किंतु तीनों व्यक्ति मवेशी खरीदी बिक्री के कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। और उन्होंने इन मवेशियों को कत्ल खाना महाराष्ट्र ले जाना बताये। इन तीनों आरोपियों को धारा 4 6 9 गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। 49 नग मवेशियों को जप्त किया गया। जिसकी कीमत 490000 रुपये बताई गई है इन पशु तस्कर से तीन मोबाइल भी जप्त किया गया है जिनकी कीमत 30000 रुपये बताई गई है। मवेशियों को स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद वारासिवनी गौशाला भिजवाने की व्यवस्था की गई है। गिरफ्तार तीनो आरोपी को 23 मार्च को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह पन्द्रों के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक विनोद कुमरे% प्रधान आरक्षक द्वारिका नारायण दुबे, प्रधान आरक्षक राजेश पटले, आरक्षक कल्याण सिंह भदोरिया, आरक्षक संतोष ठाकरे, आरक्षक खिलेश्वर पटले का सराहनीय योगदान रहा।




# स्कूल,कालेजो में बच्चों ने खेली होली ,जमकर उड़ाया गुलाल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रंगों का त्योहार होली अब शुरू ही होने वाला है। इसे लेकर चहुं ओर हर्ष उल्लास का माहौल है। हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। स्कूलों में बच्चों के पेपर चल रहे हैं। छोटी क्लास के जिन बच्चों के पेपर खत्म हो रहे हैं। वह इन दिनों जमकर एक-दूसरे को गुलाल-अबीर और रंग लगा रहे हैं। जिसका एक छोटा सा उदाहरण हमें शहर के जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय महाविद्यालय बालाघाट में देखने को मिला जहां पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं की छुट्टी होते ही कॉलेज के छात्र-छात्रा द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाते नजर आए, तो वहीं शहर के कुछ स्कूलों के बच्चे भी स्कूल की छुट्टी होने पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते और होली के रंग में रंगते हुए नजर आए। आपको बता दे की शनिवार को स्कूलों में होली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अबीर-गुलाल उड़ाए, होली के त्योहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। जहा बच्चो ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। माना जाता है की होली मेल मिलाप का त्योहार है। इसमें सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। यही संदेश देने के लिए बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहनकर एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया और प्रेम से आपस में गले मिले। जबकि अभी होली पर्व की शुरुआत पूरी तरह नहीं हुई है, 1 से 2 दिन बाद होली का पर्व शुरू हो जाएगा और यह कुछ दिन तक चलता रहेगा, किंतु शहर में देखा जा रहा है की होली पर्व के आने के पहले ही स्कूल के छात्र-छात्रा छुट्टी लगने की वजह से अभी से ही अपने दोस्तों को रंग गुलाल लगाते नजर आ रहे हैं, जिसका एक छोटा सा उदाहरण हमें शहर के शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में देखने को मिला, जहां पर छात्रों की कक्षा छूटने पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए होली पर्व की बधाई दी गई और होली के रंग में रंगते नजर आए, वही ऐसे ही नजारा शहर के शासकीय व अशासकीय स्कूलों में भी देखने को मिला जहां पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा आगामी पर्व में छुट्टी होने के कारण अभी से ही अपने सह पाठियो को होली पर्व की बधाई दी गई और होली के रंग एक दूसरे को लगाएं

# आज होलिका दहन, कल रंगों का त्यौहार

## रंग-गुलाल, पिचकारी एवं बताशों की माला से सजी दुकानें

लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। हिन्दु धर्मालंबियों का ५ दिवसीय रंगोत्सव होली का त्यौहार २४ मार्च को होलिका दहन के साथ प्रारंभ हो जायेगा एवं २५ मार्च को धुरेड़ी रंगोत्सव का तैयार मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा कर ली गई है जिनके द्वारा रविवार को शुभ-मुहूर्त पर होलिका दहन किया जायेगा। होली त्यौहार को लेकर नगर मुख्यालय में रंग-बिरंगी पिचकारी, गुलालों, टोपियों, मुखौटों व बताशों के मालों से बाजार सज चुकी है और क्षेत्रीयजन पहुंचकर खरीदी कर रहे है। वहीं इस बार बच्चों को लुभाने केलिए विभिन्न डिजाइन की पिचकारियां बाजार में उपलब्ध है परन्तु बाजार में रौनक कम नजर आ रही है जिसका मुख्य कारण महंगाई को माना जा रहा है। वहीं कुछ दुकानदार तो दुकान सजाकर ग्राहक का इंतेजार करते भी नजर आये जिनका कहना है कि होली पर्व को लेकर सामग्री की खरीदी कर लिये है परन्तु पर्व को शेष एक दिन बचा है, व्यापार बहुत मंदा चल रहा है। जितनी राशि का सामान खरीदी कर लाये है उतना निकलना भी मुश्किल है। इस तरह बढ़ती महंगाई के कारण व्यापारियों का व्यापार मंद चल रहा है जिन्हे उम्मीद है कि होलिका दहन के दिन २४ मार्च को व्यापार में उछाल आ सकता है इसलिए दुकानदारों के द्वारा रंग-गुलाल, रंग-बिरंगी पिचकारी एवं बताशों की माला से दुकानों को सजा ली गई है और क्षेत्रीयजन पहुंचकर खरीदी भी करेगें।





### महंगाई का दिखा असर

रंगो का त्यौहार हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा २५ मार्च को क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। रंगोत्सव पर्व को लेकर लोगों में उत्साह कम नजर आ रहा है जिसका मुख्य कारण बढ़ती महंगाई को माना जा रहा है। साथ ही होली पर्व पर मार्केट में बताशों की मालाएं, आर्कषक पिचकारियां, रंग गुलाल, टोपियों व मुखौटे से बाजार क्षेत्र गुलजार हो गया है। होली दहन के एक दिन पूर्व २३ मार्च को नगर मुख्यालय के बाजार क्षेत्र में होली पर्व को लेकर भीड़ बाजार क्षेत्र में दिखाई नही दी जिससे दुकानदार भी मायुस नजर आये। वहीं २४ मार्च को व्यापार उठने की उम्मीद व्यापारियों को है।

### आज होगा शुभ-मुहुर्त पर होलिका दहन

हिन्दु धर्मालिंबियों के द्वारा पांच दिवसीय रंगोत्सव पर्व प्रतिवर्ष हर्षोल्लास से मनाया जाता है। साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों में इसे मनाने का अलग-अलग तरीका होता है। इस वर्ष २४ मार्च को रात्रि में शुभ-मुहुर्त पर होलिका दहन होने के बाद दूसरे दिन २५ मार्च को धुरेड़ी पर्व मनाया जायेगा। जिसमें लोग गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई देंगे। धार्मिक परंपराओं के अनुसार आज भी शक्कर की चासनी से बनाई जाने वाली माला होली की प्रमुख मिठाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में माला को भेंट कर व गले में पहनाने की परम्परा आज भी बरकरार है। धुरेड़ी पर्व के दुसरे दिन भाईदुज का त्यौहार मनाया जायेगा और यह पर्व परंपरानुसार पंचमी तक मनाया जाता है।

### होली में माला भेंट करने से आती है रिश्तों में मिठास : शक्कर की चासनी से बनाई जा रही माला

होली पर्व को धूमधाम से मनाने के लिये ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ नगर मुख्यालय में भी तैयारियां की जा रही है। वहीं होली पर्व के मौके पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार शक्कर की चासनी से बनाई जाने वाले बताशे की माला का खास महत्व होता है। होली के दौरान रंग-गुलाल के साथ-साथ बताशे की माला एक-दूसरे को भेंट दी जाती है जिससे रिश्तों में मिठास आती है। इसी बताशें की माला को तैयार करने का कार्य नगर मुख्यालय के गुजरी बाजार में वर्षों से अपने पुस्तैनी कार्य से जुड़े परिवारों के द्वारा युध्द स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें बताशे बनाने वाले कारीगरों के द्वारा शक्कर की चासनी से माला बनाई जा रही है जिसमें दो-दो, तीन-तीन महिला कारीगरों के समूह के द्वारा विशेष सांचे में चासनी को डालकर माला तैयार की जा रही है और उसे विक्रय किया जा रहा है। वहीं शक्कर की चासनी तैयार करने के लिये कारीगरों के द्वारा चूल्हे की आग में कड़ी मेहनत से कड़ाई में शक्कर को तपाया जा रहा है। आपकों बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में माला को भेंट कर व गले में पहनाने की परम्परा आज भी बरकरार है। परम्परागत रूप से कई वर्षों से माला बनाने के कार्य में लगे अनुभवी कारीगरों ने बताया कि शक्कर की चासनी बनाकर सांचे में धागे के साथ डाला जाता है, सांचे में चासनी को डालने के बाद सुखाया जाता है और बाद में ठंडा होने पर धीरे से सांचे से निकाल लिया जाता है इस प्रकार माला तैयार हो जाती है। आगे बताया कि इस वर्ष बताशों की माला ८० से १०० रूपये किलों की दर से बेची जा रही है। कारीगरों ने बताया कि होली के त्यौहार में बताशों की माला का विशेष महत्व होता है, प्रतिवर्ष माला को बनाने के लिये सभी महाशिवरात्रि पर्व के बाद से जुट जाते है, इस कार्य को वे अपने माता-पिता के जमाने से करते आ रहे है।

### बताशे के मालों का विशेष महत्व रहता है होली पर्व पर - निर्मला

श्रीमती निर्मला नागेश्वर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष होली पर्व के लिए माला बना रहे है जिसमें पहले शक्कर की चासनी तैयार की जाती है जिसके बाद चासनी को सांचे में डालने के बाद धागे में पिरोकर माला तैयार की जाती है जिसे तैयार करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। साथ ही यह भी बताया कि होली पर्व पर बताशे के मालों का विशेष महत्व रहता है जिसका उपयोग पूजा में भी की जाती है।



### पूर्वजों के समय से बनाते आ रहे है माला - शुभम

शुभम गुप्ता ने बताया कि हमारे द्वारा वर्तमान में पूर्वजों के समय से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत घरों में शक्कर की चासनी से बताशे के माला बनाये जा रहे है और इस माला को होलिका दहन के अवसर पर चढ़ाया भी जाता है। साथ ही यह भी बताया कि होली के दिन रंग गुलाल लगाने के बाद मिठाई के तौर माला की मिठाई बांटकर एक-दुसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी जाती है और १०० रूपये किग्रा. बताशे के माला को बेची जा रही है।



### पुरानी परंपरा धीरे-धीरे हो रही कम - राजा

राजा गुप्ता ने बताया कि २४ मार्च को होलिका दहन के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव का पर्व शुरू हो जायेगा और होलिका दहन के दिन यानि २४ मार्च को मार्केट में रौनक आने के साथ ही व्यापार में उठाव आने की संभावना है एवं पुरानी परंपरा धीरे-धीरे कम होते जा रही है, लोगों का रूझान त्यौहारों के प्रति कम होते जा रहा है जिसका असर व्यापार पर भी पड़ रहा है। श्री गुप्ता ने बताया कि दिनोदिन महंगाई बढ़ती जा रही है और इस वर्ष रंग-गुलाल व बताशे की माला की कीमतों में १० से १५ प्रतिशत की वृध्दि हुई है साथ ही सस्ते-महंगे दामों पर पिचकारियां, टोपी, मुखौटे उपलब्ध है एवं केमिकल युक्त व केमिकलरहित रंग-गुलाल उपलब्ध है। साथ ही यह भी बताया कि खरीदारी को लेकर लोगों में उत्साह नजर नही आ रहा है और २४ मार्च होलिका दहन पर ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है।



# कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा हुई संपन्न

## अप्रैल के प्रथम सप्ताह में आ सकता है परीक्षा परिणाम, मूल्यांकन कार्य जारी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार गत ६ मार्च से जारी कक्षा नवमीं, ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा २३ मार्च को संपन्न हो चुकी है। साथ ही वार्षिक परीक्षा की वार्षिक परीक्षा गत ६ मार्च से शुरू हुई थी और अंतिम प्रश्नपत्र के साथ २३ मार्च को संपन्न हो चुकी है। वहीं लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के द्वारा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिये गये है। जिसके परिपालन में परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया गया है और यह कार्य संकुल स्तर पर किया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है और अप्रैल के प्रथम सप्ताह में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। चर्चा में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा के शिक्षक सनत दुबे ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार गत ६ मार्च से जारी कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा २३ मार्च को संपन्न हो चुकी है और अंतिम दिन कक्षा ९ वीं के २५७ विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय का पर्चा हल किये, ३ अनुपस्थित रहे। इसी तरह कक्षा ११ वीं के २५५ विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का पर्चा शांतिपूर्वक तरीके से हल किये, किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना हैं, जिसके साथ ही वार्षिक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। साथ ही यह भी बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी जारी है, अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो सकता है जिसकी तैयारी जारी है।



उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी जारी है और अप्रैल के प्रथम सप्ताह में वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया जायेगा जिसकी तैयारी में शिक्षा विभाग जुट गया है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में २३ मार्च को कक्षा नवमीं के २५७ विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं कक्षा ग्यारहवीं के २५५ विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का दोपहर २ बजे से शाम ५ बजे तक शांतिपूर्वक तरीके से प्रश्नपत्र हल किये। जिसके साथ ही उनकी वार्षिक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा परिणाम की चिंता सताने लगी है। आपकों बता दे कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा ९ वीं एवं ११ वीं की वार्षिक परीक्षा...

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## किसानों ने फसल नुकसानी के आधार पर जल्द मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ दिलवाने की शासन-प्रशासन से की मांग





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गत दिवस तेज आंधी-तूफान व बादल गर्जन के साथ हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण खेतों में लगी चना, गेंहू, अलसी, सरसों व लखोड़ी सहित अन्य फसल बुरी तरह से प्रभावित हो चुकी है जिससे क्षेत्रीय किसानों को काफी नुकसान हुआ है और वे फसल को लेकर चिंतित है। साथ ही ओलावृष्टि में खराब हुई फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिलवाने की मांग बांदरी सरपंच व्यंकटराव रहांगडाले सहित क्षेत्रीय किसानों ने गत दिवस एसडीएम वारासिवनी एवं तहसीलदार लालबर्रा से की थी। जिसके बाद तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे करने के लिए वारासिवनी एसडीएम के द्वारा राजस्व विभाग को निर्देशित कर प्रकरण तैयार करने कहा गया है। साथ ही एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम गठित की गई है फसलों का सर्वे एवं मुआवजा के लिए जिसका कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। इसी निर्देश के परिपालन में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों का दल शुक्रवार को ग्राम पंचायत बांदरी, बोट्टा सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे किसानों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि गत दिवस हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि में चना, गेंहू, अलसी सहित अन्य दलहन फसलें खराब हो चुकी है जिसका सर्वे कर मुआवजा के लिए प्रकरण तैयार किया गया। वहीं इस निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बांदरी के सरपंच व्यंकटराव रहांगडाले एवं किसानों ने राजस्व विभाग व कृषि विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाते हुए कहा कि गत दिवस हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि में चना, अलसी, उड़द सहित अन्य दलहन फसले पुरी तरह से खराब हो चुकी है जिससे किसान खासा परेशान है इसलिए फसलों का सर्वे कर जल्द मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ किसानों को दिलवाया जाये। इस अवसर पर बांदरी सरपंच व्यंकटराव राहंगडाले सहित किसान व राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ओलावृष्टि से फसल हो गई है खराब - दिनेश

किसान दिनेश उइके ने बताया की खरीफ सीजन में खेत में गेंहू की फसल लगाये थे परन्तु गत दिवस हुई तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से पूरी फसल खराब हो चुकी है, दाने काले हो गये है एवं कुछ तो अंकुरित हो गये है साथ ही गेंहू की बाली टूटकर नीचे गिर गये है जिससे काफी नुकसान हुआ है जो खाने योग्य नही बचा है जिससे किसान खासा परेशान है। श्री उइके ने बताया कि शुक्रवार को राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने ओलावृष्टि में खराब हुई फसलों का सर्वे किया है, शासन-प्रशासन से मांग है कि फसलों का सर्वे कर मुआवजा प्रदान किया जाये।



### फसलों का सर्वे कर मुआवजा प्रदान करें प्रशासन - व्यंकटराव

बांदरी सरपंच व्यंकटराव राहंगडाले ने बताया कि गत दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से चना, गेंहू, अलसी सहित अन्य दलहन फसलें प्रभावित हुई है जिससे किसान खासा परेशान है क्योंकि लालबर्रा क्षेत्र के किसान कृषि पर निर्भर है परन्तु ओलावृष्टि से उनकी फसल को काफी नुकसान हुआ है। श्री राहंगडाले ने बताया कि तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे करने की मांग एसडीएम व तहसीलदार महोदय से की गई थी जिसके बाद शुक्रवार को राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के द्वारा बांदरी, बोट्टा, पांजरा ग्राम के किसानों की खेती में लगी फसल का सर्वे कर मुआवजा के लिए प्रकरण तैयार किया गया है। प्रशासन से मांग है कि जल्द ओलावृष्टि व तेज बारिश से किसानों की दलहन फसलें खराब हुई है उसका सर्वे कर उन्हे मुआवजा प्रदान किया जाये।



# खमरिया में होली पर्व पर रंग गुलाल, माला की सजी दुकानें

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत खमरिया के बाजार चौक में होली पर्व पर रंग गुलाल, पिचकारी, माला व अन्य सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। रंगों के पर्व होली को लेकर सभी में उल्लास एवं रौनक दिखाई देने लगी है और बच्चें खासा उत्साहित है। खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में आपसी गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती में रंगने का उत्सव का पांच दिवसीय पर्व २४ मार्च को होलिका दहन के साथ प्रारंभ हो जायेगा एवं २५ मार्च को धुरेड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। खमरिया बाजार चौक में रंग-गुलाल, पिचकारी व माला की दुकानें सज गई है और होली पर्व में बताशे के माला का विशेष महत्व रहता है एवं होलिका दहन में गाठिया माला चढ़ाने का प्रचलन महाराष्ट्र की तरह बालाघाट में भी बढ़ गया है। वहीं होलिका दहन और होली पर्व को लेकर प्रशासन ने भी शांति समिति की बैठक में निर्देश जारी कर दिये है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो एवं होली पर्व को लेकर बाजारों में रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानें सज गई है। आर्थिक मंदी से गुजर रहे रंग व्यापारियों के लिये यह सुनहरा अवसर नजर आ रहा है लेकिन इन रंगों एवं गुलाल की रौनक महंगाई से फीकी पड़ गई है। बाजारों में रंग गुलालों से सजी दुकानों में आधुनिक पिचकारी एवं मुखौटे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गये है इधर बाजारों में विविध प्रकार के मुखौटे लोग पसंद कर उसकी खरीदी कर रहे है।



# शासकीय महाविद्यालय लांजी में मतदाता जागरूकता अंतर्गत निकाली गई रैली

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं डीएस रणदा के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। जिसमें विकासखंड लांजी के शासकीय कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। मतदाता जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य युवा और नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान का महत्व बताना है। साथ ही मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना है।




कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नगर में दिनदहाड़े लोहे के गेट की अज्ञात चोरों ने की चोरी

## मामला नगर के वार्ड नंबर ९ का





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातों का दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। नगर में फिर २३ मार्च की सुबह अज्ञात चोरों के द्वारा वार्ड नंबर ९ निवासी इमरोज खान के निवास पर चोरी की वारदात की गई। जिसमें अज्ञात चोरों के द्वारा मकान के बाजू की गली में रखें लोहे के गेट का एक दरवाजा चोरी कर ले जा लिया गया है। यह वारदात प्रात: ६ बजे की बताई जा रही है जिसमें चार युवकों के द्वारा गेट के दरवाजे को उठाकर ले गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर ९ मटन मार्केट गली निवासी इमरोज खान शनिवार की सुबह ६ बजे मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए घर से निकले और चौक तक पहुंचे ही थे कि पीछे से चार व्यक्ति उनके मकान के बाजू वाली गली में रखें लोहे के गेट के एक दरवाजे को उठाकर ले जाने लगे। इस वारदात पर किसी का ध्यान नहीं था परंतु वार्ड का एक छोटा लड़का नैतिक बुरडे इमरोज खान के घर के सामने निवासी अपने मित्र को घूमने चलने के लिए बुलाने आया था उसके द्वारा यह वाक्य देखा गया। जब गेट चोरी की बात पता लगा तो उसके द्वारा बताया कि इमरोज खान मस्जिद की ओर जा रहे थे। तभी चार व्यक्तियों ने गेट को उठाकर वह सीधे चले गये। जिन्हें वह पहचानता नहीं है इस चोरी में अज्ञात चोरों के द्वारा करीब ४० किलोग्राम से अधिक वजन का गेट चोरी किया गया है।

### घर की गली में रखा एक गेट अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी किया है- शमीम खान

घर मालिक शमीम खान ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि सुबह वह घर पर अपना काम कर रही थी। तभी बहुत जोर की आवाज उन्हें सुनाई दी जैसे कुछ गिरा होगा। उसके बाद वह अपने काम में लग गए और बाहर झाड़ू मारने के दौरान देखा कि मिट्टी कहां की गिरी है तो पता चला की गली में



रखा एक गेट कुछ लोगों के द्वारा चोरी किया गया है। जिसमें एक छोटे बच्चों ने देखा की चार लोग गेट अपने कंधे पर उठाकर जा रहे थे सुबह करीब ६ बजे यह वारदात की गई। जिसमें पूरा गेट चोरी नहीं किया गया है गेट का एक दरवाजा चोरी किया गया है जो करीब ४० किलोग्राम का था।

### मित्र को सुबह उठाने आया तो देखा कुछ लोग इमरोज खान के घर का गेट ले गये-नैतिक बुरड़े


प्रत्यक्षदर्शी नैतिक बुरड़े ने बताया कि वह सुबह ५.३० बजे प्रतिदिन घूमने के लिए अपने मित्र के साथ जाते हैं। जिसके लिए वह २३ मार्च की सुबह अपने मित्र को उठाने के लिए आए हुए थे। तो उन्होंने देखा कि चोरों के द्वारा इमरोज खान को चौक तक जाने



दिया इसके बाद वह गली के अंदर से गेट निकाल कर लेकर जाने लगे। चार व्यक्ति थे उन्होंने गेट को अपने कंधे पर उठाया और लेकर चले गये।

### नगर में दिनदहाड़े चोरी हो रही है मतलब पुलिस निष्क्रिय है-आशिफ खान

वार्डवासी आशिफ खान ने बताया कि उन्हें यह जानकारी वर्तमान में पता चली की गेट कुछ व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर लिया गया है जिन्हें मोहल्ले के एक लड़के के द्वारा देखा भी गया था। इस प्रकार की घटना समाज के लिए ठीक नहीं है चोरों के द्वारा इस प्रकार दिनदहाड़े



चोरी की जा रही है इसका मतलब पुलिस निष्क्रिय है। रात्रि में गस्त होती है पर एक बार जबकि सुबह शाम दो.तीन बार गस्त होनी चाहिए चोरों में पुलिस का डर समझ नहीं आ रहा है। हम चाहते हैं कि पुलिस अपनी चौकसी बढ़ाकर उक्त चोरों पर कठोर कार्यवाही करें।

# ग्राम पंचायत खापा में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा में द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को कानूनी जागरूकता शिविरों का मुख्य उद्येश्य हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना बताया गया। यह तभी संभव है जब लोगों को अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी होगी। उपस्थित ग्राम वासियों को विधि की अवधारणा, नि:शुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजनाएं, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, संवैधानिक अधिकारों व दायित्वों एवं मानव दुर्व्यापार करने वालों से सजग रहने, गिरफ्तार होने वाले व्यक्तियों के अधिकार, घरेलू हिंसा, मोटरयान दुर्घटना से संबंधित ऐसे कानूनों के बारे में विस्तृत रूप से बताया जो लोगों के लिए उपयोगी है। शिवर में गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा योजना २०१५ व नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवा योजना २०१५ के अंतर्गत उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। शिविर में मोटर दुर्घटना से उद्भूत आपराधिक व दीवानी प्रकरणों से बचने के लिए सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की समझाईश दी गई। इसके अतिरिक्त ग्रामवासियों को माता-पिता व पत्नी एवं बच्चों आदि के भरण पोषण, वैवाहिक मामलों से संबंधित विधि आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उक्त ंशिवर में ग्राम पंचायत खापा के सरपंच देवीप्रसाद गौतम, सचिव खेमेन्द्र राहंगडाले सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





### ग्राम सिंगोड़ी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

वहीं ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में सुधीरसिंह ठाकुर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को महिलाओं, बच्चों एवं गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता एवं अधिकार के बारे में बताया गया। भारत के संविधान में जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संबंध में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया अपनाकर ही कार्रवाई का अधिकार है। इस अधिकार के तहत गरीब तबके के लोगों को गिरफ्तारी की दशा में अपनी पसंद के अधिवक्ता से सलाह प्राप्त करना एवं गिरफ्तारी के २४ घण्टे में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रावधान है। महिलायें १८ साल तक के बच्चे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग एवं जातीय हिंसा व बाढ़ पीड़ित एवं औद्योगिक कामगार व मानसिक रूप से अक्षम या दिव्यांग मुफ्त विधिक सहायता के हकदार हैं। ऐसे लोगों को सरकार अपने खर्च पर अधिवक्ता की सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। शिविर में एमकला बोपचे, गोपीचंद चौधरी, प्रभा सहारे, देवनाथ बोपचे, श्रीराम राहंगडाले, थानसिंह बिसेन, महेन्द्र बिसेन, चिंतामन टेंभरे सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# मातृशक्ति अखण्ड दीप शताब्दी श्रद्धा संवर्धन शक्ति कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत





वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शताब्दी समारोह २०२६ के पूर्व समूचे भारत में श्रद्धा संवर्धन यात्रायें प्रगति पर हैं। गायत्री परिवार वारासिवनी के परिजनों ने सक्रियता के साथ रथ क्रमांक १५४ के द्वारा १० मार्च से १९ मार्च २०२४ के बीच सभी क्षेत्र के 60 पंचायतों एवं 3 अतिरिक्त ग्रामों में पहुंचकर राष्ट्र जागरण का गुरु सन्देश दिया। इसके साथ ही जगह-जगह गायत्री दीप महायज्ञ हुए जिनमें गुरु सन्देश देते हुए सामूहिक गायत्री साधना एवं दीप यज्ञ आयोजनों में श्रद्धा भक्ति उमड़ते मनुष्य में देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग के अवतरण के अदभुत नजारे देखने मिले। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा के द्वारा 18 जनवरी 1926 की वसंत पंचमी को अखण्ड गौघृत दीप प्रज्जलित किया गया। जिसके 100 वर्ष 2026 में होने जा रहे हैं। दूसरे पूज्य गुरुदेव की शक्ति स्वरूपा जीवन संगिनी माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी भी 2026 में होगी। अत: राष्ट्रीय स्तर पर मातृ शक्ति श्रद्धा संवर्ध यात्राएं शांतिकुंज के मार्गदर्शन में निकाली गई हैं। बालाघाट में 30 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2024 के बीच राष्ट्र जागरण अभियान 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ विराट संस्कार महोत्सव का आमंत्रण सन्देश भी हर पंचायत में जनता जनार्दन को दिया गया एवं समाज में फैली कुरीतियॉ, व्यसन मुक्त, वृक्षारोपण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता हेतु जागरण सन्देश दिए गए। यात्रा का संयोजन संचालन वारासिवनी विकासखंड समन्वयक जी एस बिसेन, पीतमलाल बोपचे, दिलीप घोले, चैतराम शिव, लक्ष्मीकांत जोगी, धनराज सिन्हा, श्रीमती प्रेमलता बिसेन, श्रीमती यशोदा बिसेन, सुनीता चौधरी, पूर्णिमा बिसेन, दुर्गन बिसेन, विजय बिसेन, दह्रूराम राहंगडाले, सूर्यप्रकाश पटले, जगन्नाथ बिसेन, सुखलाल मोहारे एवं अन्य परिजनों के साथ सम्पन्न कर जिले नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिला समन्वय समिति गायत्री शक्तिपीठ बालाघाट एवं उपजोनल प्रभारी दीपचंद मालवी ने वारासिवनी के परिजनों को साधुवाद प्रेषित किया हैं।

# पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक का प्रशिक्षण संपन्न

## मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने दी आवश्यक जानकारी





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव २०२४ को लेकर प्रशासनिक अमले के द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं मतदान दल को शांति पूर्वक मतदान संपन्न कराने और मतदान करवाने की समस्त प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय एसएसपी महाविद्यालय एवं सीएम राइज स्कूल में २३ मार्च को तीन दिवसीय पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक १ का मतदान प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस दौरान शासकीय एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी के कक्ष क्रमांक ५ में मास्टर ट्रेनर राकेश चोरे, एनके डहाटे, वीरेंद्र बनोटे एवं कक्ष क्रमांक ६ में मोहसीन इडपांचे, चंद्रशेखर ठाकरे वहीं सीएम राइज स्कूल के कक्ष क्र मांक एक में राजेंद्र गौतम, गुरुनंद पवार, कक्ष क्रमांक २ में वीरेंद्र गौतम, वरुण देशमुख के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उक्त मास्टर ट्रेनरों के द्वारा समस्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक को मतदान करवाने की प्रक्रिया एवं ईव्हीएम वीवीपेट कन्ट्रोल यूनिट के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वहीं इसे संचालित कर मॉकड्रिल करवाई गई की किस प्रकार से यह कार्यवाही की जानी है और प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से यह मॉक ड्रिल करने का अवसर दिया गया। जहां पर उपस्थित जनों के द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समझने का प्रयास करते हुए अपने प्रश्नों का जवाब भी लिया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान समस्त शिक्षक /शिक्षिकायें जिनकी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक एक के लिए लगाई गई है वह सभी उपस्थित रहे। पद्मेश से चर्चा में मास्टर ट्रेनर चंद्रशेखर ठाकरे ने बताया कि शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय एवं सीएम राईज स्कूल में चार बैच बनाकर तीन दिवसीय पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इसमें सभी को मतदान प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाली और मिलने वाली सामग्री से लेकर मतदान केंद्र पहुंचने और एक दिन पहले किस प्रकार की व्यवस्था बनाई जानी है उसके संबंध में समस्त प्रकार की जानकारी दी गयी। इसमें मॉक पोल करवाने और वास्तविक मतदान के लिए मशीन तैयार कर मतदान संपन्न होने के बाद उसे सील करने की जानकारी दी गई। वहीं इस दौरान जो टेंडर या पेसिफिक मतदान होता है उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई है। इसी के साथ मॉक ड्रिल भी करवाई गई है और यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया है। आगे अब २७ से २९ मार्च तक मतदान अधिकारी क्रमांक १,२,३ के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# पिंडकेपार में संपन्न हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पिडकेपार में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कथावाचक पूज्या साध्वी रचना प्रणव श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से ग्रामवासियों ने कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी उपस्थित हुए। गौरव पारधी ने कहा की श्रीमद् भागवत कथा का आप सभी पर आशीर्वाद बना रहे। आप लोग और हम जब श्रीमद् भागवत कथा के पंडाल में रहे तब अपने मन के भाव बहुत अच्छे रखें। जहां पर भी श्रीमद् भागवत कथा होती है, वहां सारे ग्राम के देवी देवता का वास होता है। वह हमारे बीच में रहकर श्रीमद् भागवत कथा सुनते हैं, जब आप कथा सुनते हैं आप मोक्ष की तरफ जा रहे हैं। आपके मन में कोई इच्छी भावना है वह भी व्यक्त कर देना चाहिए। क्योंकि आजू.बाजू सारे देवी देवता मौजूद रहते हैं वह आपके मन के भाव और मन की इच्छा को जरूर पूरा करेंगे। इस दौरान ओमकार दमाहे, मुन्ना दमाहे, गजेश जैतवार, दिलेश्वर सुलकिया, गजेंद्र बिसेन, विजय मते, संदीप ठवकर, शीलू दमाहे, प्रताप सुलकिया, राकेश पटले सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# वार्ड नं. १४ में बन रही सड़क का प्रदीप जायसवाल ने किया निरिक्षण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। मुख्यमंत्री अधोसरचंना फेज फोर के नगर के वार्ड नं. १४ में अग्रवाल गली से जुगल पंडित के मकान होते हुये आमा तालाब तक सड़क का निर्माण कार्य प्रांरभ है। ५५० मीटर की इस सींमेट सडक का कार्य लगभग ७५ प्रतिशत पूर्ण हो चूका है। सड़क के निरिक्षण के दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, विक्की ऐडे, संगम मोदी, भैयू अग्रवाल, चीनू अग्रवाल, जय बिसेन, श्रीराम सोहाने, सत्यम शर्मा सहित अन्य वार्ड वासी मौजूद रहे। निरिक्षण के दौरान संबधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश प्रदान कर नागरिको की अन्य छोटी छोटी समस्या को भी संज्ञान मे लेकर समाधान की की बात कही गई। निरिक्षण के दौरान प्रदीप जायसवाल ने सड़क के किनारे नाली में ढक्कन लगाने के निर्देश प्रदान किये। वहीं सड़क की चौडाई को साढे तीन मीटर रखने की बात कही। जिससे सकरी गली में भी सभी प्रकार के वाहन सरलता से पहुंच सके। गली की शुरूवात में ही सड़क की चौडाई को लेकर विशेष ध्यान दिया गया। जिससे बडे वाहन इस गली के माध्यम से पूरे वार्ड में पहुच सके।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# जैसी करनी, वैसी भरनी

अगस्त 2021 में जब तालिबान काबुल में सत्ता में लौटा, तो पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया था कि अफगानिस्तान ने ़गुलामी की बेड़ियां़ तोड़ दी हैं। ढाई साल बाद, अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा दोनों देशों के बीच तनाव का एक सबब बन गया है। पाकिस्तान ने इस हफ्ते की शुरुआत में अफगान प्रांत पक्तिका और खोस्त में हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम आठ नागरिक मारे गए। पाकिस्तान का कहना है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बना रहा है, जिसे वह अपने इलाके में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार मानता है। जवाबी कार्रवाई में, तालिबान ने सीमा पर स्थित पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमले किए। सीमा पर एक असहज शांति बनी हुई है और अफगान तालिबान का पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान के साथ जो सौहार्द्र था, वह अब खत्म हो गया है। पाकिस्तान, जिसने 1990 के दशक में तालिबान के उदय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ने सालों से सुन्नी इस्लामवादी समूह का समर्थन किया है। वर्ष 1990 के दशक के अंत में, जब तालिबान सत्ता में आया था, तो पाकिस्तान औपचारिक रूप से उस शासन को मान्यता देने वाले सिर्फ तीन देशों में से एक था। इस्लामाबाद 11 सितंबर, 2001 के आतंकवादी हमलों के बाद वाशिंगटन के दबाव में तालिबान के खिलाफ हो गया, लेकिन उसने तालिबान का समर्थन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का सहयोगी बनकर दो दशकों तक चतुराई से दोहरा खेल खेला। इस दौर में, समूचा तालिबान नेतृत्व बलूचिस्तान के क्वेटा में स्थित था।पाकिस्तान ने अमेरिका और भारत समर्थित अफगान सरकार के खिलाफ तालिबान को तैयार किया था। जब 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी और तालिबान की सत्ता में वापसी के बीच राष्ट्रपति अशरफ गनी की अफगान सरकार गिर गई, तो पाकिस्तान को काबुल में एक दोस्ताना निजाम के जरिए दक्षिण एशिया में अपनी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने की उम्मीद थी। लेकिन हुआ ऐन उल्टा। ऐतिहासिक रूप से, अफगान सरकारों के पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छे रिश्ते नहीं रहे हैं। खासकर, दोनों देशों के बीच की विवादित सीमा, डूरंड रेखा के मद्देनजर। जब तालिबान विद्रोही थे, तो उन्हें पाकिस्तान की ज़रूरत थी और पाकिस्तान को काबुल में काबिज सरकार के प्रतिकार के रूप में उनकी ज़रूरत थी। लेकिन आज काबुल में तालिबान की सरकार है। इसके अलावा, अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी ने टीटीपी, जिसे पाकिस्तानी तालिबान के नाम से भी जाना जाता है, को मजबूत किया है। अफगान तालिबान और टीटीपी दो अलग-अलग संगठन हैं, लेकिन वे वैचारिक रूप से सहोदर हैं - दोनों ही पश्तून और इस्लाम की कठोर देवबंदी व्याख्या का पालन करने वाले हैं और सुन्नी इस्लामी मुल्लाओं के शासन में विश्वास करते हैं। दूसरे शब्दों में, टीटीपी पाकिस्तान में जो हासिल करना चाहता है वही अफगान तालिबान अफगानिस्तान में पहले ही हासिल कर चुका है। पाकिस्तान के आह्वान और धमकियों के बावजूद अफगान तालिबान ने टीटीपी के साथ अपने रिश्ते नहीं तोड़े हैं, जिसने दोनों देशों को टकराव की राह पर ला दिया है। पाकिस्तान के पास कोई त्वरित उपाय नहीं है। उसका इस्लामवादी विद्रोह का समर्थन करने का इतिहास रहा है, जो किसी न किसी तरह से उलटकर उसके मत्थे पड़ा है। अफगानिस्तान में, उसकी इस नीति को ताजा झटका लगा है।

# क्यों फसें दिल्ली के सीएम

सत्ता पाना सिर्फ निजी लाभ के लिए न हो बल्कि जनता की सेवा करने और भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए हो,आज दिल्ली के मुख्य मंत्री श्री केजरीवाल अपने ही कार्यों से फंस गए आखिर शराब को अवैध रूप से बेचने की जरुरत ही क्या थी जो परिवार को उजाड़ देता है बिहार में तो नीतीश कुमार ने बहुत पहले ही राज्य में शराब को बैन कर दिया इतना ही जनता की चिंता होती तो बन्द कर देना चाहिए था गलत तरीक़े से आबकारी नीति बनबाना और देश के रेवेन्यू पर नुकसान पहुँचाना क्या उचित है, ऐ नशा का चीज है इसमें सरकार को जानकारी होना चाहिए जो नहीं दी गई,क्योंकि ऐ कोर्ट ने फैसला दिया है इसमें मुझे नहीं लगता किसी पार्टी का दोष है ऐ इड की कार्यवाही है इस मुद्दा को पहले कांग्रेस ने ही उठाया और आज कांग्रेस उसकी वकालत कर रही है दरअसल आम आदमी पार्टी ने जो जनता से वादा किया वो पूरा करने में हो सकता है गलत राह पर चल दिए आम आदमी पार्टी का जन्म तो कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के लिए हुआ था लेकिन अब उसी के साथ चिपक गए और पंजाब काँग्रेस ने तो इसका विरोध भी किया है इसमें सत्ताधारी पार्टी का क़ोई रोल ही नहीं है अगर ऐसा होता तो श्री आना हजारे ने इसे उसकी गलती बताया है उन्होंने इस कदम की निंदा तक कर दी और वही सुप्रीम कोर्ट है जिसमें चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में वोटिंग के काउंटिंग में बीजेपी के प्रत्याशी को पीठाशीन अधिकारी के रिजल्ट को पलट दिया और आप व कांग्रेस के उम्मीदवार को जीत दिलाई। दरअसल आज सत्ता में बने रहने के लिए साम, दाम, भेद, दण्ड पुरातन काल में राजा द्वारा अपनायी जाने वाली नीतियाँ हैं जिन्हें उपाय-चतुष्टय कहा जाता है। चाणक्य (350-275 ईसा पूर्व) को कौटिल्य और विष्णुगुप्त के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी शिक्षा तक्षशिला (अब पाकिस्तान में) में प्राप्त की थी। वह मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में प्रधानमंत्री थे। कौटिल्य विश्व के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने राज्य के विस्तार एवं आंतरिक-बाहरी सुरक्षा की समुचित एवं व्यवस्थित नीति का प्रतिपादन किया था। जिन चार नीतियों व उपायों का वर्णन उन्होंने उस समय किया था वह आज भी उतनी ही



प्रामाणिक हैं जितनी उस समय थी। आज-कल सत्ता पाने के चक्कर में साम, दाम, भेद और दंड का रास्ता अपनाना किसी की पार्टी तोड़ कर अपनी पार्टी बनाना सत्ता पक्ष में विरोधीदल को अपने पाले में लेना जनादेश का अपमान है ऐ सत्ता पाने का लालच लोभ मनुष्य के जीवन के पराभव का पतन द्वार है। यदि सत्ता लोकतान्त्रिक तरीक़े से चलती है तो सभी को सम्मान करना चाहिए यदि सत्ता का लोभ हो और देश सेवा की भावना से परे निजी लाभ हेतु या किसी को व्यक्तिगत तरीक़े से फायदा पहुँचाना हो तो इसमें परिवारवाद आ जाता है और अनीति पर पूरा दल ही लालची हो जाता है इस तरह की सत्ता मनुष्य के जीवन का ऐसा मानसिक विकार है, जो उसके उत्कर्ष में बाधा डालता है। सत्ता का लोभी व्यक्ति आचरण से हीन हो जाता है वह अपने स्वाभिमान को भुलाकर किसी कामना के वशीभूत होकर चाटुकार बन जाता है, उसका अपना व्यक्तित्व नष्ट हो जाता है और किसी से कुछ पाने की आशा में अपना सब कुछ गंवा देता है। लोभी व्यक्ति का चारित्रिक पतन हो जाता है। लोभ राजनीति का हो, किसी ऊंचे पद का हो, अर्थ प्राप्ति का हो, वासना के वेग का हो या किसी भी प्रकार से किसी से कुछ पाने की लालसा का हो, ठीक नहीं है। एक क्षणिक प्यास की तरह है जिसकी पूर्ति के लिए मनुष्य अनैतिक बन जाता है और गलत-काम करने लगता है। वह भूल जाता है कि उसके जीवन की कुछ मर्यादाएँ भी हैं। हम अपने जीवन में ऐसा ही अनुभव करते हैं कि थोड़े से सुख, थोड़े से लाभ, एक-आध ऊंची कुर्सी पाने के लिए ऐसे लोगों के पैर छूने लगते हैं जो स्वयं चारित्रिक दृष्टि से गिरे होते हैं। जब हम लोभ करते हैं, तो हमारा पूरा व्यक्तित्व दीन, हीन और दरिद्र बनकर खड़ा हो जाता है जिससे हमारी अपनी जीवनशक्ति शरीर में हो रहे जैविक परिवर्तन से बुरी तरह आहत होने लगती है और हमारे जीवन में जो स्वाभिमान की ऊर्जाशक्ति है वह दासत्व ग्रहण करने लगती है। लोभी व्यक्ति अपनी सारी मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों को छोड़कर स्वयं स्वीकार करने लगता है कि हम दूसरी पंक्ति में खड़े लोग हैं, हम दूसरे की जयकार बोलनेवाले हैं और भाट की तरह दूसरे की प्रशस्ति के गीत गाने वाले लोग हैं। ऐसे सत्ता पाने की लोभी विचारों, का असर आशाओं, निराशाओं, भय, घृणा, क्रोध आदि मनोवेगों का प्रभाव पड़ता है जो हमारे शरीर के अंग-प्रत्यंग पर असर डालता है और हमारे स्वास्थ्य और मनोदशा पर पड़ता है, जो शरीर की एक-एक कोशिश (सेल) पर पड़ता है, जो हृदय और मस्तिष्क पर पड़ता है, रक्त पर पड़ता है, स्नायुतंत्र (नर्वस-सिस्टम) पर पड़ता है। हमारे विचारों का प्रभाव हमारे व्यक्तित्व में झलकता है। जितनी बार भी हम सत्ता पाने की कोशिश को गलत दिशा में करेंगे नहीं मिलने पर चिंता से घबरा उठते हैं अथवा उत्तेजित होकर व्यर्थ ही घृणापूर्ण क्रोध में भड़क उठते हैं, उतनी बार हम मानों अपने ही शरीर में, मस्तिष्क से तथा प्रत्येक सेल से ही लड़ बैठते हैं। ऐसे लोग कभी भी समाज को दिशा नहीं दे सकते न ही खुद की उन्नति करने में सफल हो सकते हैं। लेकिन क्योंकि भारत की जनता ईमानदार, गूंगा-बहरा नहीं है, ऐसे में अगले चुनाव मेंअगर जनता चुन भी लेती है लेकिन अपनी ही पार्टी की जाल में फंसकर सत्ता चली जाती है उसके बाद राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा। कहते है राजनीति में कोई हमेशा के लिए दोस्त नहीं होता और कोई हमेशा के लिए दुश्मन नहीं होता। लेकिन पिछलें कुछ दिनों में इसी राजनीति में राजनीति गरिमा को भी ताड़-ताड़ कर दिया गया है। ऐसा नहीं है कि देश ने पहली बार राजनीति में भाषा की इतनी गिरी हुई मर्यादा देखी है, लेकिन अपना भूत से कोई भी सीख ना लेते हुए राजनेताओं का बार-बार उसी तरह से राजनीतिक भाषा को नीचे स्तर पर ले जाना ना ही सिर्फ देश की राजनीति के लिए एक खराब आज और कल होगा बल्की देश की छवि को भी इससे काफी गहरा धक्का लगता है। पूज्य डॉ प्रणव पांड्याजी के पास एक बार हरिद्वार गया पुलिस फॉर्स तैनात था क्योंकि देव संस्कृती विश्वविश्व विद्यालय के कुलपति थे उन्होंने मुझे तुरंत बुलाया जितनी बातें बताई सब बिलकुल सत्य निकला उन्होंने राजनीति में राज्य सभा की सदस्य्ता को लातमार दी क्योंकि उन्हें मालूम था जितना सेवा अपनी गद्दी पर मातरम के आशीर्वाद से सेवा गरीब की भलाई कर सकते हैं उतना राजनीति में रह कर नहीं ऐ बात हमेशा हमें सुनाई देती है। अत: कोर्ट का फैसला सर्वमान्य होता है अगर श्री केजरीवाल की गिरफ़्तारी को सत्ता से प्रेरित सरकार की कार्यवाही माने तो न्यायपालिका पर प्रश्न चिन्ह लग सकता है। लोकतांत्रिक प्रणाली में न्यायपालिका पर भरोसा करना चाहिए जो लोकतंत्र के आधार को सुरक्षित रखती हैं। न्यायपालिका कितनी बार सरकार के फैसले को बदल दी है उनका निर्णय तथ्यों के आधार पर होता है।

**- संजय गोस्वामी**

# रंगों की होली

**(रंग पर्व होली पर विशेष )**

रंगों से जो पूछा मैंने
इतना इतराते हो क्यों
कहने लगे ये सुर्खियाँ
तेरे ही सुर्खुरु हैं
ये बागो-बहार की
रंगत तुझी से हैं
ये हैं गुलाब सुर्ख
तेरे ही गाल से
टेसू हैं रंग लेते
तेरे ही जमाल से
सजती है रंगे हिना
तेरे ही खयाल से
यूं तेरे इशारे पे
दमकते हैं सभी रंग
तेरे तन-बदन से
दमकते हैं सभी रंग
तू रंगों की होली
दुनियाँ में हम सभी
खेले हैं तुझसे होली
और तू रंगों की होली
तू ही बता कैसे
हम रंगीन यूं न हों
तुझ से जो मिली रंगत
उसपर नाज़ क्यूं न हो
बस यूं ही
दिल से भाते हैं
रंग सारे
माँ ने रंग से है
दुनिया को भर दिया
बावस्ता सारी कायनात तुझसे
फिर कैसे न मनाऊं होली
मैं रंगों की होली
मैं रंगों की होली !!!

**लेखक- डॉ हिदायत अहमद खान**

# आसानी से छुड़ाएं त्वचा से होली के रंग

(होली पर विशेष)



होली का त्यौहार है ही ऐसा मस्ती भरा कि हर किसी का मन इसके मतवाले रंगों में रंगने को मचल उठता है लेकिन दिनभर की मस्ती के बाद शरीर पर रंग इस कदर रच जाते हैं कि इन्हें छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। आपकी इसी परेशानी को दूर करने के लिए हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा से रंगों को आसानी से छुड़ा सकते हैं और त्वचा पर रंगों के रचने के डर से बेखबर होकर होली का भरपूर मजा ले सकते हैं:-

- शरीर के किसी भी हिस्से पर रंग लग जाने पर त्वचा को किसी खुरदरी वस्तु से घिस-घिसकर रंग उतारने की कोशिश न करें क्योंकि इससे आपकी त्वचा छिल सकती है।
- अगर त्वचा पर ज्यादा रंग लग जाए तो रंग छुड़ाने का आसान और बेहतर उपाय यही है कि नारियल या सरसों के तेल में रूई भिगो-भिगोकर धीरे-धीरे हल्के हाथ से रगड़कर रंग छुड़ाएं।
- गहरे रंग के ऑयल पेंट को छुड़ाने के लिए भी यही उपाय अपनाएं।
- रंग छुड़ाने के लिए नारियल तेल या सरसों के तेल के बजाय क्लींजिंग मिल्क का भी प्रयोग कर सकते हैं।
- त्वचा को रंग या गुलाल के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए होली खेलने के बाद शरीर को नहाने के साबुन से अच्छी तरह साफ कर लें और नहाने के बाद त्वचा पर कोई एंटीसेप्टिक क्रीम लगा लें।
- रंग छुड़ाने के लिए डिटरजेंट साबुन, मिट्टी के तेल, दही, हल्दी इत्यादि का उपयोग न करें क्योंकि ये त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं।
- रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे अथवा ताजा पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से स्नान करने पर रंग और भी पक्के हो जाते हैं।
- त्वचा का रंग उतारने के लिए बेसन, हल्दी व सरसों का तेल मिलाकर उबटन धीरे-धीरे रगड़ने से भी रंग बहुत जल्दी उतरता है और त्वचा पर इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
- सिर में रंग भरा हो तो सिर का रंग उतारने अथवा साफ करने के लिए सिर को किसी अच्छे शैम्पू से अच्छी तरह से धोएं।
- सिर का रंग छुड़ाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि यह शरीर की त्वचा पर न गिरे और सिर धोते समय आंखें भी बंद हों।
- गुलाल को कभी भी सिर्फ पानी से ही धोने की कोशिश न करें क्योंकि इससे इसका रंग और भी फैलता है। इसे साफ करने के लिए किसी अच्छे बाथ सोप का प्रयोग करें।
- होली के रंग कई बार इतने पक्के होते हैं कि एक ही बार में नहीं छूटते। इसलिए शरीर की त्वचा अथवा चेहरे को रगड़-रगड़कर एक ही बार में सारा रंग उतारने की कोशिश में अपनी त्वचा के साथ ज्यादती न करें। एक बार में जितना रंग आसानी से छूट जाए, बेहतर है। बाकी का रंग धीरे-धीरे अपने आप उतरता जाएगा।
- चेहरे से होली के रंग छुड़ाने के बाद यदि थोड़ी-बहुत जलन महसूस हो तो गुलाब जल में थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरा गुनगुने पानी से धो लें।

**( लेखिका शिक्षिका हैं )**
**- श्वेता गोयल**

# लोकगीतों के संग चढ़ता है होली का रंग!

होली का रंग
चढ़ने लगा है
हर कोई मदमस्त
होने लगा है
प्रकृति भी खिली खिली
दिखने लगी
मौसम मे गर्माहट सी
होने लगी
पर होली पर हुड़दंग
ठीक नही है
होली पर बदरंगता
ठीक नही है
होली पर होली
रहना जरूरी है
बुराईयों से मुक्ति
पाना जरूरी है
जो भी विकार बचे है
जला दो होली मे
आत्मा का परमात्मा से
योग लगा लो होली में।

मस्ती और उल्लास की प्रतीक होली देश के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरीकों से मनाई जाती है। मध्य प्रदेश के मालवा अंचल में होली के पांचवें दिन रंगपंचमी मनाई जाती है। यह मुख्य पर्व होली से भी अधिक जोर-शोर से मनाई जाती है। ब्रज की होली पूरे भारत में मशहूर है। बरसाना की लट्ठमार होली देखने के लिए देश विदेश से लोग आते हैं। हरियाणा में भाभी द्वारा देवर को सताने की परंपरा है। महाराष्ट्र में रंग पंचमी के दिन सूखे गुलाल से खेलने की परंपरा है। दक्षिण गुजरात के आदि-वासियों के लिए होली एक खास पर्व है। छत्तीसगढ़ में होली पर लोक-गीतों का प्रचलन है।

विभिन्न रंगो का पर्व होली एक ऐसा सामाजिक त्यौहार है जिसे सभी मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाते है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होली का मुख्य पर्व मनाया जाता है। भद्रा रहित लग्न में सायंकाल के बाद होलिका दहन करने की होली पर परम्परा है। इससे पूर्व दिन भर होलिका का पूजन किया जाता है तथा घर की बालिकाओं द्वारा गोबर से बनाये गए बडकल्ले भी होलिका पर चढाये जाते है। होलिका दहन के बाद होलिका की राख ठन्डी होने पर उसे भस्म रूप में शरीर पर लगाने की भी परम्परा है। ताकि मन और शरीर वर्षभर स्वस्थ्य रह सके। वैदिक काल में होली पर्व को नवान्नेष्टि यज्ञ कहा जाता था। खेत में पैदा हुए अधपके अन्न को यज्ञ में आहुत किया जाता था और यज्ञ में पके अन्न को होला कहा जाता था। इसी कारण इस पर्व का नाम होला से होली पडा है। एक अन्य मान्यता के अनुसार होली अग्नि देव की पूजा का माध्यम भी है। चूंकि इस दिन मनु महाराज का जन्म हुआ था इस कारण इस पर्व को मन्वादितिथि भी कहा जाता है। इस पर्व का एक उददेश्य काम दहन से भी है। कहा जाता है कि भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था, तभी से इस पर्व की शुरूआत होना बताई गई है। प्रकृति जब अपना आवरण बदलने लगे ,मौसम में बासंती ब्यार बहने लगे और लोगो में मस्ती का भाव जगने लगे तो समझो फाल्गुन आ गया और होली लोगो के दिलो पर दस्तक देकर उन्हे अपने रगं में रगंने लगती है। प्रकृति का यही उल्लास लोगो के मन में एक नई उमंग,एक नई खुशी, एक नई स्फूर्ति को जन्म देकर उनके मन को आल्हादित करती है। प्रकृति की इस अनूठी छटा व मादकता के उत्सव को होलिकोत्सव के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस पर हम सब रंगो से सराबोर हो जाते है।

होली के इस पर्व को यौवनोत्सव,मदनोत्सव,बसंतोत्सव दोलयात्रा व शिमागा के रूप में मनाये जाने की परम्परा है। लेकिन इस पर्व की वास्तविक शुरूआत प्रकृति परिवर्तन से ही होती है। प्रकृति अपना आवरण बदलती है। पेड पोधे अपने पुराने पत्तो को त्यागकर पेड का तना अपने बक्कल को छोडकर नये पत्तो व नये स्वरूप में परिवर्तित होते है। इसी प्रकार मनुष्य के शरीर की खाल तक धीरे धीरे बदल जाती है। पांच तत्वों से बना हमारा शरीर भी चूंकि प्रकृति का अंग है इसकारण वह भी मन और शरीर दोनो तरह से अपने आपमें परिवर्तन का अनुभव करता है। यही अनुभव हम होली के रूप में तहसूस करते है।

धार्मिक पुस्तको व शास्त्रों में होली को लेकर विभिन्न दन्त कथायें प्रचलित है। इन कथाओं के अनुसार नारद पुराण में यह पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के अन्त व भक्त प्रहलाद की ईश्वर के प्रति आस्था के प्रति विजय का प्रतीक है। प्रचलित कथा के अनुसार हिरण्य कश्यपको जब उनके पुत्र प्रहलाद ने भगवान मानने से इंकार कर दिया तो अहंकारी शासक हिरण्य कश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद की हत्या के लिए उसे आग में न जलने का वरदान प्राप्त होलिका की गोद में जलती चिता में बैठा दिया किन्तु होलिका का आग में न जलने का वरदान काम नही आया और वह आग में जलकर भस्म हो गई। जबकि प्रहलाद सकुशल बच गया। तभी से होलिकोत्सव पर होली दहन की परम्परा की शुरूआत हुई। होली पर्व पर गाये जाने वाले होली से जुडे लोकगीतो की अनूठी परम्परा है। मै कैसे खेलू होली सांवरियां के संगए कोरे कोरे कलस भराये उनमें धोला रंग। जैसे लोक गीत का गायन कर महिलाएं झूम झूम कर होली पर नृत्य भी करती है। होली के लोकगीतो में ब्रज में हरि होरी मचाईए इतते निकली सुधर राधिका उतते कुंवर कन्हाईखेलत फाग परस्पर हिलमिलए शोभा वरनी न जाई।

जहां लोकप्रिय हैए वही होली आई रे कन्हाई ब्रज के रसिया एहोली आई रे भी जोर सोर से गाया जाता है।

चाहे शहर हो या गांव हर गली मोहल्ले में पुरातन परम्परा से जुडी महिलायें पूर्णिमा की चांदनी में एकत्र होकर होली के गीत गाती है और होली नृत्य करती है। इन होली लोकगीतो में ,होली खेलो जी राधे सम्भाल के। जमना तट श्याम खेले होरी जमना तट । होरी खेलन आयों श्यामएआज याको रंग में बोरो सखी वृन्दावन के बीच आज ढफ बाजे है।

। फागुन आयों रे ऐ ली फागण आयों रे ,मेरी भीजे रेशम चुनरी रे,मै कैसे खेलूं होरी रे। होरी खेल रहे नन्द लाल मथुरा की कुंज गलिन मे। एआज बिरज की होरी रे रसिया होरी तो होरी बरजोरी रे रसिया उडत अबीर गुलाल कुमकुम केसर की पिचकारी रे रसिया। आदि शामिल है।

होली के पर्व को मुगल शासक भी शान से मनाया करते थे।

मुगल बादशाह अकबर अपनी महारानी जोधाबाई के साथ जमकर होली खेलते थे। बादशाह जहांगीर ने भी अपनी पत्नी नूरजहां के साथ रंगो की होली खेली। इसी तरह बादशाह औरंगजेब उनके पुत्र शाह आलम और पोत्र जहांदर शाह ने भी होली का त्योहार रंगो के साथ मस्ती के आलम में मनाया जिसका उल्लेख इतिहास में पढने को मिलता है। जिससे स्पष्ट है कि हिन्दू ही नही मुस्लमान भी होली का पर्व मनाते रहे है। पिरान कलियर के वार्षिक उर्स में पाकिस्तान से आने वाले जायरीन हर साल फूलो की होली खेलते है जिसमें हिन्दू और मुस्लमान दोनो शामिल होते है। राजस्थानी की होली रेगिस्तान की पहचान राजस्थान में सांभर की होली का अपना महत्व है। सांभर की होलीमनाने के लिए आदिवासी समाज की लडकियां वस्त्रो की जगह अपने शरीर को टेसू की फूल मालाओं से ढककर अपने प्रेमियों के साथ नदी किनारे जाकर सर्प नृत्य करती है। इस सर्प नृत्य के बाद इन लडकियो की शादी उनके प्रेमियों के साथ कर दी जाती है।

होली जिसमें देवर भाभी व जीजा शाली एक दुसरे को कोडे मार कर होली के रगं में रंग जाते है। इसी राजस्थान में होली पर अकबर बीरबल की शोभा यात्रा निकालकर होली का रगं व गुलाल खेला जाता है। राजस्थान के बाडमेंर में तो होली की मस्ती के लिए जीवित व्यक्तियों की शवयात्रा बैण्डबाजे के साथ निकालने की परम्परा है। वही राजस्थान के जालोर क्षेत्र में होली पर लूर नृत्य किया जाता है तो झालावाड क्षेत्र में गधे पर बैठकर होली की मस्ती में झूमने की परम्परा है। बीहड क्षेत्र में तो पुरूष धाधरा चोली पहन कर ढोल नंगाडे बजाते हुए होली का नृत्य करते है तथा होली का गायन करते है। मथुरा की लठठमार होली बीकानेर की डोलचीमार होली की कहानी भी गजब है।

मथुरा की लठठमार होली लठठमार होली मथुरा के बरसाने में खेली जाती है। जिसमें महिलाए पुरूषो पर लठठ से प्रहार करती है और पुरूष ढाल का उपयोग कर अपना बचाव करते है। इस लठठमार होली को देखने के लिए देश विदेश से बडी सख्या में श्रद्धालु मथुरा आते है। भले ही इस होली को लठठमार होली के रूप में मनाया जाता हो परन्तु किसी के भी मन में होली खेलते समय कोई बैर भाव नही होता सभी प्यार और माहब्बत को नया जन्म देने के लिए यह होली खेलते है। होली यानि पवित्र होने का दिन यूं तो होली रंगों का त्यौहार है ताकि जीवन रंग बिरगां रहे और कोई भी दुख दर्द पास न आने पाये लेकिन साथ ही यह पर्व पांच विकारों को त्यागने का भी एक बडा अवसर है। होली शब्द का अर्थ यदि हम अंग्रेजी के में देखे तो पवित्र होता है जिसका मायने है कि हमें होली पर पवित्र बनने का सकल्प लेना चाहिए। जिसके लिए जरूरी है काम,क्रोध,मोह लोभ और अहंकार से मुक्त हो जाना। तभी हमारा जीवन देवतूल्य बन सकता है और होली पर्व की सार्थकता हो सकती है। लेकिन कुछ लोग होली पर नशा करते है। एक दुसरे पर कीचड उछालते है और होली के रंग को बदरंग बना देते है। जो कि पूरी तरह से गलत है। होली का सही मायने है। आपसी भाई चारा बढाना और जो भी बैर भाव किसी के प्रति है उसे हमेशा हमेशा के लिए समाप्त कर देना। तभी होली का असली रसानन्द प्राप्त किया जा सकता है।

**डा0श्रीगोपाल नारसन**
**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। माँग की मजबूती से शनिवार को खाद्य तेलों में बाजार सुधार के रहे। तिलहनों में टिकाव रहा। चना कांटा व मसूर में सुधार देखा गया। किराना बाजार में कामकाज की मात्रा कम ही रही।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में माँग की मजबूती से बाजार सुधार पर नज़र आये। किन्तु तिलहनों में कीमतें बनी रही। दलहनों में चना कांटा 50 रू. प्रति क्वि?टल सुधार पर रहा, जबकि मसूर में आंश?िक तेजी देखी गयी। अन्य दलहनों में कमोवेश कीमतें बनी रही। उधर, किराना जिंसों में व्यापार बेहद सुस्त देखा गया। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** - शक्कर 3770-3830, खोपरा गोला 115-130, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 220-225, सांगली 290-300, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारि?क 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

**तेल** - सींगदाना 1480-1500, मुम्बई 1500, राजकोट तेलिया 2350, सोया साल्वेंट 920-925, सोया रिफाइंड 960-965, कपास्या 920, धूलिया 920-925, कड़ी 925,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1450, मुम्बई पाम 955, मुम्बई सोया 990,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1800, देवास-उज्जैन 1800, खंडवा-बुरहानपुर 1775, अकोला 2800 (प्रति क्वि?टल)

**तिलहन** - सरसो 6100-6200, रायडा 4500-4700, सोयाबीन 4400-4500, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 5800-5850, एवरेज 5400-5550, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5950-5975, एवरेज 5800-5850, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9600-9700, एवरेज 9400-9500, हल्की 8800-8900, तुअर महाराष्ट 10300-10400, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल - चना दाल एवरेज 7650-7750, मीडियम 7850-7950, बेस्ट 8050-8150, तुअर दाल सवा नं. 13100-13200, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 14900-15000, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10800-10900, बोल्ड 10000-11100, मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 260 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे –

चाँदी (9999) 74500, चाँदी (99) 74400, टंच 73600, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 66650,

## जनवरी-मार्च में छह शहरों में 35 फीसदी बढ़ेगी कार्यालय मांग- कोलियर्स

नई दिल्ली। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया का कहना है ?कि देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग मजबूत बनी हुई है। इन शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में कार्यालय स्थलों की मांग सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कोलियर्स इंडिया ने चालू तिमाही के खत्म होने के नौ दिन पहले जनवरी-मार्च के लिए कार्यस्थल बाजार पर आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार 2024 की पहली तिमाही के दौरान छह प्रमुख शहरों बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में कुल कार्यालय पट्टे 1.36 करोड वर्ग फीट तक बढने का अनुमान है।

## आज का राशिफल

मेष- कल का दिन बहुत अधिक आनंददायक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप कल अपने दफ्तर के काम को लेकर थोड़ी सी सावधानी जरूर बरते हैं अन्यथा, किसी भी लापरवाही के कारण आपके विरोधी आपका लाभ उठा सकते हैं और वह आपको आपके अधिकारियों के सामने नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

वृषभ- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने कार्यालय में थोड़ा सा उतार-चढ़ाव देखना पड़ सकता है. आपके किसी कार्य के गलत होने पर आपको आपके अधिकारियों से डांट भी खानी पड़ सकती है, परंतु अच्छा कार्य करने पर आपको अधिकारियों से तारीफ भी मिल सकते है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप को आपके व्यापार में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है, इसीलिए आप कोई डिल करते समय थोड़ी सी सावधानी आवश्य बरते. कल आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे आपका मन बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा।

मिथुन- कल का दिन परेशानी वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका मन आपके कार्यालय में नहीं लगेगा, किसी अज्ञात भय के कारण आप बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके व्यापार में लाभ के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिनसे आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आ सकता है।

कर्क- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक सुख संपदा के साथ में कार्य करेंगे, आपके अधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे, आपका दिन बहुत ही सुखद रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए कल धनु वृद्धि की कई रास्ते खुल सकते हैं, जिनसे आप अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं और व्यापार से संबंध में कई बड़े निर्णय अपने पार्टनर के साथ मिलकर ले सकते हैं।

सिंह- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्यक्षेत्र में अपने जूनियर्स की गलतियों को माफ कर दे, उनकी गलतियों को आप बड़े अधिकारियों तक ना पहुंचाएं, परंतु आप अपने कर्मचारियों को कार्य समय से पूरा करने के लिए समझाएं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके बिजनेस में तरक्की मिल सकती है. आपका व्यापार आपकी मेहनत के अनुसार बहुत आगे बढ़ सकता है. जिसमें आपको आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्य क्षेत्र में आपका कार्य बहुत अधिक अच्छा रहेगा, परंतु आपकी वाणी के चलते आप किसी मित्र से दूरी बना सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने व्यापार से संबंधित कुछ बातों पर अमल करना होगा. कल एक सही फैसले से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है अन्यथा, आपको बाद में पछताना भी पड सकता है।

तुला- कल बहुत बड़ा प्राप्त हो सकता है. नौकरी करने वाले जातकों के बात करें तो आप अपने कार्य क्षेत्र में किसी चीज को लेकर यदि बहुत दिनों से प्रयास कर रहे थे कल वह कार्य आपका पूरा हो सकता है जिससे आपके मन को बहुत अधिक प्रसन्नता मिलेगी। व्यापार करने वाले जातको की बात करें तो व्यापार में कल आपको आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आप अपने व्यापार को और आगे बढ़ा सकते हैं और आपका व्यापार बहुत अधिक उन्नति भी कर सकता है।

वृश्चिक- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल अपने कार्यक्षेत्र में कल आप बहुत अधिक सावधानी से कार्य करें अन्यथा, आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। कल आपके दांपत्य जीवन की बात करें तो कल आप अपने दंपति जीवन को लेकर किसी प्रकार का रिस्क ना उठाएं, आपके पारिवारिक खर्चों में अधिकता हो सकती है।

धनु- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर में आपको किसी खुशखबरी की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आपका मन बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप आर्थिक मामलों को जल्दी से ही सुलझाये तो अच्छा रहेगा. आपका कोई रुका हुआ धन भी आपको वापस मिल सकता है।

मकर- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपकी नौकरी के क्षेत्र में आपके कार्य से जुड़ी हुई स्थिति अच्छी रहेगी. आपके वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अचानक से आपके सहयोगियों का साथ मिल सकता है, जिसके कारण आपका रुका हुआ काम भी बन सकता है।

कुंभ- कल का दिन बहुत अधिक शानदार रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्यक्षेत्र में आपका भाग्य आपके साथ रहेगा. आप अपने दफ्तर में अपनी बुद्धि से सभी परिस्थितियों को अपने फेवर में कर सकते हैं. आप जीवन में बहुत अधिक तरक्की करेंगे, आपके अधिकारी आपके कार्य से खुश रहेंगे.

मीन- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. आपके मन में कल शांति रहेगी. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में बुद्धि से कार्य करेंगे. आप अपने अधिकारी का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे, आपके अधिकारी आपके कार्य से बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे।

## शब्दजाल - 7488

शब्दजाल में शबाना आजमी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

उमराव जान, गोडमदर, पतंग, इतिहास, एक आदमी, हम पांच, ज्वालामुखी, अवतार, देवता, परवरिश


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | उ | न | र | क |
| गो | ड | म | द | र | वा | जी | म | इ | अ | ल |
| आ | प | दे | पू | ह | जी | व | रा | का | व | दि |
| ए | ची | तं | श | ट | ज | प | व | पा | ता | र |
| क | त | ई | ग | में | व | खें | जा | भा | र | इ |
| आ | मे | म | दे | दे | व | ता | न | ई | न | ति |
| द | जं | न्स | मे | प | क | ता | या | ज्वा | है | हा |
| मी | म | क | ए | सं | र | प | र | ला | म | स |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | व | री | मु | न | क्स |
| त | ह | म | पां | च | बा | त्र | रि | खी | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | श | त | स |

### शब्दजाल - 7487 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म | मा | वी | र | जा | रा | न | ह | क | र |
| हा | शो | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | ग | ज |
| य | वी | का | द | डॉ | ल | त | र | जी | ल | वी. |
| श | र | दा | ज | ल | न | न | बा | र | सु | को |
| बॉ | दे | न | ष | ल | म | मी | छ | बा | नो | य |
| स | मी | व | स | जि | स्वा | क | प | द | स | ला |
| के | ह | बु | दा | वी | म | मी | टे | शा | रू | प |
| न | पू | सु | पा | स | पं. | सौ | ल | ह | र | स |
| प | र | दे | स | ह | प | ने | ने | व | जी | त |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | थ |
| म | ह | न | मो | ह | ब्ब | ते | न | ज | ल | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6432



**ऊपर से नीचे:-**

१.'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6431

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रि | प्यू | जी | ■ | बे | मि | सा | ल | ■ | क |
| शि | ■ | न | म्र | ता | ■ | या | ■ | फ | र्ज |
| ता | क | त | ■ | बी | ना | ■ | सु | र | ■ |
| ■ | र्त | ■ | श्र | ■ | स्ति | ■ | ■ | दी | पा |
| दि | व्य | श्र | क्ति | ■ | क | न्या | दा | न | ■ |
| ल | ■ | रा | ■ | रो | ■ | ■ | ग | ■ | ई |
| से | ह | रा | ■ | श्र | र्मी | ली | ■ | घा | त |
| ■ | थि | ■ | स | नी | ■ | ला | रा | ■ | का |
| द | या | वा | न | ■ | पॉ | ■ | जा | लि | म |
| स | र | ■ | म | न | च | ली | ■ | सा | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**24 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.05 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.45 बजे से |
| मंगल | मकर में | मिथुन | 10.43 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.57 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 15.13 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कन्या | 17.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.36 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.50 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.06 बजे से |
| | | मकर | 02.12 बजे से |
| | | कुंभ | 03.58 बजे से |
| | | मीन | 05.31 बजे से |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2024 वर्ष का 84 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 09.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 07.34 बजे को समाप्त। **योग** गण्ड 20.34 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 09.56 बजे तदनन्तर विष्टि 23.14 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 32' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871928 **जूलियन दिन** 2460393.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 13 **विशेष** छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, विश्व क्षय रोग (टी.बी.) दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सत्संग का प्रभाव

एक बार मगध के राजा चित्रांगद अपने मंत्री के साथ प्रजा के सुख-दुख का पता लगाने के लिए दौरे पर निकले। जंगल में उन्होंने एक तपस्वी को देखा। राजा ने उनके पास पहुंचकर कहा, 'मैं यहां का राजा हूं। आप सोने की कुछ मोहरें रख लीजिए और जंगल से बाहर सुखपूर्वक अपना जीवन बिताइए।' तपस्वी बोले, 'पुत्र, मैं तो एक ऋषि हूं, भला मोहरों का मेरे पास क्या काम? आप इन मोहरों को किसी निर्धन को दे दीजिए।' इस पर राजा ने कहा, 'लेकिन आपको भी तो जीविकोपार्जन के लिए धन की आवश्यकता होती होगी न? आप इन मोहरों को क्यों ठुकरा रहे हैं?' तपस्वी बोले, 'पुत्र, हम स्वर्ण रसायन से तांबे को सोना बना देते हैं। उसी से अपनी जीविका चलाते हैं।' यह सुनकर राजा हैरान रह गए। उन्होंने तपस्वी से निवेदन किया, 'कृपया मुझे भी वह कला सिखा दीजिए। इससे हमारे राज्य में कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं होगी और मेरी प्रजा अपना सारा जीवन आराम से व्यतीत करेगी।' राजा की बात पर तपस्वी बोले, 'राजन, मैं आपको वह कला सिखा दूंगा किंतु उसके लिए आपको एक वर्ष तक मेरे साथ रह कर साधना करनी होगी।' राजा अपनी प्रजा के हित के लिए तपस्वी के साथ साधना करने को तैयार हो गए। वह एक वर्ष तक निःस्वार्थ तपस्वी के साथ साधना करते रहे। इस बीच उन्हें यहां पर सच्चे अध्यात्म और आनंद की प्राप्ति हुई और उनका धन से मोह दूर हो गया। एक दिन तपस्वी बोले, 'आओ राजन, आज मैं आपको तांबे से सोना बनाने की कला सिखाता हूं।' तपस्वी की बात पर राजा ने कहा, 'अब मुझे स्वर्ण रसायन की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस एक वर्ष में आपने मेरे पूरे अस्तित्व को ही अमृत रसायन में परिवर्तित कर डाला है। बस आप मुझे आशीर्वाद दीजिए कि मैं निःस्वार्थ भाव से ऐसे ही प्रभु का स्मरण करते हुए अपने कार्य करूं।' तपस्वी राजा को आशीर्वाद देकर वहां से चले गए।

## सूडोकु नवताल- 6741

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6740 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 7956



**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

### शब्द पहेली -7955 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | न | ब | न | ■ | सौ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | री | ■ | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | ■ | द | म | न | ■ | ल |
| ■ | ध | र | ती | ■ | झ | ■ | रा | ज |
| फि | ■ | क | मा | नी | दा | र | ■ | ला |
| त | न्हा | ■ | र | ■ | र | ह | म | ■ |
| र | ■ | म | दा | री | ■ | ना | र | द |
| त | र | का | री | ■ | जा | ■ | घ | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | प | न | घ | ट | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## बीते सप्ताह शेयर बाजार में हल्की कमजोरी रही




मुंबई। बीते सप्ताह वै?श्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होने से घरेलू शेयर बाजारों में हल्की कमजोरी रही। बीते सप्ताह कमजोरी के साथ शुरू हुए शेयर बाजार सप्ताह के आ?खिर में तेजी के साथ बंद हुए। शेयर बाजार में सप्ताह में तीन ?दिन ?गिरावट और दो ?दिन तेजी के साथ शुरुआत हुई। बीते पांच कारोबारी ?दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत ?गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 48 अंक बढ़कर 72,798 पर खुला और 104.99 अंक की बढ़त के साथ 72748.42 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 9 अंक की गिरावट के साथ 22,015 पर खुला और 32.35 अंक तेजी के साथ 22055.70 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई सेंसेक्स 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ 72,397 पर खुला और 736.37 अंक टूटकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी हल्की ?गिरावट के साथ 21,953 के स्तर पर खुला और 238.25 अंक के नुकसान से 21,817.45 पर बंद हुआ। ब्याज दरों पर यूएस फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले वैश्विक बाजारों से मिले संकेतों के आधार पर भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 212 अंक बढ़कर 72,233 पर खुला और 89.64 अंक की बढ़त के साथ 72,101.69 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 71 अंक की बढ़त के साथ 21,888 पर खुला और 21.65 अंक चढ़कर 21,839.10 पर बंद हुआ। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 595.02 अंक मजबूत होकर 72,696.71 पर खुला और 539.50 अंक की तेजी के साथ 72,641.19 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 181.85 अंक चढ़कर 22,020.95 अंक पर खुला और 172.90 अंक की बढ़त के साथ 22,012.00 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेवा प्रदाता कंपनी एसेंचर की ओर से वित्तीय वर्ष 2024 के लिए राजस्व में कमी की आशंका जताने के बाद सेक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 422 अंक टूटकर 72,218 पर खुला और 190.75 (0.26 फीसदी) अंकों की मजबूती के साथ 72,831.94 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 116 अंक फिसलकर 21,895 पर खुला और 84.80 (0.39 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 22,096.75 पर बंद हुआ।

## मेघा इंजीनियरिंग ने आसपास ही खरीदे कई चुनावी बांड

नई दिल्ली। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हासिल करने की तारीख के आसपास ही कई चुनावी बांड खरीदे। इसमें जम्मू-कश्मीर में 4,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाई जा रही जोजिला सुरंग परियोजना भी शामिल है। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी चुनावी बॉन्ड से संबंधित आंकड़ों के मुताबिक हैदराबाद स्थित कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने कुल 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। चुनावी बांड खरीदने के लिहाज से यह कंपनी दूसरे स्थान पर रही है। इसी साल कंपनी ने अक्टूबर-नवंबर में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एशिया की सबसे लंबी सड़क सुरंग परियोजना हासिल की थी। एमईआईएल ने मार्च, 2023 में मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में बुलेट ट्रेन स्टेशन के निर्माण के लिए 3,681 करोड़ रुपये की परियोजना हासिल की थी। इसके अगले महीने अप्रैल, 2023 में कंपनी ने कुल 140 करोड़ रुपये के बांड खरीदे। एमईआईएल ने अक्टूबर 2019 में पांच करोड़ रुपये के बांड खरीदे थे।

## इंश्योरेंस खरीदने वालों की खत्म होगी दिक्कत, इरडा ने बीमा सुगम को मंजूरी दी

नई दिल्ली । भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी 125वीं बोर्ड मीटिंग में 7 अन्य नियमों के साथ इलेक्ट्रॉनिक बीमा बाजार बीमा सुगम को मंजूरी दे दी है। इरडा के इस फैसले के बाद से इंश्योरेंस खरीदने वालों के लिए काफी आसानी होगी। अब से इंश्योरेंस खरीदने के लिए लोगों को हर कंपनी की वेबसाइट या कंपनी के एजेंट्स से संपर्क ही एकमात्र रास्ता नहीं है। बीमा सुगम के द्वारा एक ऐसा इंश्योरेंस इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा जहां सभी इंश्योरेंस कंपनियों की जानकारी एक प्लेटफॉर्म पर मौजूद होगी।

बीमा नियामक के बोर्ड ने 'बीमा सुगम' प्लेटफॉर्म को मंजूरी दे दी है, जहां पॉलिसीधारक प्रीमियम की तुलना कर सकते हैं, और बीमा उत्पादों की एक पूरी रेंज को देखकर और अपनी जरूरत के हिसाब से खरीद सकते हैं। ये प्लेटफार्म जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा कैटेगरी के इंश्योरेंस को लिस्ट करने के लिए तैयार है। इस बार में आईआरडीएआई ने कहा, यह बाज़ार ग्राहकों, बीमाकर्ताओं, मध्यस्थों और एजेंटों सहित सभी बीमा हितधारकों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में काम करता है, जिससे इंश्योरेंस पॉलिसी से में पारदर्शिता और सहयोग को बढ़ावा मिलता है।

इसके पहले, इरडा के अध्यक्ष ने बीमा सुगम को बीमा उद्योग के लिए यूपीआई जैसा कहा था। फरवरी में जारी मसौदा नियमों में, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत गठित बीमा सुगम को गैर-लाभकारी इकाई के रूप में नोट किया गया था, जहां उपभोक्ताओं से मंच की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# भक्त प्रह्लाद की याद में आज जलेगी होली

## असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है होली त्योहार





**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। नगर में होली पर्व के चलते व्यापारियों ने अपनी अपनी होली से संबधित प्रतिष्ठान रंग गुलाल, पिचकारियों सहित अन्य सामग्रियों से सजा ली है। आज 24 मार्च को होली का दहन होगा वहीं 8 एवं 9 मार्च को क्षेत्र में होली रंग गुलाल की धुम नजर आयेगी। रंगो के त्योहार के लिए विभिन्न सामग्रियों से बाजार सज गए है। इसमें विभिन्न प्रकार के रंगो के अलावा तरह-तरह की पिचकारियां मुखौटे, गाठियां तथा अनेक वेश भूषा शामिल है। नगर के अलावा ग्रामों में भी होली की दुकाने सजी दिखाई दे रही है।**

### मिठाईयों से सजी दुकानें

होली पर्व के समय शक्कर से बनी हुई गाठियो का भी विशेष महत्व बताया जाता है अन्य हर त्यौहारों मे अलग अलग मिठाईयों का महत्व होता है ठिक इसी प्रकार होली पर्व पर यह गाठिया प्रचलित है जो की नगर की प्रत्येक स्वल्पाहार गृह, होटल आदि दुकानों के साथ साथ विशेष तौर पर व्यापारी अलग से दुकान लगा कर यह शक्कर से बनी हुई मिठाई बेचते है, इस मिठाई को तैयार करने का भी एक अलग ही तरीका है।

### होलिका दहन 2024 शुभ मुहूर्त

होलिका दहन को लेकर शुभ मुहूर्त के विषय मे जानकारी में बताया जा रहा है कि 24 मार्च को होलिका दहन होना है। इस दिन होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 10 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक है। इस समय आप होलिका दहन कर सकते हैं। कल रंगोत्सव का पर्व मनाया जायेगा।

# सेन नाई समाज ब्लॉक लांजी की बैठक संपन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सेन नाई समाज लांजी की 23 मार्च शनिवार को समाज ब्लॉक लांजी की जनरल बैठक आयोजित की गई। बैठक समाज के संरक्षक मंडल, एवं समस्त पदाधिकारियों के साथ आगामी होली पर्व तथा समाज के हित व दायित्व तथा अन्य विशेष चर्चाओं को लेकर की गई । बैठक संरक्षण मंडल के सदस्य नंदकिशोर जुझार की अध्यक्षता में संपन्न की गई। संतोष श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष एवं समाज के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में अनेक बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमे होली मिलन समारोह शनिवार 30 मार्च 24 को काली मंदिर लांजी में होली मिलन समारोह रखना निश्चित किया गया। समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों का श्रीफल से जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों बालाघाट के द्वारा सम्मानित किया जावेगा। उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। समाज ब्लॉक लांजी के सेक्टर प्रभारी ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई जिसमे रवि भारद्वाज पिता छन्नू लाल भारद्वाज ग्राम टेमनी भानेगांव सेक्टर प्रभारी, जगदीश जामबूरकर मनेरी, प्रभारी गोविंदा खुरंगे बहेला सेक्टर प्रभारी, संजय भारद्वाज भूसाडोंगरी, भवानी नंदनवार साडरा प्रभारी, कमलेश शांडिल्य सेक्टर प्रभारी बेलगांव लोडामा, नेवारवाही सेक्टर प्रभारी प्रभुदयाल शांडिल्य को नियुक्त किया गया एवं ग्रामीण समिति तत्काल निर्माण कर समाज में प्रस्तुत करवाने प्रस्ताव रखे गए। वार्ड नंबर 5 काली मंदिर के पास से नाई समाज की प्रस्तावित भूमि समाजीक भवन हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। सेन जयंती भव्य रूप से मनाने का विचार विमर्श किया गया। बैठाक में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास, संरक्षक मंडल के सदस्य एवं अध्यक्ष नंदकिशोर जुझार, बाबूलाल भारद्वाज, महेश लांजेवार, राकेश श्रीवास, नरेश श्रीवास, तेजलाल भारद्वाज, संजय भारद्वाज, कमलेश शांडिल्य, रवि भारद्वाज, भवानी नंदनवाल, सतीश श्रीवास, निरंजन सेन सचिव अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# शासकीय महाविद्यालय द्वारा रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं डीएस रणदा के मार्गदर्शन में 23 मार्च दिन शनिवार को स्वीप गतिविधि का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। जिसमें लांजी विकासखंड में एसडीएम प्रदीप कौरव व सीईओ सफी मोहम्मद कुरैशी के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर के शासकीय महाविद्यालय लांजी में प्राचार्य आर. आर. सोनवाने, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रो. कांता वर्मा, प्रो. गोलू परते एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। मतदाता जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य युवा और नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान का महत्व बताना है। साथ ही मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना है।




# देवलगांव में हुआ परमात्मा एक सेवकों का जनजागृति कार्यक्रम





लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम देवलगांव में 23 मार्च 24 को परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मण्डल लांजी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान बाबा हनुमान जी की कृपा से एवं मानव धर्म के संस्थापक महान त्यागी बाबा जुमदेव जी के आदेशानुसार मानव जन जागृति अंध श्रृद्धा, बुरे व्यस्न, बुरी भावना को दुर करने, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, नशा छुड़ाओ, बेटा बचाओ एवं समाज शिक्षा प्रकाश फैलाने, मानव को मानवता की राह पर चलने हेतु प्रेरित करने के लिये जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष परम पूज्य परमात्मा सेवक एक संतोष चोरनेले, उद्घाटक पपू परमात्मा सेवक एक मण्डल मुख्य कार्यकर्ता एचटी किरमे, मुख्य अतिथि प्यारेलाल नौखरे, ओमकार मण्डलवार, सुन्दरलाल पांचे धनीराम कावरे, कमलचंद जामरे, रवि भारद्वाज, लखन लाल ठाकरे, राजू पांचे, परमेश्वर नागफासे, गिरिश पारधी, महेन्द्र पटेल जनपद सदस्य लांजी, पूष्पा कमलकिशोर ठाकरे सरपंच देवलगांव, गुलाब बिसेन, गौरीशंकर हरिनखेडे, मंच संचालन ओमप्रकाश जोशी के द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत उक्त अतिथियों की उपस्थिती में प्रातः 7 बजे ग्राम लाड़सा में हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके उपरांत शोभा यात्रा सुखराम ठाकरे लाडसा के निवास स्थान से प्रातः 8 बजे निकली जो कि 11 बजे ग्राम देवलगांव में चम्हारटोली ईजीएस स्कूल प्रांगण मानव धर्म जनजागृति कार्यक्रम स्थल पर पंहुची जहा शोभा यात्रा का सभी भक्त मण्डल ने स्वागत किया गया। तथा 12 बजे से 4 बजे तक मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां समस्त अतिथियों के द्वारा अपने अपने उद्बोधन रखे गये और मानव धर्म से जुडी, परमात्मा एक सेवक मण्डल के उद्देश्यो को सभी आम जन के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम अंत में संगीतमय ऑर्केष्ट्रा का आयोजन किया गया।

**आवश्यकता है**

कार चलाने हेतु ड्राईव्हर की आवश्यकता है

योग्यता-10वीं पास, वेतन- 10000 +

बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही संपर्क करें

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स

चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एवं मॉल द्वितीय तल, मोन रोड, बालाघाट (मप्र)

मो. 9244872544

फोन - 07632-244911

मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 6.30 से 8.30 बजे तक

# मोटरसाइकिल चालक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम दहेगांव देवलगांव मार्ग पर शनिवार के शाम लगभग 6 मोटरसाइकिल चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिए जाने के चलते साइकिल सवार गिरकर घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ग्राम देवलगांव निवासी तनूज कमलप्रसाद मेश्राम 17 वर्ष अपने साथी निखिल रामेश्वर मेश्राम 18 वर्ष के साथ अपनी साइकिल से दहेगांव की ओर जा रहे थे, वहीं दहेगांव की ओर से आ रही प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक एम एच 35 क्यू 4752 का चालक इशूलाल ज्ञानीराम एड़े 40 वर्ष ग्राम केरेगांव निवासी ने नहर के पास लक्ष्मण बागड़े के खेत के समीप साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में तनूज कमलप्रसाद मेश्राम 17 वर्ष का घुटने के नीचे पैर टूट गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए गोंदिया ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल चालक इशूलाल ज्ञानीराम एड़े शनिवार साडरा बाजार से घर जा रहा था एवं नशे की हालत में होना बताया जा रहा है।



# महाविद्यालय में पर्यावरण नियोजन कार्यक्रम आयोजित

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन पर्यावरण विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार इको क्लब के द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। उक्त कार्यक्रम वन्यजीव प्रेमी निशांत देशमुख के द्वारा वन्यजीव के महत्त्व, उनके संरक्षण के उपाय को विस्तृत रूप से बताया गया। इनके द्वारा निर्मित वन्यजीव डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया जिसे विद्यार्थियों के द्वारा बहुत उत्सुकता से देखा गया। व्याख्यान उपरांत जिज्ञाशु विद्यार्थियों के सवालो के जवाब और विषय पर भी चर्चा की गयी। दूसरा व्याख्यान दोमदत्त सिंह, सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र के द्वारा जैवविविधता संरक्षण चुनौतियाँ और अवसर पर दिया गया। दोमदत्त के द्वारा जैवविविधता को संरक्षण करने के उपाय और वन्यजीव संरक्षण के लिए देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में चलने वाले पाठ्यक्रम की जानकारी विद्यार्थियों को दी गयी। साथ ही भविष्य में इन पाठ्यक्रमो से सृजित होने वाले रोजगार के अवसरों को भी बताया गया। विद्यार्थियों के द्वारा पोस्टर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जैवविविधता संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा विषय पर किया गया। जिसमें ४० प्रतिभागियों के द्वारा सहभागिता की गयी। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण के प्रति जागरूक कर इसे संरक्षण के उचित प्रयास की जानकारी देना था। इस दौरान प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, एस डी तिरपुड़े, डॉ प्रवीण पन्द्रे, हेमन्त गनवीर, नरेन्द्र कुमार डोंगरे, डॉ. शाइस्ता कुरैशी, डॉ दौलतराम ग्वालवंशी, श्रीमती हर्षिता मेश्राम, डॉ तपेश चौरे, सुनिल कुमार चौरे, संतोष कुमार गोखले, पराग पालेवार ,त्रिरत्नेश गजभिये सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# रामपायली के चारों ओर लगा गंदगी का अंबार

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम रामपायली में लंबे समय से नगर के सभी वार्डों में गंदगी का सामराजय बढ़ता ही जा रहा है। साफ सफाई वर्ष में एक बार ग्राम पंचायत के द्वारा की जाती है । लेकिन दोबारा फिर इन गंदगी की ओर देखा भी नहीं जाता है, जिससे वार्ड वासियों को गंदगी में रहने विवश होना पड़ता है। मक्खी मच्छरों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है, इस ओर सरकार की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत का ध्यान ना जाना हास्यापद जान पड़ता है । वार्डों की गंदगी तो जागरूक लोग यदा कदा अपने स्तर पर समाप्त कर देते हैं ,लेकिन सार्वजनिक स्थानों में मौजूद गंदगी का आलम यह है कि मार्ग पर गंदगी फैल रही है। जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । नगर के श्री राम मंदिर पहुंच मार्ग जहां एक हैंडपंप मौजूद है, उसके बाजू में गहरा गड्ढा है । जो गड्ढा में गंदा पानी ना जाकर बाहर दिखाई देता है, इसी तरह लंगड़े हनुमान जी के दर्शन करने जाने वाले लोगो को भी सार्वजनिक मुत्रालय की गंदगी को लांघकर दर्शन करने पर विवश होना पड़ रहा है । इस दिशा में स्थानीय सरपंच को भी अवगत कराया गया है कि उक्त सार्वजनिक मुत्रालय के समीप एक गहरा गड्ढा खोदकर सोकफीट बनाया जाए। जिससे गंदगी उक्त गड्ढे में जाकर समाहित हो और गंदगी बाहर मार्ग पर ना जा सके लेकिन आज तक इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा सका है। जिससे दर्शनार्थियों में भारी आक्रोश बना हुआ है , कि श्री राम मंदिर के लिए प्रसिद्ध रामपायली जो जिले की धर्म नगरी है । जहां स्वच्छता अभियान अपने चरम पर आज तक नहीं आ पाया है। यहां स्वच्छता अभियान केवल कागजी घोड़े पर दिखाई देता नजर आ रहा है ।



लांजी में ''पद्मेश''

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# सेन्ट्रल जेल में नहीं मनेगी भाईदूज!

## आचार संहिता के चलते इस बार भी सूना रहेगा जेल में बंद भाइयों का माथा

भोपाल। होली के बाद भाईदूज पर बहनें यदि जेल में बंद भाइयों को माथे पर टीका करने जाने की सोच रही हैं तो उनके लिए अच्छी खबर नहीं है। लोकसभा चुनाव के चलते इस बार भी आचार संहिता लागू है और भाईदूज का त्योहार जेल में नहीं मनाया जाएगा। दीपावली की दौज पर भी विधानसभा चुनाव के चलते बहनें निराश होकर लौटी थीं। बहनों ने सेन्ट्रल जेल के बाहर हंगामा भी किया था। पर जेल प्रशासन का कहना था कि उनको विभाग से आदेश नहीं मिला है। इस बार भी अभी तक आदेश नहीं आए हैं।




सेन्ट्रल जेल में सजा काट रहे बंदियों को इसबार होली के त्योहार के बाद भाईदूज पर बहनों से मिलना नहीं हो पाएग। उनका माथा चुनाव आचार संहिता के चलते सूना ही रह जाएगा। बीते तीन साल से कोरोना महामारी के चलते जेल में भाई-बहन की मिलाई पर प्रतिबंध था, लेकिन पिछले साल यह मिलाई होली पर ही शुरू हुई थी। होली और रक्षा बंधन पर बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका भी किया और मिठाई भी खिलाई, लेकिन इस बार होली पर लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। ऐसे में जेल के बंदर मिलााई पर रोक है।

### दीपावली पर भी नहीं हुई थी मिलाई

इससे पहले विगत साल 2023 में दीपावली पर विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होने पर जेल में बहनें अपने भाइयों के माथे पर मंगल टीका नहीं कर पाई थीं। उन्हें उम्मीद थी कि होली पर भाइयों से मुलाकात कर इसकी भरपाई कर लेंगी, लेकिन होली से पहले ही आचार संहिता लग गई। आचार संहिता लगते ही बहनें मायूस है कि इस बार भी वह भाइयों से नहीं मिल पाएंगी और उनका माथा सूना रहेगा।

### प्रदेश सरकार ने शुरू कराई थी मिलाई

पहले मुख्य त्योहारों पर बहनें खुले मैदान में अपने भाइयों से मिलाई करती थीं, कोरोना महामारी आने पर आमने-सामने की मिलाई बंद कराकर जेल प्रबंधन ने कांच की दीवार बनाकर टेलीफोन से बातचीत की व्यवस्था की थी। गत वर्ष रक्षाबंधन पर मिलाई ना होने से जेल में भाइयों की कलाई सुनी रहने का पता चलते ही प्रदेश सरकार ने दूसरे दिन रक्षाबंधन का पर्व जेल में मनवाया था और खुले मैदान में मिलाई कराकर बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम का धागा बांधा था।

## चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर मंत्रालय अविनाश शर्मा को उत्कृष्ट सेवा पदक

### - पुलिस महानिदेशक से लेकर सिपाही तक पदक में शामिल, डीजीपी ने जारी की सूची

भोपाल। पुलिस मुख्यालय, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा वर्ष 2022 के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना और निर्देशों के तारतम्य में स्थापित केन्द्रीय गृहमंत्री का अति-उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेवा पदक मध्यप्रदेश के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी अति-उत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। जिसमें मंत्रालय के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर अविनाश शर्मा को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया।

अविनाश शर्मा वर्तमान में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा, भोपाल में पदस्थ होकर चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर मंत्रालय का कार्य संपादित कर रहे हैं । बता दें कि अभी हाल ही में मंत्रालय में लगी भीषण आग को नियंत्रित करने में अविनाश शर्मा और उनकी टीम ने काफी ईमानदार प्रयास किए थे। यही कारण है कि होम डिपार्टमेंट के महत्वपूर्ण और अति गोपनीय सी सेक्शन से लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की समस्त शाखाओं को आग से बचा लिया गया था। इनमें अति-उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए 102 तथा उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए 108 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन हुआ है। जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी अति-उत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह पदक प्रदान किया गया है। उनमें स्पेशल डीजी से लेकर सिपाही तक शामिल हैं। इसमें अविनाश शर्मा, निरीक्षक (वि.स.वल) (का.उ.पु.अ.), म.प्र. पुलिस अकादमी, भौंरी को भी उनकी उल्लेखनीय सेवाओं हेतु उत्कृष्ट सेवा पदक मिला है।

## आरजीपीवी में करोड़ो के गबन का मामला

### अहमदाबाद से गिरफ्तार आरोपी चार दिन के रिमांड पर

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए 19 48 लाख के गबन के मामले में एसआइटी ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर एक आरोपी कुमार मयंक को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। मयंक से पूछताछ के लिये कोर्ट ने उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। बताया गया है कि आरोपी मयंक के खाते में मोटी रकम ट्रांसफर हुई है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना पुलिस से बीती 3 मार्च को आरजीपीवी के कुलसचिव डा. मोहन सेन ने लिखित शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि एक जनवरी 2017 से लेकर अब तक लगातार वित्तीय गड़बडी करते हुए विवि के विद्यार्थियों की एफडी की जमा 19 करोड़ रुपये से अधिक की रकम को जालसाजी कर हड़प लिया गया है। शिकायत के साथ प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों की जॉच के बाद पूर्व कुलपति प्रो. सुनील कुमार, तत्कालीन कुलसचिव आरएस राजपूत, वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा, मयंक कुमार, दलित संघ सोहागपुर व अन्य के खिलाफ धारा- 420, 467, 468, 120 (बी) एवं 7/13-एक (ए), 13(2), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला कायम किया गया है। करोड़ो की रकम के गबन के मामले की छानबीन के लिए एसीपी बैरागढ़ अनिल शुक्ला के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया। इसमें टीम में आइएएस सोमेश मिश्रा, आरडीवीवी के कुलपति राजेश वर्मा सहित फाइनेंस के अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। एसआइटी ने इस मामले में एक आरोपी मयंक कुमार को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। बताया गया है की गबन के समय आरोपी मयंक कुमारर आरबीएल बैंक में काम कर रहा था। आरजीपीवी के खाते से मयंक के खाते में करोड़ों की रकम ट्रांसफर की गई थी। मयंक के साथ ही दलित संघ सोहागपुर के एकाउंट में भी करीब 10 करोड़ की रकम ट्रांसफर की गई थी। पुलिस अफसरो का कहना है कि आगे की जॉच के दौरान सामने आये साक्ष्यो के आधार पर अन्य आरोपियो को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल टीम मयंक से लगातार पूछताछ कर रही है, जिसमें गबन को लेकर कई खुलासे हो सकते हे।

## पहली, छठी और 9वीं की किताबें बदलेंगी

### - 9वीं में पढ़ना होंगे अब 10 विषय, लागू होगा थ्री

भोपाल। स्कूली बच्चों से पढ़ाई का बोझ कम करने व उन्हें स्किल्ड करने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पहली, छठी और 9वीं कक्षा की किताबें बदलने की तैयारी कर रहा है। एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग) इस पर काम कर रहा है। संभवतः अगले सत्र (2025-26) से नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। आने वाले समय में 9वीं के विद्यार्थियों को 9 के बजाए 10 विषयों की पढ़ाई करना होगा। सभी में पास होने के बाद ही 10वीं में प्रमोशन दिया जाएगा। 9वीं की पढ़ाई में थ्री लेंग्वेज सिस्टम लागू किया जाएगा। हिंदी, अंग्रेजी के अलावा एक क्षेत्रीय भाषा चुनना होगी। इस तरह तीन लैंग्वेज, तीन कोर सब्जेक्ट्स (साइंस, मैथ्स, सोशल साइंस) और चार स्किल सब्जेक्ट (आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिजिकल एजुकशेन, आर्ट, डिजाइन थिंकिंग सहित अन्य में से) की पढ़ाई होगी।



9वीं के स्टूडेंट्स यदि फ्रेंच या जर्मन जैसी भाषा सीखना चाहता हैं तो वे अतिरिक्त विषय के रूप में उसे चुन सकेंगे, यह उनके लिए 11वां विषय होगा। सीबीएसई ने इन बदलाव से जुड़ा प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। संभवतः 2025-26 सत्र से नई व्यवस्था लागू हो जाएगी।

### एनसीईआरटी कर रहा नई किताबों पर काम

एनसीईआरटी पहली, छठी और 9वीं कक्षा के लिए नई किताबों को लेकर काम कर रहा है। बच्चों से पढ़ाई का प्रेशर कम करने सहित उन्हें स्किल्ड करने पर फोकस किया जा रहा है। पहले 2024-25 सत्र से ही नई किताबें कोर्स में शामिल करने की योजना थी, लेकिन काउंसिल सदस्यों में आम सहमति नहीं होने से इस सत्र में पुरानी किताबें ही पढ़ाई जाएंगी।

### पांचवीं और आठवीं में नो डिटेंशन पॉलिसी नहीं

2025-26 के सत्र में पांचवीं और आठवीं के स्टूडेंट्स के लिए नो डिटेंशन पॉलीसी लागू करने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके तहत यदि किसी स्टूडेंट्स को 25 फीसदी से कम नंबर आते हैं या उसकी उपस्थित 75 फीसदी से कम है तो अगली क्लास में प्रमोट नहीं किया जाएगा। अब तक पहली से आठवीं तक किसी को फेल नहीं करने को लेकर नो डिटेंशन पॉलीसी लागू है। सीबीएसई ने अगले (2024-25) सत्र में स्कूलों को स्टूडेंट्स को साल में 800 घंटे पढ़ाने की अनिवार्यता से पालन करने के सख्त आदेश दिए हैं। नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत पढ़ाई के घंटों के आधार पर स्टूडेंट्स को क्रेडिट प्वॉइंट मिलेंगे, जो उनके डीजी लॉकर में जमा होंगे। 30 घंटे पढने पर एक क्रेडिट प्वॉइंट मिलेगा।

### छठी कक्षा में 8 विषय

सीबीएसई एक्सपर्ट श्याम अग्रवाल ने बताया 1 अप्रैल से शुरू हो रहे नए सत्र में छठी कक्षा में विद्यार्थियों को 6 के बजाए 8 विषयों की पढ़ाई करना होगी। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा एक क्षेत्रीय भाषा और एक स्किल सब्जेक्ट (आईटी, एआई, फिजिकल एजुकेशन, आर्ट सहित अन्य में से) का चुनाव करना होगा।

## कांग्रेस ने जिला प्रभारी-सहप्रभारियों में परिवर्तन कर नवीन दायित्व सौंपे

### श्री पटवारी ने की पूर्व जिला प्रभारी-सहप्रभारी के कार्यों की सराहना

भोपाल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मप्र प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह के निर्देश पर आसन्न लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा संगठनात्मक स्तर पर जिले में नियुक्त जिला प्रभारियों-सह प्रभारियों के दायित्वों में परिवर्तन कर नवीन दायित्व सौंपे गये हैं। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि जिलों में संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेसजनों को सौंपे गये जिला प्रभारी-सह प्रभारी के नवीन दायित्व निम्नानुसार हैंः- मुरैना-प्रभारी सुनील शर्मा सहप्रभारी अनुरूद्ध सिंह, श्योपुर-दिनेश गुर्जर सहप्रभारी रामहरि शर्मा, भिंड-प्रभारी वासुदेव शर्मा, सहप्रभारी अमित राय, ग्वालियर- प्रभारी बैजनाथ कुशवाहा सहप्रभारी पंजाब सिंह यादव, अशोकनगर- प्रभारी सुरेन्द्र सुहाने सहप्रभारी राजकुमारी रघुवंशी, दतिया-प्रभारी भगवान सिंह तोमर सहप्रभारी सुनील सोनू कुशवाहा, शिवपुरी-लखन सिंह यादव सहप्रभारी उमेश मंगल और प्रेमनारायण यादव, गुना-प्रभारी राघवेन्द्र शर्मा सहप्रभारी आनंद राजपूत, सागर-प्रभारी अवनीश भार्गव सहप्रभारी अजय दांतरे, सागर शहर-प्रभारी राजभान सिंह सहप्रभारी सुरेन्द्र रघुवंशी, छतरपुर-प्रभारी प्रभुसिंह ठाकुर सहप्रभारी राजकुमार चौहान, दमोह-प्रभारी हर्ष यादव सहप्रभारी किरन अहिरवार, पन्ना-प्रभारी अजय टंडन सहप्रभारी धर्मेन्द्र गौतम डब्बू, टीकमगढ़-प्रभारी संजय दुबे सहप्रभारी आदित्य सिंह, निवाड़ी-प्रभारी जितेन्द्र गौर सहप्रभारी जय किसन मांझी, रीवा-प्रभारी सुनील शर्राफ, सतना-प्रभारी विनय सक्सेना सहप्रभारी विनोद शर्मा, सीधी-प्रभारी राजा बघेल सहप्रभारी उमा धुर्वे, सिंगरौली-प्रभारी गुरमीत सिंह मंगू सहप्रभारी अमरीश मिश्रा, शहडोल-प्रभारी नीरज बघेल सहप्रभारी राजेश चौबे, अनूपपुर-प्रभारी अजय अवस्थी सहप्रभारी शिवराजसिंह ठाकुर, उमरिया-प्रभारी जगदीश सेनी, सहप्रभारी ब्रजेन्द्र शर्मा, डिंडौरी-प्रभारी कदीर सोनी सहप्रभारी त्रिभूवन प्रताप सिंह, जबलपुर-प्रभारी सुनील जैन सहप्रभारी अभिनव ढिमोले, कटनी-प्रभारी वीरेन्द्र द्विवेदी, बालाघाट-प्रभारी रजनीश सिंह सहप्रभारी शशांक दुबे, छिंदवाड़ा-प्रभारी सुनील जायसवाल, मंडला-प्रभारी दिनेश यादव सह प्रभारी आनंद पंजवानी, नरसिंहपुर-प्रभारी विवेक अवस्थी सहप्रभारी राजेश पटेल, सिवनी-प्रभारी समीर खान, नर्मदापुरम-प्रभारी सुखदेव पांसे सहप्रभारी लक्ष्मी नारायण पंवार, बैतूल-प्रभारी आरिफ मसूद सहप्रभारी राजकुमार केलू उपाध्याय, हरदा-प्रभारी निलय डागा सहप्रभारी बंटू गुर्जर, भोपाल-प्रभारी प्रियव्रत सिंह सहप्रभारी मनोज कपूर, रायसेन-प्रभारी सुश्री अंजू बघेल सहप्रभारी राजेन्द्र रघुवंशी, राजगढ़-प्रभारी गोविंद गोयल सहप्रभारी सोमिल नाहटा, सीहोर-प्रभारी निशंक जैन सहप्रभारी सोनू शर्मा और जयश्री हरिकरण, विदिशा-प्रभारी अमित शर्मा और सहप्रभारी महेन्द्र गुर्जर, उज्जैन-प्रभारी बाबूलाल यादव, रतलाम-प्रभारी प्रताप ग्रेवाल सहप्रभारी आशीष भूरिया, शाजापुर-प्रभारी कैलाश परमार सहप्रभारी यासिर हसनात सिद्वीकी, देवास-प्रभारी धर्मेन्द्र चौहान सहप्रभारी अमित दुबे, मंदसौर-प्रभारी अर्चना जायसवाल सहप्रभारी भूरू बापू, नीमच-प्रभारी चेतन यादव सहप्रभारी गजेन्द्र सिसोदिया, आगर मालवा-प्रभारी तरूण बहेती सहप्रभारी प्रदीप सदानी, इंदौर-प्रभारी रवि जोशी सहप्रभारी संजीव सक्सेना, खंडवा-प्रभारी कैलाश कुंडल सहप्रभारी अशलम लाला, बुरहानपुर-प्रभारी अमन बजाज, धार-प्रभारी निर्मल मेहता सहप्रभारी अनीस मामू, झाबुआ-प्रभारी हमीद काजी सहप्रभारी दीपक गुर्जर, खरगोन-प्रभारी जयसिंह ठाकुर सहप्रभारी अंकित पाठक, अलीराजपुर-प्रभारी प्रभु राठौर सहप्रभारी सोहिल निसार, बड़वानी-प्रभारी झूमा सोलंकी सहप्रभारी चंद्रभान चंदेल, पांढुना-प्रभारी रवि भदौरिया, मऊगंज-प्रभारी प्रियदर्शन गौर और मैहर-प्रभारी नारायण प्रजापति और सहप्रभारी मनु मिश्रा को बनाया गया है। श्री पटवारी ने पूर्व में जिला प्रभारियों सहप्रभारियों को सौंपे गये दायित्व अनुसार उनके द्वारा पार्टी और संगठनात्मक कार्यों में किये गये सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर उनके कार्यों की सराहना की है।

## बस परमिटों पर 2 अप्रैल तक जारी रहेगी रोक

### - परिवहन विभाग द्वारा जल्द सुनवाई के आवेदन को कोर्ट ने खारिज किया, अस्थायी परमिट वाले बस संचालक बरात परमिट लेकर दौड़ा रहे बसें

भोपाल। इंदौर से प्रदेश के प्रमुख मार्गों पर संचालित होने वाली बसों के स्थायी और अस्थायी परमिट 2 अप्रैल तक जारी नहीं हो सकेंगे। कोर्ट द्वारा इस मामले में सुनवाई के लिए लगाए गए आवेदन को खारिज कर दिया है। अब 2 अप्रैल को सुनवाई में निर्णय के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। इसके कारण इंदौर की 300 से ज्यादा बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा बसों के स्थायी परमिटों की सुनवाई आयोजित किए जाने पर एक बस संचालक द्वारा कोर्ट में याचिका लगाते हुए इस पर आपत्ति ली थी। बस संचालक का तर्क था कि परिवहन विभाग बिना बसों की फ्रिक्वेंसी (दो बसों के बीच समय का अंतर) और रूट फार्मूलेशन तय किए बिना परमिट जारी नहीं कर सकते हैं और सुनवाई भी नहीं कर सकते हैं। इस पर कोर्ट ने स्टे दे दिया था। इस पर परिवहन विभाग द्वारा बसों के अस्थायी परमिट जारी करने पर भी 1 मार्च से रोक लगा दी है। परिवहन अधिकारियों का कहना है कि अस्थायी परमिट एक माह के लिए होते हैं और माह खत्म होने के बाद बस संचालक को दोबारा नया आवेदन करना होता है, लेकिन कोर्ट ने नए परमिटों की सुनवाई और जारी करने पर रोक लगाई है। इसके कारण इंदौर की 300 से ज्यादा बसों को 1 मार्च से अस्थायी परमिट नहीं मिल पा रहा है। इस मामले के निराकरण के लिए पिछले दिनों परिवहन विभाग ने हाई कोर्ट में इस मामले को प्राथमिकता पर सुने जाने के लिए विशेष आवेदन किया था। अधिकारियों ने बताया कि कोर्ट ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला इतना ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। अब मामले की सुनवाई की अगली तारीख 2 अप्रैल की लगी है। इस दिन सुनवाई तक परमिट जारी नहीं हो पाएंगे। इस दिन भी स्टे खारिज होता है, तब ही परमिट जारी हो पाएंगे, अन्यथा निराकरण तक रोक जारी रहेगी।

### बरात परमिट लेकर दौड़ा रहे बसें, चुकाना पड़ रहा ज्यादा टैक्स

अधिकारियों ने बताया कि बस संचालकों द्वारा रूट्स पर अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए नए परमिटों की सुनवाई को हमेशा बाधित किया जाता है। कभी नेताओं से फोन करवाए जाते हैं तो कभी कोर्ट में आपत्ति लगाई जाती है। इस बार यह आपत्ति बस संचालकों के गले की हड्डी बन गई है, क्योंकि उनके ही परमिट अटक गए हैं। बसों का संचालन जारी रखने के लिए बस संचालक बरात परमिट लेकर बसों को चला रहे हैं, जिसके लिए उन्हें ज्यादा टैक्स भी चुकाना पड़ रहा है और परिवहन विभाग जांच के दौरान ऐसी बसों पर कार्रवाई भी कर रहा है, क्योंकि बरात परमिट पर नियमित बसों का संचालन नहीं किया जा सकता है।

### बस संचालक बोले- सभी बसों को बंद कर देंगे

परमिट जारी न हो पाने से नाराज बस संचालकों ने पिछले दिनों आरटीओ प्रदीप शर्मा को धमकी देते हुए कहा था कि वे सभी बसों का संचालन बंद कर देंगे। इस पर आरटीओ ने कल सभी बस संचालकों की आरटीओ ऑफिस में बैठक बुलाई थी। इसमें आरटीओ ने कहा कि परमिट जारी करने पर रोक बस संचालकों की याचिका के आधार पर ही कोर्ट ने लागू की है। इसमें विभाग कुछ नहीं कर सकता है। अगर बस संचालन बंद करेंगे तो ये कोर्ट के आदेश का विरोध होगा। इस पर बस संचालक निरुत्तर हो गए। अधिकारियों ने बस संचालकों को यह भी समझाया कि अगर वे मामले का जल्द निराकरण चाहते हैं तो जिस बस संचालक ने याचिका लगाई है, उसे याचिका वापस लेने को कहें, जिससे मामला खत्म हो जाएगा और नए परमिट जारी होने लगेंगे।

## मप्र में भगवा होगा और गहरा, कांग्रेस में मचेगी भगदड़

भोपाल। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का परवान गर्म होता जा रहा है। वैसे-वैसे दल बदल की रफ्तार भी तेज होती जा रही है। बदलते सियासी मिजाज भापकर बड़ी संख्या में कांग्रेसी पंजा का साथ छोड़कर कमल थामने में लगे हुए हैं। प्रदेश के सभी 29 संसदीय क्षेत्रों में कांग्रेसियों का पलायन जारी है। यही सियासी हलचल संकेत दे रहे हैं कि होली के बाद भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी हाथ का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में हार और संगठन में बदलाव के बाद कांग्रेस में जिस तरह की स्थिति बनी हुई है उसको देखते हुए कांग्रेसी अब भाजपा में किसी तरह प्रवेश करने का रास्ता तलाशने में जुटे हैं। यह बात कांग्रेसी भी दबी जुबान से स्वीकारने लगे हैं कि प्रदेश में कांग्रेस का संगठन अब कमजोर हो गया है और कई जिलों में तो कोई भी ऐसा नेता नहीं बचा है जो कांग्रेस पार्टी के पास असरदार हो और लोगों के साथ-साथ संगठन को भी मजबूत बनाकर लोकसभा चुनाव में असरदार हो सके। जिस प्रकार से कांग्रेस के नेताओं का लगातार ही समूचे प्रदेश में भाजपा में जाने का क्रम लगा हुआ है। उससे भाजपा कांग्रेसमय होती जा रही है।

## पूर्व विधायक मनोज चावला कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को कांग्रेस नेता व आलोट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज चावला और कांग्रेस नेता प्रमोद गुगलिया ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली। दोनों नेता रतलाम में होटल रूद्र पैलेस स्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में दोनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। मनोज चावला के कांग्रेस छोड़ने के बाद पार्टी में उनका विरोध भी शुरू हो गया है। रतलाम के नामली नगर में कांग्रेस नेताओं ने पोस्टर में लगे मनोज चावला के मुंह पर कालिख पोतकर विरोध दर्ज करवाया।

## मीठी सुपारी खाने पर सातंवी के छात्र को 50 थप्पड़ मारने के मामले में आयोज ने लिया संज्ञान

भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग ने ऐशबाग थाना इलाके में एक कोचिंग क्लास में शिक्षक द्वारा सातवीं के छात्र को 50 थप्पड़ मारने के आरोप के मामले में संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश देते हुए की गई कार्यवाही के संबध में तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है, कि भोपाल शहर के ऐशबाग थाना क्षेत्र में आयुष्मान नाम की कोचिंग में सातंवी कक्षा के एक छात्र को मीठी सुपारी खाने को लेकर 50 थप्पड़ मारने के कारण छात्र के गाल पर गंभीर निशान बन गये और उसकी आंखों में खून जम गया। शिक्षक के खिलाफ ऐशबाग थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में जानकारी के अनुसार ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहने वाला 13 साल का किशोर एक निजी स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है। बीते एक महीने से वह जावेन्द्र नामक युवक के पास कोचिंग पढ़ने जा रहा था। जावेन्द्र बारहवीं तक के बच्चों को कोचिंग पढ़ाता है। 19 मार्च की शाम करीब 7 बजे छात्र कोचिंग सेंटर पहुंचा था। करीब 8 बजे उसके पास में बैठे एक दोस्त ने उसे मीठी सुपारी दी जिस पर छात्र ने उसे खा लिया। उसे सुपारी खाता देख कोचिंग में पढ़ा रहा जावेन्द्र को इतना गुस्सा आया कि उसने छात्र को बेरहमी से पीटते हुए कसकर उसके कान भी खींच डाले। मारपीट से छात्र की आंख, गाल, कान और पीठ पर चोट आई। घर पहुंचने पर उसकी हालत देख जब मां ने पूछताछ की तब उसने सारी घटना बता दी। इसके बाद अगले दिन परिवार वाले उसे थाने पहुंचे जहॉ शिकायत मिलने पर पुलिस ने जावेन्द्र के खिलाफ मारपीट और जेजे एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया।

## पीएचक्यू से सुरक्षा हासिल करने वाले अब राडार पर

### खतरा नहीं तो सुरक्षा नहीं, होगा आडिट

भोपाल। स्थानीय स्तर पर जिन्हें पुलिस सुरक्षा दी गई थी, उनकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को हटा लिया गया है। अब ऐसे स्वयंभू वीवीआइपी राडार पर हैं, जिन्होंने साठगांठ और ऊंची पहुंच का इस्तेमाल कर पुलिस मुख्यालय से सुरक्षा हासिल कर ली थी। अब इनका दोबारा आडिट करवाने के लिए पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा जा रहा है, इसके बाद आडिट में यह जांचा जाएगा कि वास्तविकता में इन्हें खतरा है या नहीं। अगर खतरा नहीं होगा तो तुरंत इनकी सुरक्षा हटा ली जाएगी। इसी तरह सशुल्क सुरक्षा हासिल करने वालों का आडिट स्थानीय स्तर पर शुरू हो गया है।

ग्वालियर में संजय शर्मा और दिलीप शर्मा द्वारा जिस तरह से पुलिस सुरक्षा का दुरुपयोग किया जा रहा था, उसी तरह से कई ऐसे लोगों ने सुरक्षा हासिल कर ली थी जिन्हें न तो जान का खतरा है और न ही इनके पास कोई संवैधानिक पद है। ग्वालियर में इन्हें रेवड़ी की तरह सुरक्षा बांटी गई थी, इसके पीछे वजह थी- इनकी ऊंची पहुंच और साठगांठ।

### 21 लोगों की पुलिस सुरक्षा छीनी

अब तक पूर्व विधायकों सहित 21 लोगों की पुलिस सुरक्षा छीन ली गई है। अब भी पुलिस मुख्यालय से जिन्हें सुरक्षा मिली है, उनकी सुरक्षा नहीं हटाई गई है, क्योंकि इन्हें सुरक्षा देने का आदेश पुलिस मुख्यालय से है। इसी तरह सशुल्क सुरक्षा हासिल करने वालों की भी सुरक्षा नहीं हटी है। पुलिस मुख्यालय को इस संबंध में पत्राचार ग्वालियर पुलिस की ओर से किया जा रहा है, जिसमें पुलिस मुख्यालय से सुरक्षा जिन्हें दी गई है, उनपर खतरे का आडिट करवाने के लिए लिखा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय से जिन्हें सुरक्षा मिली है, उनमें से किसी के भी पास संवैधानिक पद नहीं है, न ही कोई ऐसी आपराधिक घटना हाल ही में इनके साथ हुई है, जिससे इन्हें सुरक्षा की जरूरत हो, इसके चलते पुलिस अधिकारी खुद ही आडिट कराकर इनकी सुरक्षा हटाने को लेकर प्रयास कर रहे हैं। वहीं जिन्हें सशुल्क सुरक्षा दी गई है, उनका आडिट संबंधित थानों से करवाया जा रहा है। इनकी रिपोर्ट मांगी गई है। जानकारों का कहना है कि जिन्होंने पुलिस सुरक्षा हासिल की थी, उनमें से कई चेहरे ऐसे हैं, जो पुलिस सुरक्षा की दम पर कारोबार कर रहे थे। रियल एस्टेट से लेकर लाइजनिंग तक में पैसा कमाया। कुछ लोगों के बारे में बताया जा रहा है- यह लोग पहले तो शादियों से लेकर उठावनी तक में बिना पहचान, बिना बुलाए पहुंच जाते थे, लेकिन अब ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। पहले पुलिस सुरक्षा की दम पर चेहरा चमकाते थे, अब चेहरा छिपा रहे हैं, क्योंकि इनका असली चेहरा आम जनता के सामने आने लगा है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला आज

जयपुर। लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल सके थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा। लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी।




आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं, लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी।

रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां टीम को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है, जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा। इन मंझे बल्लेबाजों तथा रॉयल्स के अनुभवी स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

लखनऊ के पास भी रवि बिश्नोई के रूप में उपयोगी स्पिनर है, जो आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर विश्व कप की टीम में जगह बनाने के लिए मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेगा। साथ ही 41 वर्षीय स्पिनर अमित मिश्रा के अनुभव का भी लखनऊ को फायदा मिलेगा, लेकिन मार्क वुड और डेविड विली के बाहर होने तथा भारतीय खिलाड़ियों मयंक यादव और मोहसिन खान के फिटनेस से जुड़े मुद्दों के कारण उसका तेज गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है।

### संभावित प्लेइंग 11

**राजस्थान रॉयल्स** - जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन (कप्तान, विकेटकीपर), रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** - क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, दीपक हुडा, केएल राहुल (कप्तान), निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, मार्कस स्टोइनिस, क्रुणाल पंड्या, नवीन-उल-हक, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई।

## आईपीएल थकाऊ नहीं...लेकिन इस दौरान यात्रा करना सबसे बड़ी चुनौती- पैट कमिंस

कोलकाता। पहली बार किसी टी20 टीम की अगुआई कर रहे आस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि क्रिकेट का छोटा प्रारूप थकाऊ नहीं है, लेकिन दो महीने तक चलने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान यात्रा करना और विभिन्न टीमों से भिड़ने के लिए अलग तरह की तैयारी करना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। कमिंस पर सनराइजर्स हैदराबाद की किस्मत बदलने की बड़ी जिम्मेदारी है जो पिछले सत्र में अंतिम पायदान पर रही थी।

कमिंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुरूआती मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह ऐसा प्रारूप है जिसमें मैंने पहले कभी कप्तानी नहीं की है।आज मेरा पहला मैच होगा। थोड़ी तैयारी के साथ मैं खेलने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि इस लीग की अपनी चुनौतियां हैं। आप 6-7 हफ्ते में 14 मैच खेलते हो, इसके अलावा फाइनल भी है। मैं टेस्ट क्रिकेट खेलने का आदी हूं इसलिए 4 ओवर से शरीर थकता नहीं है। लेकिन यात्रा करना मानसिक रूप से मुश्किल हो सकता है। फिर आप कुछ दिन में एक नई टीम के साथ खेलते हो तो आपको इसके लिए तैयारी भी करनी होती है।

कमिंस ने कहा कि लेकिन इसमें कुछ भी नया नहीं है, हमने इसे पहले भी किया है। इसलिए निश्चित रूप से पर मैच के दिन सबसे महत्वपूर्ण हैं, यहीं पर हम अपनी ज्यादातर ऊर्जा लगाते हैं। कोई भी टीम सभी 14 मैच में एक ही अंतिम एकादश से नहीं खेलती है।

## गायकवाड़ की तारीफ कर गावस्कर ने कहा, कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू प्रभावशाली

चेन्नई। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के के उदघाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी की तारीफ कर कहा कि एक कप्तान के तौर पर उनका डेब्यू प्रभावशाली था।



जीत पर रुतुराज को बधाई देकर गावस्कर ने कहा, 'एक कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू काफी अहम हो जाता है। आप जीत के साथ अपने कप्तानी करियर की अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं और वैसा ही हुआ। मैच के दौरान गेंदबाजी में चतुराई से किया गया बदलाव प्रभावशाली था। जिस तरह से उन्होंने मुस्तफिजुर का इस्तेमाल किया वह बिल्कुल अदभूत था। उन्होंने अंतिम ओवर के लिए दीपक चाहर की जगह तुषार देशपांडे पर भरोसा जताया। मुझे लगता है कि यह किसी अन्य गेंदबाज का उपयोग करने का अवसर था, लेकिन वह फिर भी तुषार पर अड़ा रहा, और देशपांडे ने शानदार अंतिम ओवर के साथ जवाब दिया। तब मुझे लगता है कि कप्तानी सबसे प्रभावशाली थी।

गावस्कर ने कहा 'निश्चित रूप से, उनके आसपास एमएस धोनी हैं, जो उनका मार्गदर्शन करते हैं, उन्हें बताते हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। कभी-कभी, एमएसडी जैसे अनुभवी और निपुण व्यक्ति का छोटा सा इशारा भी बड़ा अंतर पैदा कर देता है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा, 'अगर मैं फाफ डु प्लेसिस होता तब मैं लक्ष्य का पीछा कर सकता था। वह विकेट बिल्कुल सपाट था। यह स्पिनरों के लिए विकेट नहीं था, यहां सीम गेंदबाजों को मौका मिला। मुझे लगता है कि आरसीबी को पीछा करना चाहिए था।

# हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आज उतरेगी मुंबई इंडियंस

अहमदाबाद। हार्दिक पांड्या रविवार को जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तब हार्दिक का लक्ष्य रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने पर होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया, जहां रोहित की जगह कप्तान बनाया गया है। हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलने वाले है। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखकर हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी।




वहीं टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है। जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ और दिलशान मदुशंका पहले ही आईपीएल से बाहर हो चुके हैं, जबकि नए खिलाड़ी गेराल्ड कोएत्ज़ी भी मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं और वह भी शुरू में कुछ मैच से बाहर रह सकते हैं।

मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित इस सत्र में खुलकर बेल्लबाज के रुप में खेलने वाले हैं, और वह विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना चाहते है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के घरेलू क्रिकेट में खेलने के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण उन्हें बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था और अब वह खुद को साबित करने के लिए बेताब है। मुंबई के पास हार्दिक के अलावा मोहम्मद नबी और रोमारियो शेफर्ड के रूप में ऑलराउंडर के अच्छे विकल्प मौजूद हैं।

जहां तक टाइटंस का सवाल है, तब गिल के लिए टीम की पिछले दो सत्र की निरंतरता को बरकरार रखना चुनौती होगी। गिल को भारत के भावी कप्तान के रूप में भी देखा जा रहा है लेकिन इससे पहले उन्हें खुद को आईपीएल में साबित करना होगा। गिल पिछले सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल थे और उनकी टीम यही उम्मीद कर रही होगी की कप्तानी के दायित्व का उनकी बल्लेबाजी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। टाइटंस को भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की कमी खलेगी जो एड़ी के ऑपरेशन के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। उसके लिए हालांकि अच्छी खबर यह है कि अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान पीठ की चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं।

### संभावित प्लेइंग 11

**मुंबई इंडियंस** - रोहित शर्मा, इशान किशन, तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, टिम डेविड, हार्दिक पांड्या (कप्तान), मोहम्मद नबी, गेराल्ड कोएत्ज़ी, क्वेना मफाका, जसप्रित बुमरा, पीयूष चावला

**गुजरात टाइटंस** - शुबमन गिल (कप्तान), रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, विजय शंकर, डेविड मिलर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, जोश लिटिल, उमेश यादव, मोहित शर्मा

**समय - शाम 7.30 बजे से।**

## टी20 क्रिकेट में 12000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने कोहली

### जडेजा की पांचवीं गेंद पर सिंगल लेकर हासिल की उपलब्धि

नई दिल्ली । विराट कोहली ने आईपीएल 2024 के पहले ही मैच में अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। कोहली ने चेन्नई सुपरकिंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू के खिलाफ आईपीएल सीजन के पहले ही मैच में ये कारनामा किया। उन्होंने छठा रन पूरा करते ही टी20 क्रिकेट में 12000 रन पूरे कर लिए। विराट ने इसके साथ वेस्टइंडीज के धुरंधर क्रिस गेल, कायरन पोलार्ड, ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ओपनर डेविड वॉर्नर और शोएब मलिक के विशिष्ट क्लब में भी जगह बना ली। कोहली ने 7वें ओवर में रवींद्र जडेजा की पांचवीं गेंद पर सिंगल लेकर ये उपलब्धि हासिल की।

कोहली टी20 क्रिकेट में 12 हजार रनों का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के छठे, जबकि भारत के पहले बल्लेबाज बने हैं। आईपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व विराट कोहली के 376 मैचों में 11994 रन थे। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन वेस्टइंडीज के आक्रामक ओपनर गेल के नाम पर हैं। गेल ने 463 टी20 मैचों में 14562 रन बनाए हैं, जबकि 542 मैचों में 13360 रन बनाकर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक दूसरे नंबर पर हैं। विंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड 660 मैचों में 12900 रन बनाकर तीसरे, वहीं एलेक्स हेल्स 446 मैचों में 12319 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं। डेविड वॉर्नर के 370 मैचों में 12065 रन हैं। भारतीय बल्लेबाजों में विराट के बाद रोहित शर्मा का नंबर आता है, जो 426 टी20 मैचों में 11156 रन बनाकर कोहली के बाद दूसरे भारतीय हैं। गेल टी20 में 22 शतक जड़ चुके हैं, जबकि वॉर्नर और विराट के नाम आठ सेंचुरी दर्ज है। रोहित के नाम टी20 में 7 शतक हैं। कोहली आईपीएल में 2 टीमों के खिलाफ 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

# जीत के बाद गायकवाड़...चिंता की कोई बात नहीं माही भाई मेरे साथ

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तान के रूप में शानदार शुरुआत करने वाले रुतुराज गायकवाड़ ने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को शानदार जीत दिलाई। रुतुराज के शांत और संयमित नेतृत्व में सीएसके ने शानदार प्रदर्शन कर आरसीबी के 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकेट से शानदार जीत हासिल की।

टॉस हारने और पहले मैदान में उतरने के बावजूद रुतुराज बेफिक्र रहे, उन्होंने गेंदबाजी में आश्चर्यजनक बदलाव किए, खासकर पावरप्ले के दौरान। पावरप्ले के अंतिम ओवर में मुस्तफिजुर रहमान को शामिल करने का उनका निर्णय महत्वपूर्ण साबित हुआ, क्योंकि बांग्लादेशी तेज गेंदबाज ने महत्वपूर्ण विकेट लेते हुए आरसीबी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया और उन्हें 5 विकेट पर 72 रन पर रोक दिया।




मैच के बाद रुतुराज ने टीम के प्रदर्शन पर संतुष्टि व्यक्त की और शुरू से ही खेल पर उनके पूर्ण नियंत्रण पर जोर दिया। उन्होंने सुधार के क्षेत्रों को स्वीकार किया, विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने में कि उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पारी के दौरान बल्लेबाजी करें ताकि लक्ष्य का पीछा करना आसान हो सके। रुतुराज ने कहा, मैंने हमेशा इसका आनंद लिया है। राज्य की ओर से अतिरिक्त दबाव महसूस नहीं किया है। एक बार भी मुझे किसी चीज का दबाव महसूस नहीं हुआ। जाहिर तौर पर माही भाई मेरे साथ थे। रुतुराज ने कहा, शुरुआत से ही पूरा नियंत्रण। 2-3 ओवर इधर-उधर लेकिन फिर स्पिनर आए तब हम नियंत्रण में थे। 10-15 रन कम होते तब अच्छा होता लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की। उन्होंने कहा, बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं, लेकिन दो-तीन चीजों पर काम करना है।

सीएसके के लिए मुस्तफिजुर की उल्लेखनीय शुरुआत, चार विकेट लेने और अपना सर्वश्रेष्ठ आईपीएल प्रदर्शन देने से मैच का माहौल तैयार हो गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके के बल्लेबाजों ने उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन किया जिसमें रचिन रवींद्र ने टीम के लिए अपने पदार्पण मैच में सिर्फ 15 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेली। रुतुराज ने स्वयं संयमित 15 रनों का योगदान दिया जबकि डेरिल मिशेल, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे और रवींद्र जड़ेजा जैसे खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान किया जिससे उनकी टीम के लिए आसान जीत सुनिश्चित हुई।

## आरबीसी की हार पर कप्तान प्लेसिस का बयान, चेन्नई के फिरकी गेंदबाज हमेशा हमें रोक देते

चेन्नई। चेन्नई के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रदर्शन हमेशा से खराब रहा है। आईपीएल 2024 के ओपनिंग मुकाबले में भी इसमें कोई बदलाव नहीं दिखाई दिया। बेंगलुरु ने पहले खेलकर भले ही 173 रन बनाए लेकिन चेन्नई के बल्लेबाजों के आगे बेहद कम साबित हुए थे। बेंगलुरु को छह विकेट से हार झेलनी पड़ी। मैंच हराने के बाद बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि हमेशा जब आप खेलते हैं, तब 6 ओवर के बाद आपको थोड़ी गिरावट मिलती है। बीच के ओवरों में चेन्नई बहुत अच्छी टीम है, वे अपने स्पिनरों से आपको रोक देती है। शायद हम लगभग 15-20 रन कम रह गए, पिच उतनी खराब नहीं थी जितनी हमने पहले 10 ओवरों में खेली थी। वे लक्ष्य का पीछा करने में हमेशा आगे रहे हैं। हमने कुछ विकेट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन अंत में हमारे पास पर्याप्त रन नहीं थे। इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करना हमेशा बेहतर होता है।



डुप्लेसिस ने कहा कि पिछले साल रिकॉर्ड पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों की ओर गया था। आज गेंद हमारे स्पिनरों के साथ थोड़ी पकड़ में आने लगी। दिनेश के लिए अपना सीज़न सेट करना वास्तव में अच्छा है, खासकर ऐसे व्यक्ति के लिए जिसने बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। अनुज ने हमारे लिए कुछ अच्छा काम दिखाया है। उन्होंने संयम दिखाया है जोकि टीम के लिए जरूरी होता है।

## मैक्सवेल ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच...आउट होने वाले रहाणे को भी यकीन नहीं

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ग्लेन मैक्सवेल बेशक बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन फील्डिंग ने उन्होंने कमाल का कैच लपका। पारी के 11वें ओवर में कैमरून ग्रीन की गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने गेंद को बेहतरीन अंदाज में फ्लिक किया था। गेंद लगभग सिक्स के लिए जा रही थी, तभी बाउंड्री पर मैक्सवेल ने हवा में छलांग लगाते हुए एक हैरतअंगेज कैच लपका। इस कैच को देखकर खुद रहाणे को भी यकीन नहीं हुआ। मैक्सवेल के कैच से रहाणे का विकेट आरसीबी को उस समय मिला जब वह रचिन रविंद्र के साथ वह धुआंधार अंदाज में बैटिंग कर रहे थे। हालांकि, उनकी पारी 27 रन से आगे नहीं जा सकी। रहाणे ने इस दौरान 18 गेंद का सामना किया जिसमें उन्होंने दो बेहतरीन छक्के भी लगाए।



आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2024 के पहले मुकाबले में सीएसके की टीम ने जीत के साथ अपनी शुरुआत की है। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने मैच में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। सिर्फ 78 रन के स्कोर पर आरसीबी ने अपने 5 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद अनुज रावत और दिनेश कार्तिक मिलकर जैसे तैसे स्कोर को 173 रन पहुंचाने में सफल रहे। इस दौरान अनुज ने 25 गेंद में तूफानी अंदाज में बैटिंग करते हुए 48 रनों की दमदार पारी खेली। आरसीबी के द्वारा दिए गए 174 रनों के लक्ष्य के जवाब में सीएसके की शुरुआत जबरदस्त रही थी। सीएसके के लिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने पारी का आगाज किया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। रुतुराज 15 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन रचिन रविंद्र ने अपना तूफान जारी रखा। हालांकि वह 15 गेंद में 37 रनों की पारी खेल कर आउट हो गए। इसके बाद शिवम दुबे और रविंद्र जडेजा ने मिलकर टीम को आसानी से 8 गेंद शेष रहते ही 176 रन के स्कोर तक पहुंचाकर 6 विकेट से जीत दिला दी।

## डिसिल्वा की कप्तानी पारी और मेंडिस की सेंचुरी के बदौलत श्रीलंका ने कस दिया बांग्लादेश पर शिकंजा

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका ने गजब की वापसी की। एक वक्त 57 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी श्रीलंकाई टीम टेस्ट मैच में मुश्किलों में घिर गई थी लेकिन इसके बाद धनंजय डिसिल्वा की कप्तानी पारी और कामिंदु मेंडिस की पहली सेंचुरी के दम पर श्रीलंका ने मेजबान बांग्लादेश पर शिकंजा कस दिया। श्री लंका को जहां 100 रन के लाले पड़ने वाले थे, वहीं डिसिल्वा और मेंडिस ने 200 से ज्यादा रनों की साझेदारी की टीम का पहली पारी में स्कोर 280 पर पहुंचाया।

पहले दिन स्टंप तक श्रीलंका ने बांग्लादेश की पहली पारी में 32 रन तक 3 विकेट झटक लिए थे। मेजबान बांग्लादेश से पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद श्रीलंका ने 57 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद डिसिल्वा और कामिंदु दोनों ने समान 102 रन की शतकीय पारियां खेलकर टीम को संभाला। इसके बाद श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 3 झटके देकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में मदद की। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज खालिद अहमद और नाहिद राणा ने तीन तीन विकेट झटके। श्रीलंकाई कप्तान डिसिल्वा और कामिंदु के अलावा दिमुथ करूणारत्ने 17 और कुसल मेंडिस 16 रन का योगदान दिया। बाकी अन्य खिलाड़ी दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। स्टंप तक बांग्लादेश के लिए महमूदुल हसन जॉय 9 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं, जबकि ताइजुल इस्लाम ने खाता नहीं खोला था।

कप्तान डिसिल्वा ने इसके बाद राणा की गेंद पर अपना शतक जमाया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का जड़ा। खालिद ने निशन मदुशंका को 2 के निजी स्कोर पर थर्ड स्लिप में खड़े मेहदी हसन मिराज के हाथों कैच कराया। बांग्लादेश ने अपना पहला विकेट दूसरे ओवर में गंवाया।

## धोनी के कप्तानी छोड़ने के फैसले को इस खिलाड़ी ने बताया गलत

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से एक नया कप्तान देखने को मिला। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेलने वाली टीम को ऋतुराज गायकवाड के हाथों में सौंप दिया गया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ पहले मैच में टीम ने जीत से सीजन की शुरुआत की। धोनी के कप्तानी छोड़ने के फैसले से दिग्गज खुश नहीं हैं। एबी डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही बड़ी गलती है। मेरे लिए एक कप्तान के तौर पर धोनी 5 खिलाड़ी के बराबर हैं। क्या यह बदलाव टीम के लिए काम करेगा, मैं इस लेकर कुछ पक्का नहीं हूं। हमें फिलहाल इंतजार करना होगा और देखते हैं। मैं अब भी मानता हूं कि यह एक गलती है। वही है जो पिछली बार की गई थी। मुझे ऐसा लगता है चेन्नई सुपर किंग्स धोनी के नेतृत्व के बिना कुछ नहीं है। ऋतुराज की कप्तानी गलत फैसला होगा।

चेन्नई की कमान थामने वाले गायकवाड ने कप्तान में बदलाव करने पर कहा, पिछली साल ही धोनी ने कप्तानी को लेकर कुछ हद तक इशारा किया था। उन्होंने इस बात को लेकर संकेत दिए थे कि तैयार रहना, यह तुम्हारे लिए एक सरप्राइज होने वाला है। हम जब इस बार कैंप के लिए जमा हुए तब उन्होंने मुझे कुछ मुकाबलों में इसी तरह से शामिल किया था।

## ओपनिंग मुकाबले में आरबीसी के हार पर आया रचिन रवींद्र का बयान, जीत का श्रेय संपूर्ण प्रदर्शन को

चेन्नई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का 16 साल बाद एम चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को हराने का सपना अधूरा ही रह गया। बेंगलुरु ने आखिरी बार साल 2008 में चेन्नई को मैदान पर हराया था लेकिन इसके बाद चेन्नई ने ऐसी धाक जमाई क बेंगलुरु की टीम जीत हासिल नहीं कर सकी। चेन्नई टीम दोनों टीमों के बीच हुए 31 मुकाबलों में 21 जीतकर आगे ही चल रही है। चेन्नई की लगातार बेंगलुरु पर जीत पर ऑलराऊंडर रचिन रवींद्र जीत का श्रेय अपनी टीम की ओर से संपूर्ण प्रदर्शन को दिया। रवींद्र ने कहा कि मुझे लगता है कि यह काफी संपूर्ण प्रदर्शन था, हमने अंत तक संयम बनाए रखा, जिंक्स और रुतु का भी अच्छा हाथ था। रवींद्र ने कहा कि मैं खुद को स्टार्टर नहीं कहूंगा, मैंने लाल से सफेद गेंद में बदलाव के लिए लगभग 3-4 दिनों तक काम किया। यह अच्छा था, ट्रेनिंग विकेट अलग था, मुझे यकीन नहीं था कि मैं अच्छा हिट कर पाऊंगा। शुरुआत में मैं थोड़ा भाग्यशाली रहा, लेकिन इससे मुझे व्यवस्थित होने और अपनी घबराहट भरी ऊर्जा पर काबू पाने में मदद मिली। इसतरह के माहौल में ढलना आसान हो जाता है जब आप जानते हों कि आपके पास कुछ लड़के हैं जिनके साथ आप कुछ समय तक घूम चुके हैं। आईपीएल ओपनिंग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक बार फिर से चेन्नई सुपर किंग्स से हार झेलनी पड़ी।

# गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे केजरीवाल

## ट्रायल कोर्ट के रिमांड के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी, याचिका में न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की लगाई गुहार, आतिशी का आरोप आप का दफ्तर सील

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट द्वारा ईडी को दी रिमांड के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अपनी याचिका में हाईकोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कल ही सुनवाई की गुहार लगाई है। केजरीवाल ने अपनी याचिका में दलील दी है कि उनकी गिरफ्तारी और रिमांड आदेश दोनों अवैध हैं और वह तुरंत हिरासत से रिहा होने के हकदार हैं। साथ ही उन्होंने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से रविवार यानी 24 मार्च को तत्काल सुनवाई की मांग की है। उधर, मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि उनके पार्टी कार्यालय को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राष्ट्रीय पार्टी के ऑफिस में लोगों की एंट्री कैसे रोकी जा सकती है? हम इलेक्शन कमीशन में इसकी शिकायत करेंगे। इधर तिहाड़ में बंद ठग सुकेश ने केजरीवाल के नाम चिट्ठी लिखी है। उसने लिखा- डियर ब्रदर अरविंद केजरीवाल, वेलकम टु तिहाड़ क्लब। मैं बहुत खुश हूं कि मेरे तीनों भाई अब यहां है, तिहाड़ क्लब चलाने के लिए चेयरमैन बिग बॉस- अरविंद केजरीवाल। सीईओ-मनीष सिसोदिया और सीईओ- सत्येंद्र जैन। ईडी ने गुरुवार को केजरीवाल के घर पर सर्च के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष पेश किया है। जहां से कोर्ट ने केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया। ईडी ने केजरीवाल को अदालत में पेश कर दस दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने जांच एजेंसी को 6 दिन की रिमांड दी है। अब उन्हें 28 मार्च को दोपहर 2 बजे कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।




### ईडी ने लगाए केजरीवाल पर गंभीर आरोप

आपको बता दें कि गुरुवार शाम को ईडी की टीम अचानक से 10वां समन लेकर केजरीवाल के घर पहुंच गई थी और करीब 2 घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें शराब नीति मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद आज उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उन्हें 7 दिनों तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने रिमांड कॉपी में कहा कि शराब नीति के निर्माण, कार्यान्वयन और अनियमितताओं से अपराध की आय के उपयोग में अरविंद केजरीवाल की भूमिका है। ईडी ने कहा कि सीएम केजरीवाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य व्यक्तियों की मिलीभगत से दिल्ली शराब नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं।

### साजिश में शामिल थे केजरीवाल

जांच एजेंसी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए शराब नीति 2021-22 तैयार करने की साजिश में शामिल थे और उक्त नीति में लाभ ने के बदले में उन्होंने शराब व्यवसायियों से रिश्वत ली थी। रिमांड नोट में ईडी ने लिखा है कि शराब नीति बनाने में केजरीवाल की अहम भूमिका है। इसके बदले में जो पैसा आया, उस पैसे को गोवा चुनाव में लगाया गया था। ईडी ने कहा कि विजय नायर और मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर साउथ लॉबी से पैसा लिया गया। ईडी ने अपनी रिमांड अर्जी में कहा कि शराब नीति साउथ ग्रुप को दिए जाने वाले लाभों को ध्यान में रखते हुए विजय नायर, मनीष सिसोदिया, साउथ ग्रुप के सदस्यों और अन्य लोगों की मिलीभगत से बनाई गई थी।

### लोहे का बना हूं, करोड़ों दुआएं मेरी ताकत- केजरीवाल

केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। 3 मिनट 21 सेकेंड के इस संदेश में कहा गया कि अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। आप कार्यकर्ताओं से अपील है कि मेरी गिरफ्तारी की वजह से भाजपा वालों से नफरत न करें। दिल्ली की डिप्टी सीएम आतिशी ने शनिवार को बताया कि हमने चुनाव आयोग से मिलने के वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बाद भी दिल्ली में आप का कार्यालय सील कर दिया गया है। आतिशी ने कहा कि ये कदम संविधान के खिलाफ है। एक विधायक के घर पर रेड मारी गई है। उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि आचार संहिता लगने के बाद भी एजेंसियों के एक्शन को रोकने के लिए फौरन कदम उठाया जाना चाहिए।

### पुलिस आप नेताओं को जगह-जगह रोक रही

आम आदमी पार्टी ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें पुलिस आप मंत्री आतिशी को रोकती नजर आ रही है। इस वीडियो के साथ आप ने लिखा- कायर मोदी इतना डर गया है कि वो अब आप को चुनाव नहीं लड़ने देना चाहता। आप मंत्री आतिशी को भी पुलिस जगह-जगह रोक रही है। मोदी जी एक काम करो, सब आप नेताओं और कार्यकर्ताओं को गोली मार दो, आपका काम आसान हो जाएगा। वरना अगर आप नेता और कार्यकर्ता जिंदा रहे तो तुम्हें सुकून से तानाशाही नहीं करने देंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि कल से पूरे देश में गुस्सा भरा हुआ है। भाजपा देश में तानाशाही लाना चाहती है। दिल्ली में उनकी सरकार नहीं बनी तो सरकार चलने ही नहीं देंगे, एलजी की चलेगी। पंजाब में सरकार नहीं बनी तो गवर्नर तंग करेगा। बंगाल और केरल में सरकार नहीं बनी तो गवर्नर रूल करेगा। झारखंड में सरकार नहीं बनी तो मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अगर तमिलनाडु में सरकार नहीं बनी तो गवर्नर मुख्यमंत्री का भाषण ही नहीं पढ़ेगा। बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान खतरे में है। मेरी 140 करोड़ लोगों से अपील है कि इसके खिलाफ इकट्ठे हो जाइए वर्ना ये देश बर्बाद हो जाएगा।

# पाटलिपुत्र से मीसा भारती, सारण से रोहिणी... आरजेडी ने 6 और लोकसभा कैंडिडेट्स पर लगाई मुहर!

पटना। बिहार में कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीट बंटवारे को लेकर बात नहीं बन रही है और विवाद गहराने लगा है। यही वजह है कि लालू प्रसाद यादव ने अपनी पार्टी के हर संभावित सीट पर प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल देना शुरू कर दिया है। राजनीति हलको में चर्चा है कि लालू अपनी दो बेटियों मीसा और रोहिणी को लोकसभा चुनाव लड़वा सकते हैं।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद बिहार में सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन के दलों में एक राय नहीं बन पा रही है। इसके चलते आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशियों को सिंबल देना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि लालू अपनी दोनों बेटी को चुनाव लड़ना चाहते हैं। लालू मीसा को पाटलिपुत्रा लोकसभा सीट से मैदान में उताना की तैयारी कर रहे हैं। मीसा भारती पहले से राजनीति में हैं और आरजेडी की तरफ से राज्यसभा सांसद भी रही हैं। वहीं लालू की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य सारण जो सिंगापुर में रहती हैं उन्हें भी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। बता दें रोहिणी आचार्य वहीं हैं जिन्होंने लालू को बीते साल किडनी देकर उनकी जान बचाई थी।



इससे पहले टिकट बंटवारे को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू परिवार को लेकर विवादित बयान दिया था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि लालू ने रोहिणी का किडनी लेने के बाद ही उसे टिकट देने का फैसला कर लिया था। रोहिणी ने उनके इस बयान को लेकर पलटवार भी किया। रोहिणी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वो इन बातों का जवाब जनता की अदालत में देंगी।

बता दें कि कांग्रेस बिहार में 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहत है, लेकिन लालू कांग्रेस को सिर्फ 7 सीटे ही देना चाहते हैं। इसको लेकर अभी टकराव की स्थिति बनी है। इसी बीच जानकारी मिली है लालू प्रसाद ने पाटलिपुत्र से मीसा भारती, बक्सर से सुधाकर सिंह, बांका से जयप्रकाश नारायण यादव, जहानाबाद से सुरेंद्र प्रसाद यादव, उजियारपुर से आलोक मेहता, मुंगेर से गैंगस्टर अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को पार्टी का सिंबल भी मिल चुका है। इससे पहले गुरुवार को लालू ने पहले चरण के चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिया था।

# 30 में से केवल 8 कंपनियों ने चंदे का किया खुलासा

नई दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स सूचकांक में शामिल 30 कंपनियों में से केवल 8 ने ही पिछले पांच वित्त वर्ष में कम से कम एक बार अपनी सालाना रिपोर्ट में राजनीतिक दलों को चंदा देने की जानकारी दी है। सालाना रिपोर्ट के अनुसार सूचकांक में शामिल इन 8 कंपनियों ने पिछले 5 वर्षों के दौरान राजनीतिक दलों को कुल मिलकार 628 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। इनमें दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने सबसे ज्यादा 241 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। उसके बाद टाटा स्टील ने 175 करोड़ रुपये और लार्सन ऐंड टुब्रो ने 85 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। वित्त वर्ष 2022-23 की सालाना रिपोर्ट में भारती एयरटेल ने कहा है, 'वित्त वर्ष 2022 तथा 2023 में कानून की धारा 182 के तहत राजनीतिक चंदे के साथ ही अन्य व्यय मद में क्रमश- 102.5 करोड़ रुपये और 30 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।' भारती एयरटेल ने वित्त वर्ष 2022 में राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा 102.5 करोड़ रुपये का चंदा दिया था। इसकी तुलना में हमारी सूची में शामिल सूचकांक की अन्य कंपनियों ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कभी-कभार ही चुनावी बॉन्डों या राजनीतिक दलों को चंदा देने का खुलासा किया है। उदाहरण के लिए लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) तथा टेक महिंद्रा ने पिछले पांच साल में दो बार अपनी सालाना रिपोर्टों में राजनीतिक दलों को चंदा देने की बात कही है। एलऐंडटी ने वित्त वर्ष 2019 में 35 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2020 में 50 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे। इसी तरह महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2019 में नए डेमोक्रेटिक इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट में 1.02 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2020 में 23 करोड़ रुपये का योगदान दिया था। बाद के वर्षों में इन दोनों कंपनियों द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीदने या अन्य तरीकों से राजनीतिक दलों को चंदा देने का उल्लेख नहीं किया गया है। सूचकांक की अन्य कंपनियों ने बीते 5 वित्त वर्ष में केवल एक बार राजनीति दलों को चंदा देने का खुलासा किया है। अल्ट्राटेक सीमेंट ने वित्त वर्ष 2019 में 23 करोड़ रुपये, बजाज फाइनैंस ने वित्त वर्ष 2020 में 20 करोड़ रुपये, मारुति सुजूकी ने वित्त वर्ष 2023 में 20 करोड़ रुपये और टेक महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2020 में 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा अपनी सालाना रिपोर्ट में की है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सन फार्मास्युटिकल्स ने वित्त वर्ष 2019 में 31.5 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड की खरीद की थी लेकिन पिछले 5 साल की कंपनी की सालाना रिपोर्ट में इसका या अन्य तरीके से चंदा देने का कोई उल्लेख नहीं है। इसे केवल दान मद में खर्च के तौर पर बताया गया है। दूसरी तरफ एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा ने अपनी सालाना रिपोर्ट में इसका स्पष्ट उल्लेख किया है कि वे किसी राजनीतिक दल को कोई चंदा नहीं देते हैं। एलऐंडटी ने वित्त वर्ष 2020 की अपनी सालाना रिपोर्ट में जिक्र किया था, 'कंपनी ने 50 करोड़ रुपये का चुनावी बॉन्ड खरीदा है और उसे राजनीतिक दलों को दिया था।' दिलचस्प है कि चुनाव आयोग के पिछले 5 साल के डेटाबेस में चुनावी बॉन्ड के कॉर्पोरेट खरीदारों में एलऐंडटी का नाम नहीं है। टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2019 की सालाना रिपोर्ट में उल्लेख किया था कि उसने चुनावी न्यास को 175 करोड़ रुपये का दान दिया है। बाद के वर्षों में कंपनी द्वारा राजनीतिक दलों को चंदा देने का कोई उल्लेख नहीं है। चुनाव आयोग के डेटाबेस में चुनावी बॉन्ड के खरीदारों में टाटा स्टील का भी नाम नहीं है।

# पीएम मोदी की तारीफ....राहुल गांधी की आलोचना, अभिषेक के बयान ने बढ़ा दिया सियासी पारा

## सीट शेयरिंग पर सहमति कांग्रेस के कारण नहीं बन सकी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अभिषेक बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर सियासी पारा चढ़ा दिया है। इतना ही नहीं अभिषेक ने कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी पर बिना नाम लिए हमला कर इंडिया गठबंधन के फेल होने के कारण भी गिनाए। अभिषेक बनर्जी ने इंटरव्यू में दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी टीएमसी के वोट शेयर में इजाफा करेगी।

इंटरव्यू के दौरान अभिषेक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में पूछा तब टीएमसी सांसद ने पीएम मोदी की तारीफ की। अभिषेक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस उम्र में भी 12-14 घंटे काम करते हैं, यह तारीफ करने वाली बात है।

इस दौरान अभिषेक से इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर आम सहमति नहीं बनने को लेकर सवाल पूछा तब उन्होंने कहा कि जब बैठकें शुरू हुईं तब हमारी पार्टी ने हर बार यही कहा कि सीट शेयरिंग का फॉर्मूला पहले तय करना चाहिए। उन्होंने यह काम नहीं किया। उन्हें विधानसभा में जीत की उम्मीद थी, जिससे सीटों की सौदेबाजी की क्षमता बढ़ सके। हालांकि ऐसा नहीं हो सका। उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी हमारी बैठकें हुईं। उन्होंने इस मुद्दे पर बात नहीं की। मुझे लगता है कि वह सीट शेयरिंग करना ही नहीं चाहते थे। जब अंतिम बैठक हुई में तब हमारी पार्टी ने समय देकर साफ कहा था कि आप निर्णय ले सकते हो तब ले लो, नहीं तो हम अपने दम पर चुनाव लड़ने को तैयार है।

अभिषेक ने बीजेपी के प्रदर्शन के बारे कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह पहले बंगाल की 35 सीटों पर दावा ठोकते थे। हालांकि, चुनाव की तारीख सामने आते ही वे 25 पर आ गए। बनर्जी ने लोकसभा चुनाव में टीएमसी के प्रदर्शन में सुधार होने का दावा किया। लेकिन इस इंटरव्यू में अभिषेक बनर्जी के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ और राहुल गांधी की आलोचना के बाद बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी के बीच सियासी बयानबाजी को बढ़ा सकता है।

# भाजपा में बने रहेंगे मधुस्वामी, टिकट नहीं मिलने से थे नाराज

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व सीएम और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बीएस येदियुरप्पा ने पूर्व मंत्री जेसी मधुस्वामी के साथ लोकसभा टिकट को लेकर चले रहे विवाद को सुलझा लिया है। मधुस्वामी लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे थे। कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने पूर्व विधायक जयराम के फार्महाउस पर मधुस्वामी से बात की जो एक घंटे से ज्यादा समय तक चली। येदियुरप्पा ने बताया कि उन्होंने मधुस्वामी से साफ कह दिया है कि लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के चयन में उनकी कोई भागीदारी नहीं है, क्योंकि पार्टी के आलाकमान के द्वारा ही प्रत्याशियों के नाम तय किए गए है। श्री येदियुरप्पा ने श्री मधुस्वामी को भाजपा में बने रहने के लिए मना लिया और श्री मधुस्वामी ने पार्टी को अपना समर्थन जारी रखने का वादा किया।

# आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के लिए जारी किए नियम

मुंबई। आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों जैसी अपनी विनियमित संस्थाओं के लिए एसआरओ को मान्यता देने के लिए व्यापक ढांचा जारी किया। यह एसआरओ ढांचा व्यापक उद्देश्यों, कार्यों, पात्रता मानदंड और शासन मानकों को निर्धारित करता है, जो सभी एसआरओ के लिए समान होगा, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो। यह ढांचा रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्रदान करने के लिए एसआरओ द्वारा पालन किए जाने वाले व्यापक सदस्यता मानदंड और अन्य नियम एवं शर्तें भी निर्धारित करता है।

विशेष रूप से, एक एसआरओ से निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने की उम्मीद की जाती है-

* प्रगतिशील प्रथाओं और सम्मेलनों को प्रोत्साहित करके अपने सदस्यों के बीच अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देना। विशेष रूप से क्षेत्र की छोटी संस्थाओं को मार्गदर्शन और समर्थन देने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

* देश में रिजर्व बैंक, सरकारी प्राधिकरणों या अन्य नियामक और वैधानिक निकायों के साथ जुड़ाव में अपने सदस्यों की सामूहिक आवाज के रूप में कार्य करें।

* नीति-निर्माण में सहायता के लिए प्रासंगिक क्षेत्रीय जानकारी एकत्र करें और रिजर्व बैंक के साथ साझा करें।

# ठाणे में कमल खिलाने की थी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे की चाहत पर मोदी-शाह ने भेजा राजस्थान

ठाणे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे जिले से लोकसभा में जाने की कोशिश कर रहे डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे को भारतीय जनता पार्टी ने अब अहम जिम्मेदारी दी है. सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान के चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है. सहस्त्रबुद्धे बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य हैं. ठाणे लोकसभा क्षेत्र से शिवसेना के राजन विचारे सांसद हैं. शिवसेना में विभाजन के बाद राजन विचारे ने ठाकरे का समर्थन किया था. इसलिए इस बात की पूरी संभावना है कि उन्हें यहां से लोकसभा के लिए नामांकन मिल जाएगा. उधर मुख्यमंत्री शिंदे को अभी तक राजन विचारे से लड़ने वाला कोई बराबरी का उम्मीदवार नहीं मिला है. इसके अलावा सहयोगी दल बीजेपी भी ठाणे से चुनाव लड़ने को उत्सुक है. चूँकि ठाणे बीजेपी का गढ़ था. अब भी बीजेपी की ओर से कहा जा रहा है कि यहां बीजेपी की अच्छी ताकत है. विनय सहस्त्रबुद्धे ठाणे से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक हैं. सहस्त्रबुद्धे शिक्षित हैं। वह पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। उन्हें बीजेपी के थिंक टैंक नेता के तौर पर जाना जाता है. उनकी गिनती बीजेपी के शीर्ष नेताओं में होती है. लेकिन वह ठाणे लोकसभा क्षेत्र से परिचित नहीं हैं. हालांकि सहस्त्रबुद्धे पिछले कुछ महीनों से ठाणे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र में घूमना शुरू कर दिया था. सहस्त्रबुद्धे ने ठाणे में फिर से कमल खिलाने के लिए एक अच्छा माहौल बनाना शुरू किया था। इसके लिए उन्होंने दौरे, बैठकें शुरू कीं. लेकिन अब उन्हें राजस्थान की जिम्मेदारी दी गई है. इसके चलते अब सहस्त्रबुद्धे को अपना अभियान रोककर गुलाबी नगरी के नाम से मशहूर जयपुर के लिए उड़ान भरनी पड़ेगी। उन्हें राजस्थान में पार्टी को बड़ी सफलता दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# 3-4 अप्रैल को लेकर टेंशन में है चीन, भारत चलने जा रहा बड़ा दांव

नई दिल्ली। आने वाली 3-4 अप्रैल को लेकर चीन काफी परेशानी है। उसे लग रहा है कि भारत उसके खिलाफ कुछ नया दांव दिखाने जा रहा है। इसी के खौफ से चीन जासूसी के लिए हर पैंतरे चल रहा है। चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपने जासूसी जहाजों की संख्या बढ़ा दी है। इसका ताजा जासूसी विमान युआन वांग 03 है। इस जहाज का कनेक्शन चीनी सरकार से है। इस सैटेलाइट और मिसाइल ट्रैकिंग जहाज ने इंडोनेशिया में सुंडा जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया है। इस चीनी जहाज ने हिंद महासागर क्षेत्र में ऐसे समय में प्रवेश किया है जब भारत 3 या 4 अप्रैल को कुछ बड़ा करने वाला है। ऐसा अनुमान है कि भारत इस दिन एक और बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने की योजना बना रहा है। भारत ने एयरमेन (एनओटीएएम) को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि इसे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से शुरू होकर बंगाल की खाड़ी के ऊपर दक्षिणी दिशा में 1,600 किमी तक हवाई क्षेत्र की आवश्यकता होगी। युआन वांग 03 हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का चौथा जासूसी जहाज है। इससे पहले चीन ने इस क्षेत्र में जियांग यांग होंग 01 और जियांग यांग होंग 03 को उतारा हुआ है।

# केजरीवाल से ऐसा व्यवहार बीजेपी की सोची-समझी साजिश


## -शराब घोटाले का पैसा भाजपा को मिला- आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने छह दिन की रिमांड पर लिया है। उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को लेकर आप नेता आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे सीएम इस तरह का व्यवहार यह बीजेपी की सोची समझी साजिश है। जबकि अरविंद केजरीवाल एक साफ सुधरी छवि वाले नेता हैं। आतिशी यहीं नहीं रुकी उन्होंने आगे कहा कि ईडी अब तक इतनी छानबीन कर चुकी है लेकिन ईडी को छापे में एक रुपया तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जिस मनी ट्रेल की ईडी तलाश कर रही है वो सबके सामने आ चुकी है। मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चैलेंज करती हूं कि जो शराब घोटोल का पैसा था वो बीजेपी के अकाउंट में गया है। इससे पहले सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने पत्रकारवार्ता की थी और अपने पति को बेगुनाह बताया था। वहीं सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ईडी ने जिस शरद रेड्?डी के बयान पर सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है, उसकी कंपनी ने बीजेपी को चंदा दिया है। अब ईडी बीजेपी को आरोपी बनाए और बीजेपी अध्यक्ष को गिरफ्तार करे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले योगी, कहा-लोकतंत्र किसी को डकैती डालने की छूट नहीं देता

लखनऊ। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझपर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामले में कोर्ट में है, इसे अब कोर्ट ही तय करेगी।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी खबरिया टीवी चैनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी की जनता को दिया जाना चाहिए। प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया यूपी है, जो देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। यहां सर्वाधिक निवेश को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। यूपी आज इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजनाओं को सबसे तीव्रता के साथ आगे बढ़ाने वाला प्रदेश बन चुका है।



मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उनकी सरकार का सात साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। तीन साल सरकार ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। हमें चार वर्ष ही अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने का मौका मिला। इसके बावजूद हमें यूपी की जीडीपी को दोगुना करने में सफलता मिली। आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। 2017 से पहले हमें अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक का पैसा नहीं होता था। कोई बड़ा बैंक हमें पैसा नहीं देता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है, ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं करती। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं।

# भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों से 100 से अधिक लोगों को बचाया

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों से 100 से अधिक लोगों को बचाया है। इनमें से 27 पाकिस्तानी और 30 ईरानी शामिल हैं। नौसेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी है। साथ ही भारतीय नौसेना ने कहा कि इसके अलावा अरब सागर में समुद्री डकैती रोधी अभियान भी चलाया जा रहा है। ऑपरेशन संकल्प और अन्य मिशनों के साथ ही हमले की 13 घटनाओं का जवाब देकर 110 लोगों की जान बचाई गई, जिनमें 45 भारतीय और 65 अंतरराष्ट्रीय नागरिक शामिल थे।

अरब सागर में अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती या ड्रोन हमलों को विफल करने के लिए इस क्षेत्र में निगरानी विमानों के साथ 10 युद्धपोतों की भी तैनाती की है। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना नेभारतीय और अंतरराष्ट्रीय कार्गो ट्रैफिक को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अरब सागर और आसपास के क्षेत्रों में समुद्री लुटेरा और ड्रोन रोधी अभियान चलाने के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्डियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोतों को तैनात किया है।

इसके साथ ही समुद्री डाकुओं के खिलाफ विशेष अभियान में अरब सागर में समुद्री कमांडो और उनके उपकरणों को उतारने वाले भारतीय वायु सेना के सी-17 परिवहन विमान का चालक दल भी नौसेना प्रमुख की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। भारतीय नौसेना ने शनिवार को अरब सागर में बेहद जोखिम वाले समुद्री लुटेरों के खिलाफ अभियान के समापन के बाद यह प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई।

इससे पहले भारतीय नौसेना ने पकड़े गए 35 सोमाली समुद्री लुटेरों को कस्टम और इमिग्रेशन की औपचारिकताओं के बाद मुंबई पुलिस को सौंप दिया था।



# सम्राट सरस्वार होंगे कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। आखिरकार काफी सोच विचार और गहन चिंतन के बाद कांग्रेस आलाकमान ने देर रात कांग्रेस के 46 लोकसभा प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है लंबे इंतजार के बाद मध्य प्रदेश की बाकी बची 17 सीटों में से 12 सीटों के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। जिसमे बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र से सम्राट सरसवार को कांग्रेस ने अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। ज्ञात हो कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी यो की लिस्ट का काफी इंतजार किया जा रहा था जिले काफी जनचर्चा चल रही थी की किसको टिकट मिलेगी किसको नहीं कभी कोई कह रहा था की हिना कावरे को नाम फाइनल हो गया कोई कह कह रहा था सम्राट का नाम चल रहा है ऐसी तमाम अटकलों पर विराम लगते हुए शनिवॉर की देर रात कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी किसी वेणु गोपाल ने सूचि जारी करते बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र से बालाघाट के वतर्मान जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है आपको बता दे की बालाघाट सिवनी क्षेत्र से अनेक लोगो ने कांग्रेस पार्टी के नाम से नामांकन फॉर्म भी ले लिया गया था जिसमे हिना कावरे, कंकर मुंजारे, अनूप सिंह बैस, अरविंद देशमुख, दलसिंह पन्द्रे, रामकुमार नगपुरे , धनंजय देशमुख, केवल सिंह झारिया, साधना भारती बहटेवार, शब्बीर पटेल नामांकन फार्म ले लिया गया था।

# होलिका दहन आज

## कल फिजाओ में उड़ेगा रंग गुलाल, भाई दूज, रंग पंचमी सहित अन्य आयोजनों के साथ पांच दिवसीय पर्व का होगा समापन

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में आज होलिका दहन के साथ ही रंगों के महापर्व होली की शुरुआत हो जाएगी। जो भाई दूज रंग पंचमी सहित अन्य आयोजनों के साथ पांच दिनों बाद होली पर्व का समापन किया जाएगा। इन सभी आयोजनों की तैयारी हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा लगभग पूर्ण कर ली गई है ।जहां इन 5 दिनों तक आपसी प्रेम भाईचारे और सौहार्द पूर्ण रूप से होली का पर्व मनाया जाएगा ।इस पर्व की शुरुवात आज आधी रात को शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन के साथ की जाएगी। जिसके ठीक दूसरे दिन संपूर्ण जिले में रंग गुलाल से होली खेली जाएगी ।जहां लोग सभी शिकवे गिले भुलाकर रंग गुलाल खेलकर इस पर्व को मनाएंगे। उधर होली पर्व विशेष को लेकर प्रवासी मजदूरों की घर वापसी का सिलसिला लगातार जारी है इसके चलते रेलवे स्टेशन बस स्टैंड में काफी भीड़ देखी जा रही है।**





### बच्चों में दिख रहा खासा उत्साह

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंगोत्सव की तैयारी पूर्ण हो गई है। होली में रंगों का विशेष महत्व होता है इसलिए बाजार में रंग गुलाल व पिचकारियों की दुकाने सज चुकी है। कार्टून कैरेक्टर्स से लेकर टैंक व अन्य तरह की पिचकारियां बाजार में आकर्षण का केन्द्र है। होली के त्योहार को देखते हुए बाजार रंग-बिरंगे कपड़ों से गुलजार हो गए हैं। लुभावने आफर के साथ दुकानदार लोगों को आकर्षित करने के प्रयास में हैं।

### प्रवासी मजदूरो कि जहां तहां नजर आई भीड़

होली के इस पर्व विशेष पर अपनों के संग होली मनाने के लिए प्रवासी मजदूरों का जिला मुख्यालय पहुंचने का दौर बदस्तूर जारी है। इन दिनों प्रवासी मजदूरों की घर वापसी की संख्या में काफी इजाफा देखा जा रहा है। जहां प्रवासी मजदूर होली का यहा पर्व अपने परिवार के साथ मनाएंगे वही पर्व के कुछ दिन बाद वापस रोजगार की तलाश में पलायन कर जाएंगे ।बात अगर रेलवे स्टेशन की करे तो बालाघाट रेलवे स्टेशन में आने वाली सभी ट्रेनों की बोगिया प्रवासी मजदूरों से भरी नजर आ रही है, तो वहीं बसों के भीतर प्रवासी मजदूर ठूस ठूस कर भरे हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां हर कोई इस वर्ष पर्व विशेष पर जल्द से जल्द अपने घर पहुंचने की कोशिश में है।

### शासकीय अवकाश किए गए रद्द

बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। जिससे चुनावी रंग के चलते होली का रंग आचार संहिता के कारण फीका रहेगा। हर वर्ष होली पर्व पर होली जलने के दो दिनों तक रंग पर्व चलता था और जिला प्रशासन की ओर से रंग के दूसरे दिन स्थानीय अवकाश रहता था लेकिन इस वर्ष चुनाव के चलते रंग के दूसरे दिन का स्थानीय अवकाश स्थगित कर दिया गया है और शासकीय कार्यालय प्रारंभ रहेंगे। जिससे लोगों में होली को लेकर उत्साह फीका दिखाई दे रहा है।

### चौक चौराहो में पुलिस बल की गई तैनाती

उधर पर्व विशेष और लोकसभा चुनाव को लेकर जारी की गई आदर्श आचार संहिता को देखते हुए प्रशासन ने की व्यापक तैयारी की है ।होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे इसके लिये व्यापक व्यवस्थाएं बनाई रही बनाई गई है। प्रशासन द्वारा भी लोगों से अपील की है कि लोग शांति पूर्वक तरीके से होली पर्व मनायें। क्योकि होली का पर्व रंगो के साथ साथ खूनी संघर्ष में भी बदल जाता है। पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के चौक चौराहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएंगी व शहर में मोबाईल वाहन भी गश्त करेंगे। पुलिस ने अपील की है कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों की शंका होने व विवाद की स्थिति बनने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# दीवान बहादुर एम.एम मुलना के वंशज पहुंचे पहली बार बालाघाट

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने वाले दीवान बहादुर एम.एम मुलना के वंशज जिले में वर्षों बाद पहली बार बालाघाट में पहुंचे और उन्होंने दीवान बहादुर एम.एम मुलना जी की समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया, तो जहां-जहां दानवीर जी द्वारा जमीन दान की गई है उन स्थानों का भ्रमण कर जिले की जनता को उन्हें सहज कर रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। आपको बता दे की शहर में कई स्थान व संस्था को दान करने वाले और शिक्षा तथा खेल को बढ़ावा देने वाले दीवान बहादुर एम.एम मुलना के वंशज पहली बार वर्षों बाद बालाघाट पहुंचे और उन्होंने मुलना जी द्वारा दान किए गए संस्थान व स्थान का भ्रमण किया और जिले की जनता को धन्यवाद व्यापित किया कि आज जनता द्वारा उनके द्वारा दान की गई जमीन व उनके समाधि स्थल को इस प्रकार से सहेज कर रखा है, उन्होंने यह भी बताया कि वह वर्षों बाद पहली बार बालाघाट पहुंचे हैं, उन्हें जानकारी नहीं थी, कि उनके द्वारा बालाघाट जिले में भी जमीन दान की गई है, वह पहली बार बालाघाट पहुंचे थे, जिसमें उन्होंने 23 मार्च को सर्वप्रथम मुलना जी के समाधि स्थल, सिविल लाइन स्थित आकाशवाणी के बाजू में पहुंचे जहां पर उन्होंने मुलना जी और उनके परिजनों की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया, उसके बाद वह मुलना स्टेडियम, पीजी कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित अन्य स्थानों का भ्रमण किया।



### हमें नहीं थी जानकारी बालाघाट के विषय में

हमावलि कैसि कटयिला पद्मेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान हमावलि कैसि कटयिला जो की बेरम मूलन के दामाद है, उन्होंने चर्चा में बताया कि वह मुंबई में रहते हैं और उन्हें बालाघाट के विषय में कोई जानकारी नहीं थी , आज से 6 वर्ष पहले जब वह नागपुर के एक मंदिर में घूमने के लिए आए थे, उसे समय उन्हें उनके समुदाय के लोगों द्वारा बताया गया कि वह भी मुलना जी के वंशजों को ढूंढ रहे हैं , तब हमावलि कैसि कटयिला द्वारा बताया गया कि वह मुंबई में रहते हैं और वह मुलना जी के वंशज के परिवार से हैं, तब उनके द्वारा उन्हें आज से 6 वर्ष पहले बालाघाट मुलना जी की पुण्यतिथि या जन्मदिन के अवसर पर आने को कहा गया था, किंतु वह आज तक बालाघाट नहीं आ पाये थे और वह 6 वर्ष बाद अभी बालाघाट पहुंचे है, जबकि उन्हें पता ही नहीं था कि मुलना जी द्वारा बालाघाट जैसे जिले में भी कुछ स्थान व जमीन दान की गई है और यहां पर भी लोग मुलना जी को मानते हैं, वह पहली बार बालाघाट पहुंचे और उन्होंने यहां उनके दान किए हुए स्थान पर भ्रमण किया

### हमें बालाघाट आकर बहुत खुशी महसूस हुई - बेरम मूलन

बेरम मूलन द्वारा बताया गया कि मुलना जी उनके परदादा है और वह उनके भतीजे लगते हैं, और उन्हें बालाघाट के विषय में कोई भी जानकारी नहीं थी, कि उनके पूर्वज मुलना जी द्वारा बालाघाट में भी कुछ स्थानों को दान किया गया है, उन्हें तो वर्षों बाद पता चला और जब वह बालाघाट पहुंचे, तो उन्हें बहुत खुशी हुई की आज बालाघाट जैसे शहर के लोगों द्वारा मुलना जी की यादों को सहेज कर रखा गया है और वह मुलना जी को इतना याद करते हैं, इन सब को देखकर उन्हें काफी अच्छा लग रहा है और वह यहां की जनता का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं

### आज वर्षों बाद पहली बार बालाघाट पहुंचे है मुलना जी के वंशज-विजय वर्मा

विजय वर्मा द्वारा बताया गया कि आज जो मुलना जी के वंशज बालाघाट पहुंचे हैं, इसकी जानकारी उन्हें पहले लग चुकी थी ,कि उनके वंशज हैं किंतु वह आज वर्षों बाद पहली बार बालाघाट पहुंचे हैं और यह एक गर्व का विषय है कि उनके द्वारा आज बालाघाट आकर यहां के लोगों से मिला जा रहा है और उन्होंने अपने पूर्वजों की धरोहर को वह देख रहे हैं ,जिसमें इन्हें यहां तक लाने वाले पारसी समुदाय के डोंगा जी द्वारा यह पहल की गई है और यह बालाघाट के लिए काफी गर्व का विषय है और उनके वंशजों द्वारा यह भी कहा गया है कि वह अब मुलना जी के जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर बालाघाट पहुंचेंगे और उनके आने को लेकर विजय वर्मा द्वारा उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया गया।

ANJUMAN URDU SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM)
Needed a Principal and teachers
Teachers for all main subjects
Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree
Office time - 9am to 1pm
Classes from NURSERY to 6th
Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat
Mo. 9407314594

# ट्रेन की चपेट में आने से मृत अज्ञात व्यक्ति का जिला अस्पताल पुलिस ने करवाया कफन दफन

## घटना के तीन फिन बाद भी नही पहुंचे परिजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण थाना क्षेत्र में गोंदिया बालाघाट रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मृत अज्ञात व्यक्ति के परिवार के लोग नही आने पर जिला अस्पताल पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद उसका कफन दफन करवा दिये। 19 मार्च को 10:30 बजे करीब यह घटना ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले बंदर झरिया के पास उस समय हुई थी ।जब गोंदिया से कटंगी जाने वाली ट्रेन बालाघाट आ रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मार्च को 10:30 बजे करीब गोंदिया से कटंगी जाने वाली ट्रेन जब बालाघाट आ रही थी ।तब कोसमी बंदर झिरिया के पास एक व्यक्ति रेलवे पटरी पर सो गया था ।ट्रेन के चालक में रेलवे पटरी पर सोए हुए इस व्यक्ति को देखा और ट्रेन को रोकने ब्रेक लगाया ।ट्रेन की गति कम होते-होते ही यह व्यक्ति ट्रेन के चपेट में आने से घायल हो गया ।इसके सिर हाथ में चोटे आई। ट्रेन रुकने के बाद ट्रेन के कर्मचारियों ने गंभीर रूप से घायल बेहोश इस व्यक्ति को ट्रेन से ही रेलवे स्टेशन लाये और 108 एंबुलेंस बुलाकर इसे जिला अस्पताल भिजवाये । डॉक्टर के चेक करने पर इस व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया था। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मर्सकोले, आरक्षक मुकेश मानेश्वर ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवाकर जिला अस्पताल के फ्रीजर में रखवा दी है। वारसानो की तलाश की जा रही है। किन्तु तीन दिन बाद भी इस अज्ञात व्यक्ति के वारसान नही आने पर 23 मार्च को जिला अस्पताल पुलिस चौकी के आरक्षक मुकेश मानेश्वर ने नगरपालिका के माध्यम से इस अज्ञात व्यक्ति का बैनगंगा नदी किनारे जागपूर घाट मोक्षधाम में कफन दफन करवा दिये। आगे जांच ग्रामीण थाना की पुलिस द्वारा की जा रही है।


# निर्वाचन के कारण 3 दिन मेडिकल बोर्ड करेगा कार्य

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सीएमएचओ को निर्देश दिए है कि निर्वाचन के कारण मेडिकल बोर्ड अब सप्ताह में 3 दिन कार्य करेगा। निर्वाचन प्रक्रिया में अनिवार्य सेवा घोषित किये जाने और सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित किये जाने के कारण अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। निर्वाचन कार्य से मुक्त करने के लिए चिकित्सा प्रमाण पत्र को मुख्य आधार मनाने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के निर्देश दिए गए है। मेडिकल बोर्ड में 3 डॉक्टर्स को शामिल किया जाएगा, इसमें एक स्त्रीरोग, एक अस्थि रोग व एक अन्य चिकित्सा अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा।

# 13 वर्षीय नाबालिग लड़की द्वारा आत्महत्या करने के मामले में युवक पीयूष जामरे गिरफ्तार

## पीयूष द्वारा लगातार परेशान की जाने से प्रताड़ित होकर लड़की ने की थी आत्महत्या

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर 7 मरारी मोहल्ला में 13 वर्षीय नाबालिक लड़की द्वारा आत्महत्या करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पीयूष जामरे पिता अनिल जामरे18 वर्ष वार्ड नं 8 मरारी मोहल्ला निवासी को गिरफ्तार कर लिया। इस 13 वर्षीय नाबालिक लड़की ने इस युवक द्वारा लगातार परेशान करने से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। युवक पीयूष जामरे को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। ज्ञात हो कि नगर के वार्ड नंबर 7 मरारी मोहल्ला में रूपलाल चौधरी के मकान में नाबालिक लड़की अपने परिवार के साथ रहती थी। जो कक्षा सातवीं की छात्रा थी। 16 मार्च को यह लड़की परीक्षा देकर घर आई उस समय यह लड़की घर में अकेली थी। जिसके माता-पिता और भाई रिश्तेदारी में शादी में गए थे। 4:00 बजे करीब इस लड़की ने अपने कमरे के पंखे में चुनरी बांधकर फांसी लगा ली थी। मर्ग जांच दौरान परिजनों से पूछताछ करने पर यह पाया गया कि इस लड़की को आरोपी पियूष जामरे लगातार परेशान कर रहा था घटना दिनांक को भी पीयूष जामरे लड़की के घर में घुस गया था और उसे परेशान कर रहा था। अंततः इस लड़की ने पीयूष जामरे द्वारा परेशान किए जाने से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच उपरांत कोतवाली पुलिस ने इस नाबालिक लड़की को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में पीयूष जामरे के विरूद्ध धारा 305 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पीयूष जामरे को गिरफ्तार करके 23 मार्च को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिए गया है।




किराये से देना है
दो हॉल 2500 वर्गफीट
एक दुकान 200 वर्गफीट
संपर्क -डॉ.एस.एस.पिछोड़े
(दंत रोग विशेषज्ञ)
डॉक्टर्स कॉलोनी बूढ़ी, बालाघाट
मो. 9300098851




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट